हिन्दी दैनिक

प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● सोमवार ● 16.12.2024 ● वर्ष : 15 ● अंक : 144 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

एक नजर

पूर्व मंत्री कृष्णानंद झा का निधन, सीएम ने जताया शोक

रांची : बिहार सरकार में पूर्व मंत्री और मधुपुर से पूर्व विधायक कृष्णानंद झा का आज निधन हो गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए कहा कि कृष्णानंद झा के निधन की दु:खद खबर मिली। सौम्य व्यक्तित्व के धनी थे कृष्णानंद झा। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दु:ख की यह विषम घड़ी सहन करने की शक्ति और साहस दे। झामुमो नेता मिथिलेश ठाकुर ने भी कृष्णानंद झा के निधन पर दुख प्रकट किया है।

ड्रग व हथियारों की अंतरराष्ट्रीय सप्लाई में आठ गिरफ्तार

चंडीगढ़ : पंजाब पुलिस ने राज्य के सीमावर्ती जिला अमृतसर में अभियान चलाकर अंतरराष्ट्रीय ड्रग व हथियारों की तस्करी के आरोप में आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से भारी मात्रा में हेरोइन, हथियार और ड्रग मनी बरामद की है। पुलिस सभी आरोपियों की पृष्ठभूमि खंगाल रही है। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने 4.5 किलोग्राम हेरोइन, दो ग्लॉक पिस्तौल (9 एमएम), दो पिस्तौल (30 बोर), एक पिस्तौल (32 बोर), एक जगिना पिस्तौल (30 बोर), 16 जिंदा कारतूस और 1.5 लाख की नकदी बरामद की गई है। इस मामले में थाने घरिंडा में एनडीपीएस और आर्म्स एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि इस ऑपरेशन के तहत न केवल ड्रग्स और हथियारों की तस्करी पर बड़ा प्रहार किया गया है। पुलिस का कहना है कि यह गिरोह अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स तस्करी और हथियारों की सप्लाई में सक्रिय था। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में नशे और हथियारों की तस्करी में शामिल अन्य लिंक का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

एक देश एक चुनाव के मुद्दे पर केन्द्र का समर्थन करेगी बसपा : मायावती

लखनऊ : बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने रविवार को कहा कि एक देश एक चुनाव के मुद्दे पर उनकी पार्टी केन्द्र सरकार का समर्थन करेगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यदि सरकार कोई संविधान में संशोधन अपनी पार्टी या किसी विशेष व्यक्ति व संस्था को फायदा पहुंचाने के लिए करती है तो बसपा इसका समर्थन नहीं करेगी। मायावती ने लखनऊ स्थित अपने आवास पर पत्रकार वार्ता के दौरान संसद में संविधान को लेकर हुई चर्चा का जिक्र करते हुए राजनीतिक दलों पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि संविधान की 75 वर्षों की गौरव यात्रा पर इस साल भी संसद में काफी गरम चर्चा चल रही है। इस चर्चा का महत्व व उसकी उपयोगिता तभी संभव है जब खुले मन से यह स्वीकार किया जाए कि क्या शासक वर्ग मानवतावादी व कल्याणकारी संविधान की पवित्र मंशा के हिसाब से देश के करोड़ों लोगों को रोजगार, न्याय तथा आत्मसम्मान एवं स्वाभिमान का जीवन दे पाया है।

बेंगलुरु में आत्महत्या करने वाले इंजीनियर की पत्नी गुरुग्राम से गिरफ्तार

एजेंसी

गुरुग्राम : बेंगलुरु में ससुरालियों की प्रताड़ना से परेशान होकर आत्महत्या करने वाले आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक्सपर्ट (एआई) इंजीनियर अतुल सुभाष (34) की आरोपित पत्नी निकिता सिंघानिया को हरियाणा के गुरुग्राम से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कर्नाटक पुलिस उसे बेंगलुरु लेकर चली गई। निकिता की मां व भाई को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से गिरफ्तार किया गया है। इंजीनियर अतुल सुभाष के बेंगलरू में आत्महत्या करने के बाद आरोपित पत्नी निकिता सिंघानिया और पूरा परिवार फरार हो गया था। अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए निकिता बेंगलुरू से 2141 किलोमीटर दूर हरियाणा राज्य के गुरुग्राम के सेक्टर-57 में रेल विहार फेज-2 के जेजे होम फर्निशिंग स्थित ब्लॉसम स्टेज पीजी में छीपी थी। आरोपित निकिता को तीन दिन में पेश होने के लिए बेंगलुरु पुलिस ने 13

दिसंबर को समन जारी किया था। पुलिस उसकी तलाश में जगह-जगह छापेमारी कर रही थी। बेंगलुरु पुलिस को निकिता की लोकेशन हरियाणा के गुरुग्राम की मिली। बेंगलुरु पुलिस ने गुरुग्राम पुलिस से संपर्क किया। लोकेशन के आधार पर बेंगलुरु पुलिस ने सेक्टर-57 स्थित पीजी में छापेमारी की और आरोपित निकिता को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। बता दें कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के एक्सपर्ट इंजीनियर अतुल सुभाष ने नौ दिसंबर 2024 को बेंगलुरु में आत्महत्या कर ली थी। इससे पूर्व अतुल 24 पन्नों का सुसाइड नोट भी लिया। साथ ही 90 मिनट का पत्नी और ससुरालियों की प्रताड़ना बयां करते एक वीडियो भी बनाया था। उसने एक चेक लिस्ट तैयार की। जिसमें उसने ससुरालीजनों व अलग रह रही पत्नी के उत्पीड़न का खुलासा किया था। अतुल सुभाष ने सुसाइड नोट में अपनी पत्नी द्वारा कानूनी लड़ाइयों को लिखा। उस पर हत्या, दहेज उत्पीड़न व अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने जैसे आरोप पत्नी की तरफ से लगाए गए हैं। निकिता सिंघानिया ने पति अतुल सुभाष पर दहेज में 10 लाख की मांग करना और उसके सदमें में अपने पिता की मौत का भी आरोप लगाया था। बाद में निकिता ने खुद ही यह स्वीकार किया कि यह आरोप झूठा था। पिता की मौत दिल की बीमारी के कारण हुई थी। सुभाष ने सुसाइड नोट में यह भी लिखा कि निकिता ने नाबालिग बेटे के मासिक गुजारा भत्ता के तौर पर दो लाख रुपये की मांग की है। निकिता ने शुरू में तो एक करोड़ रुपये गुजारा भत्ता मांगा था, जिसे बढ़ाकर तीन करोड़ कर दिया।

आरोपी फिरोज को संरक्षण देनेवालों पर भी होगी कड़ी कार्रवाई : एसपी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : राजधानी रांची के अपर बाजार स्थित कन्या पाठशाला के बाहर छात्राओं के साथ छेड़खानी मामले में पुलिस एक्शन में है। रांची सिटी एसपी राज कुमार मेहता ने आदेश दिया है कि राजधानी रांची में स्कूल की छात्राओं के साथ स्कूल जाते वक्त छेड़खानी करने वाले अपराधी फिरोज अली को संरक्षण देने वाले व्यक्ति और परिवार के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई की जायेगी। हालांकि अबतक उसकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है लेकिन जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा। बता दें इस मामले को लेकर रांची

पुलिस एक्टिव हो गयी है। छात्राओं के साथ छेड़खानी करने वाले वाले व्यक्ति की पहचान कर ली है। उसका नाम फिरोज अली है और वह हिंदपीढ़ी के नाला रोड के गली नंबर आठ का रहने वाला है। पुलिस ने घोषणा की थी कि पुलिस को फिरोज अली के बारे में जो सूचना देगा, उसे दस हजार रुपये का इनाम दिया जायेगा। इसके साथ ही सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जायेगा। वहीं पुलिस ने कहा कि जो व्यक्ति फिरोज अली को संरक्षण देगा या उसे पनाह देगा, उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी। इधर इस मामले में दूसरी तरफ कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में फिरोज अली की गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है। बताया जा रहा कि पुलिस ने उसकी स्कूटी बरामद कर ली है। बताते चलें कि कन्या पाठशाला स्कूल के छात्राओं के साथ छेड़खानी मामले में सीएम हेमंत सोरेन ने संज्ञान लिया है। सीएम ने रांची पुलिस को आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए सूचित करने का आदेश दिया है। सीएम के आदेश के बाद पुलिस के अधिकारी शनिवार को मौके पर जांच करने पहुंचे थे। गौरतलब है कि बीते कई दिनों से मनचले रांची के कन्या पाठशाला स्कूल के बाहर बच्चियों के साथ छेड़खानी कर रहे थे। मनचले सुबह सात बजे से सन्नाटा गली का फायदा उठाकर उनके साथ गलत हरकत करने की भी कोशिश करते थे। इस डर से बच्चियों मे स्कूल आना बंद कर दिया था।

देवेंद्र फडणवीस के मंत्रिमंडल का विस्तार, 39 मंत्रियों ने ली शपथ

एजेंसी

मुंबई : मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के मंत्रिमंडल का विस्तार हो गया। रविवार को नागपुर में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने 39 विधायकों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई है। इनमें 33 कैबिनेट और 6 राज्यमंत्री हैं। इस बार चार महिला विधायकों मंत्री बनने का अवसर मिला है, जबकि 20 नए चेहरे मंत्री समूह में शामिल किए गए हैं। मंत्रियों के विभागों का बंटवारा जल्द किए जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है। महाराष्ट्र सरकार में देवेंद्र फडणवीस के मंत्री समूह में 20 नए चेहरों को शामिल किया गया है, इनमें भाजपा के नौ, शिंदे समूह के छह और राकांपा अजीत पवार गुट के पांच विधायक शामिल हैं। देवेंद्र फडणवीस के मंत्री समूह में भाजपा नेता स्वर्गीय गोपीनाथ मुंडे की बेटी पंकजा मुंडे और भतीजे धनंजय मुंडे को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। इसी तरह स्वर्गीय भाजपा नेता पांडुरंग पुंडकर के बेटे आकाश फुंडकर को भी देवेंद्र फडणवीस के मंत्री समूह में जगह मिली है। फडणवीस के मंत्री समूह में अनुभवी मंत्रियों के रुप में चंद्रकांत पाटिल, राधाकृष्ण विखे पाटिल, चंद्रशेखर बावनकुले, गिरीश महाजन, गणेश नाईक, मंगलप्रताप लोढ़ा शामिल हैं। शपथ ग्रहण समारोह में मालाबार हिल, मुंबई के विधायक मंगलप्रताप लोढ़ा ने संस्कृत भाषा में शपथ ली है। उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत मिलने के बाद भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने मुंबई में 5 दिसंबर को तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। देवेंद्र फडणवीस के साथ ही शिवसेना शिंदे समूह के एकनाथ शिंदे और राकांपा एपी के अजीत पवार ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ थी।

लैंड डिजिटाइजेशन झारखंड के लिए सही नहीं : कृषि मंत्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

पलामू : राज्य की कृषि,पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की रविवार को पलामू पहुंची । वहां जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें छोटे किसानों को ध्यान में रखकर योजनाओं के क्रियान्वयन का निर्देश दिया। अधिकारियों को सप्ताह में दो दिन फील्ड में जाकर योजनाओं का निरीक्षण करने का आदेश दिया। कृषि मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी जिलों का भ्रमण कर मंत्री विभागीय कार्य की स्थिति का जायजा लेंगे। किसान हित में जो कार्रवाई नहीं करेंगे उनपर कार्रवाई होगी। लैंप्स और पैक्स के भौतिक निरीक्षण का आदेश दिया। यदि वह गड़बड़ी करते हैं तो उसे रद्द कर नया अध्यक्ष चुनें। मंत्री ने कहा कि

सरकार जरिये विभिन्न फसलों के लिए दिए जा रहे बीज किसानों तक पहुंचे इसकी मॉनिटरिंग होगी। ब्लॉक चेन मैकेनिज्म डेवलप कर सही किसानों को इसका लाभ दिया जाएगा।मंत्री ने कहा कि मछली उत्पादन को बढ़ाना है। इसमें काफी संभावनाएं हैं। नील गाय की समस्या को दूर करने पर भी विभागीय स्तर पर काम किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि किसानों को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिले इसलिए जमीन का ऑफ लाइन रसीद काटने का व्यवस्था होना चाहिए। लैंड डिजिटलाइजेशन झारखंड के लिए सही नहीं है। इसके कारण किसान जमीन को ऑनलाइन कराने के लिए परेशान हैं। जमीन ऑनलाइन हो नहीं पा रहा है। इससे किसानों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। केंद्र की इस योजना के वह खिलाफ हैं। लैंड रिकॉर्ड डिजिटलाइजेशन के लिए खतियान यहां नहीं है। इस कारण जमीन की रसीद नहीं कट पा रही है, जिससे कृषि संबंधित योजनाओं से लोग वंचित हो रहे हैं।

जेएसएससी सीजीएल परीक्षा को लेकर आज जुटेंगे परीक्षार्थी, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : जेएसएससी की संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए राज्य के आक्रोशित हैं। आक्रोशित परीक्षार्थियों का जेएसएससी कार्यालय समक्ष सोमवार को महाजुटान होने वाला हैं। हालांकि जेएसएससी परीक्षा में अनियमितता से इनकार कर रहा है। इस विरोध प्रदर्शन को लेकर राज्य के विभिन्न जिलों में कैंडिडेट्स के बीच संदेश भेजे गए हैं और हजारों की संख्या में पहुंचने की संभावना हैं। इसे देखते हुए पुलिस ने जेएसएससी कार्यालय के आसपास के इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया है। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रांची पुलिस ने पुख्ता इंतजाम कर रखा है। नामकुम स्थित जेएसएससी कार्यालय और पहुंचने वाले सभी सड़कों पर बैरिकेडिंग कर दी गई

है। सुरक्षा में 2500 पुलिसकर्मी और अधिकारी तैनात किए गए हैं। वहीं पुलिस ने फायर ब्रिगेड, वाटर कैनन और वज्र वाहन को भी तैनात कर दिया है। जिससे कि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सकेगा। वहीं हिंसक प्रदर्शन से निपटने की पूरी तैयारी है। इसके अलावा पूरे इलाके को हाई सिक्योरिटी जोन घोषित कर दिया गया है। पुलिस वीडियोग्राफी करा रही है। वहीं इलाके में ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है। जेएसएससी कार्यालय से 100 मीटर पहले ही आवागमन पर रोक लगा दिया गया है। वहीं सदाबहार चौक के 500 मीटर दायरे में 20 दिसंबर तक धारा 163 लागू कर दी गई है । कैंडिडेट्स का आरोप है कि 21 सितंबर को आयोजित परीक्षा के परिणाम में केवल 82 कैंडिडेट उत्तीर्ण हुए थे, जबकि 22 सितंबर को आयोजित परीक्षा के परिणाम में 2149 कैंडिडेट्स को उत्तीर्ण घोषित किया गया। कैंडिडेट्स का कहना है कि कटऑफ जारी नहीं किया गया और कम अंक प्राप्त करने वाले कैंडिडेट्स को भी उत्तीर्ण घोषित कर दिया गया। अनियमितता को लेकर कैंडिडेट्स ने सीबीआई से जांच की मांग की है। उनका कहना है कि परीक्षा में घोटाले का पदार्फाश करने के लिए एक स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच जरूरी है। जेएसएससी ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा है कि परीक्षा में कोई अनियमितता नहीं हुई है। आयोग की ओर से कहा गया है कि कैंडिडेट्स द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों से यह साबित नहीं होता कि पेपर लीक हुआ था। उन्होंने कहा कि सीजीएल रिजल्ट जारी करने की बात भी गलत है और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए मेरिट लिस्ट जारी की गई है जो 16 से 20 दिसंबर तक चलेगी। राज्य सरकार ने भी इस मामले में संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने परीक्षा में अनियमितता के आरोपों की जांच सीआईडी से करने का आदेश दिया है।

छत्तीसगढ़ पुलिस नक्सलियों के ताबूत में आखिरी कील ठोकने को तैयार : अमित शाह

एजेंसी

रायपुर : छत्तीसगढ़ की पुलिस नक्सलियों के ताबूत में आखिरी कील ठोकने की तैयारी में है। यह बात केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित राष्ट्रपति निशान अलंकरण समारोह में कही। उन्होंने नक्सलियों से हथियार छोड़कर मुख्य धारा में लौटने की अपील की। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि प्रदेश की पुलिस ने कानून-व्यवस्था और नक्सल मोर्चे के साथ ही कोरोना महामारी में भी बहुत अच्छा काम किया है। केंद्र और राज्य सरकार छत्तीसगढ़ और देश को नक्सलमुक्त बनाने के लिए

पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 31 मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ और देश से नक्सलवाद का पूर्णतः खात्मा हो जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने राज्य की पुलिस को राष्ट्रपति निशान (पुलिस कलर्स अवार्ड-2024) सौंपा। यह देश के सशस्त्र बलों को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। विगत 24 वर्षों में छत्तीसगढ़ पुलिस की असाधारण सेवाओं, बहादुरी और कर्तव्यपरायणता के लिए राज्य को यह सम्मान मिला है। शाह ने राष्ट्रपति निशान अलंकरण समारोह में छत्तीसगढ़ पुलिस को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रपति का पुलिस कलर्स अवार्ड केवल एक सम्मान नहीं है, यह सेवा और कर्तव्य का प्रतीक है। छत्तीसगढ़ पुलिस ने नक्सलवाद, संगठित अपराध और मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में जो साहस और प्रतिबद्धता दिखाई है, वह अभूतपूर्व है। छत्तीसगढ़ पुलिस देश के सर्वश्रेष्ठ और बहादुर पुलिस बलों में से एक बनकर उभरा है। उन्होंने छत्तीसगढ़ पुलिस की तारीफ करते हुए कहा कि उसने न केवल कानून और व्यवस्था को बनाए रखा है, बल्कि जनता के विश्वास को भी मजबूत किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राष्ट्रपति का पुलिस कलर्स अवार्ड पुलिस बल के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा, उनका हौसला और मनोबल बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की जांबाज पुलिस को राष्ट्रपति निशान सौंपना मेरे लिए भी गर्व की बात है। यह सम्मान छत्तीसगढ़ की पुलिस की कड़ी मेहनत, समर्पण और जनता के प्रति लगाव का द्योतक है। उन्होंने समारोह में देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल को आज उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने देश को एकता के सूत्र में पिरोने का जो कार्य किया, उसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अनुच्छेद-370 को हटाकर और मजबूत किया है।

तेजस्वी का एलान, महिलाओं के सम्मान में ला रहे 'माई-बहिन मान योजना'

एजेंसी

पटना : बिहार में 2025 के विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। तेजस्वी यादव ने महिलाओं के लिए 'माई-बहिन मान योजना' की घोषणा की। इस योजना के तहत, हर महिला को हर महीने 2500 रुपए मिलेंगे। तेजस्वी ने 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने का भी वादा दोहराया। उन्होंने नीतीश कुमार सरकार पर महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को लेकर निशाना साधा। तेजस्वी ने कहा कि अफसरशाही हावी है और सरकार नाम की कोई चीज नहीं बची। उन्होंने डीएमसीएच को बचाने और दरभंगा में एम्स खोलने की अपनी भूमिका भी बताई। तेजस्वी ने जनता से 2025 में मौका देने

की अपील की। इसकी जानकारी देते हुए तेजस्वी यादव ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा है कि महिलाओं का आशीर्वाद जहां है, सुख-समृद्धि का वास वहां है। इसी मंत्र पर चलते हुए बिहार की हर महिला को हम सक्षम बनाना चाहते हैं। जब महिलाओं को ताकत मिलती है, परिवार और समाज खुद मजबूत हो जाते है।

एक नजर

पंचायत में धान क्रय केंद्र का हुआ उद्घाटन

बरही : बरही प्रखंड के मलकोको पंचायत में धान क्रय केंद्र का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव और मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय यादव ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। धान क्रय केंद्र की स्थापना से क्षेत्र के किसानों को अब अपनी फसल बेचने के लिए बेहतर सुविधा और उचित मूल्य मिलने की उम्मीद है। जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव ने इस पहल को किसानों की आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव ने अपने संबोधन में कहा कि यह केंद्र किसानों के लिए एक बड़ा कदम है। इससे उन्हें फसल बिक्री में किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस मौके पर पैक्स अध्यक्ष लक्ष्मण कुमार, इंदो महतो, संजय यादव, जितेंद्र रवानी, मुकेश कुमार, राजू राणा, महेंद्र गोप, केदार यादव, प्रकाश यादव सहित कई अन्य गणमान्य लोग और ग्रामीण मौजूद थे।

वैष्णो देवी दर्शन को गए मकान मालिक, घर में चोरों ने किया हाथ साफ

बरही : बरही के साधनापुरी में चोरी की एक घटना सामने आई है। यह घटना अभयजीत वर्णवाल के घर पर घटी, जो स्वर्गीय नरेशलाल वर्णवाल के पुत्र हैं। चोरों ने घर से नकद 25,000 रुपये और लगभग 6 लाख रुपये मूल्य के आभूषण चोरी कर लिए। जानकारी के अनुसार अभयजीत वर्णवाल और उनकी पत्नी 6 दिसंबर को वैष्णो देवी के दर्शन के लिए घर से निकले थे। उनके गैर-मौजूदगी में चोरों ने उनके घर को निशाना बनाया। स्थानीय लोगों ने घर के दरवाजे को टूटा और खुला पाया, जिसके बाद तुरंत मकान मालिक को सूचना दी गई। चोरों ने घर के पांचों दरवाजों की कुंडियां तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। उन्होंने गोदरेज में रखा लगभग नकद 25,000 रुपये और लगभग 6 लाख रुपये के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। इस घटना से इलाके में दहशत फैल गई है। घटना की जानकारी मिलने पर मकान मालिक के भाई ने बरही थाना को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया, लेकिन मकान मालिक के बाहर होने के कारण अब तक कोई औपचारिक प्राथमिकी दर्ज नहीं हो पाई है। स्थानीय लोगों ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और चोरों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और जल्द ही चोरों को पकड़ा जाएगा।

मीडिया प्रतिनिधियों एवं पुलिस अधिकारियों के सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

साहिबगंज : पुलिस लाइन मैदान में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह की अध्यक्षता में रविवार को विधानसभा आम चुनाव 2024 के परिपेक्ष्य पुलिस अधिकारियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों को सम्मानित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला पुलिस प्रशासन साहिबगंज के तत्वाधान से विधानसभा आम चुनाव 2024 के परिपेक्ष्य पुलिस अधिकारियों एवं जिला के सभी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, प्रिंट मीडिया के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया और प्रशस्ति पत्र दिया गया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने विधानसभा आम चुनाव 2024 में शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर बेहतर कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों, और मीडिया प्रतिनिधिगण को विधानसभा चुनाव में सहयोग करने को लेकर सम्मान समारोह में आभार व्यक्त किया। वही मौके पर जिला के सभी पुलिस अधिकारी एवं सभी थाना प्रभारी, मीडिया के प्रतिनिधि गण मौजूद थे।

श्रीनिवास डायग्नोस्टिक ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर, शुगर एवं हीमोग्लोबिन की हुई जांच

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

हजारीबाग : हजारीबाग शहर के गांधी मैदान में श्रीनिवास डायग्नोस्टिक ने दिन रविवार को हेल्थ चेकअप जांच शिविर का आयोजन किया। जिसमें सुगर एवं हीमोग्लोबिन का जांच मुफ्त किया गया। इसमें 65 से अधिक जरूरतमंदों ने सुगर एवं हीमोग्लोबिन का जांच एवं उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श प्राप्त किया। साथ ही कई लोगों ने अन्य जांच का परामर्श प्राप्त किया। इस दौरान अन्य जांच पर बाजार से किफायती दर पर उपलब्ध होने से कई जरूरतमंदों ने पंजीकरण कराया। जरूरतमंदों लोगों ने बताया कि सप्ताहिक छुट्टी रविवार के दिन पब्लिक पलेस में इस प्रकार की जांच से आमजन में काफी राहत पहूंचेगा। गंभीर बिमारियों का पूर्वत जानकारी होने से गंभीर बीमारियों से बचाव एवं राहत मिलेगा। ज्ञात हो कि श्रीनिवास डायग्नोस्टिक रविन्द्र पथ मिशन रोड स्थित मिशन होस्पिटल के परिसर में सेवारत है। जिसमें शरीर पूरा जांच आधुनिक तरीके एवं किफायती दर पर उपलब्ध है। पूरा शरीर का जांच में सीबीसी, थायराइड प्रोफाइल, लिवर फंक्शन टेस्ट, किडनी फंक्शन टेस्ट, वसा प्रालेख एचबीए, आरबीएस, इलेक्ट्रोलाइट, विटामिन-डी, विटामिन बी, ई.सी.जी यूएसजीडब्ल्यू, छाती का एक्स-रे एवं मुत्र का जांच सहित कई जांच के अलावे निशुल्क डॉक्टर्स परामर्श भी उपलब्ध है। मौके पर श्रीनिवास डायग्नोस्टिक संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि सुगर की बिमारी एवं हीमोग्लोबिन संबंधित बिमारी काफी सामान्य होते जा रही है। विशेष पहल के साथ हेल्थ चेकअप कैंप में सुगर एवं हीमोग्लोबिन की जांच निशुल्क लोगों के लिए उपलब्ध करवा रहें हैं। ताकि समय से पूर्व सुगर एवं हीमोग्लोबिन संबंधित बिमारी का उपचार कराकर घातक एंव गंभीर बीमारियों से लोगों को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक रूप से पूरा शरीर जांच उपलब्ध करना हमारी प्राथमिकता है। गरीब एवं मीडिल क्लास फैमली को इसका शतप्रतिशत लाभ मिल रहा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में लोगों को राहत पहूंचाने के लिए हमेशा से श्रीनिवास डायग्नोस्टिक की टीम कार्यरत है। मौके पर श्रीनिवास डायग्नोस्टिक से पिंकू कुमार, दीपक कुमार, अजरा निगार, रश्मि देवी, नर्सिंग छात्र पूजा कुमारी, अनुश्री कुमारी एवं कात्यनी कुमारी सहित कई स्वास्थ्य कर्मी काफी सक्रियता से जुटे रहे।

वर्षों से बंद शेर शाहबादी प्रमाण पत्र हुआ निर्गत : विधायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

साहिबगंज/राजमहल : विगत कई वर्षों से शेर शाहबादी प्रमाण पत्र निर्गत नहीं होने से क्षेत्र के युवाओं को नौकरी एवं रोजगार के अवसर में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। लगातार इसकी मांग क्षेत्र के लोग कर रहे थे। जिसको लेकरक्षेत्रीय विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने कहा कि चुनाव से पूर्व राजमहल की सभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को आश्वासन दिया गया था कि प्रमाण पत्र निर्गत करने की दिशा में आदेश दिया जाएगा। सरकार बनते ही यह तोहफा क्षेत्र के लाखों लोगों के लिए समर्पित किया गया। आज शेर शाह वादी प्रमाण पत्र निर्गत होने लगा। प्रमाण पत्र निर्गत होने को लेकर हर्ष व्यक्त करते हुए युवाओं की एक शिष्टमंडल क्षेत्रीय विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। युवाओं ने कहा कि लाखों युवा अब रोजगार और नौकरी से जुड़ने का अवसर प्राप्त कर सकेंगे। इधर विधायक ने अंचल अधिकारियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि प्रमाण पत्र निर्गत में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न नहीं हो इसका विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। अगर कहीं समस्या उत्पन्न होती है तो समन्वय स्थापित कर तुरंत निष्पादन करते हुए प्रमाण पत्र को निरंतर निर्गत करने की प्रक्रिया जारी रखेंगे।

यूथ विंग ने शीतकालीन राहत अभियान के तहत 200 कंबल का किया वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

हजारीबाग : हजारीबाग यूथ विंग द्वारा शीतकालीन राहत अभियान के तहत इस रविवार को 200 कंबल का वितरण किया गया। यह अभियान प्रति रविवार को आयोजित किया जा रहा है, जिसके तहत जरूरतमंदों को सर्दी से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कंबल वितरित किए जाते हैं। इस रविवार को कंबल वितरण का कार्यक्रम नगवां टोल प्लाजा के समीप आयोजित किया गया। इसके साथ ही दूसरा कार्यक्रम बड़ा बाजार चौक पर आयोजित किया गया, जहां जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरित किए गए। यह कार्यक्रम हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा पूरे सर्दी के मौसम तक, फरवरी 2025 तक, प्रत्येक रविवार को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को विशेष रूप से सफल बनाने हजारीबाग यूथ विंग के अभिभावक स्वरूप सुरेंद्र खण्डेलवाल, सरजू यादव संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, सचिव संजय कुमार, सहसचिव डॉक्टर बी वेंकटेश, उपाध्यक्ष विकाश केशरी, जय प्रकाश खण्डेलवाल, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद खण्डेलवाल, गुंजन मद्धेशिया, मोहम्मद ताजुद्दीन, विकाश तिवारी, शम्पा बाला, उदित तिवारी,प्रिंस कसेरा, अभिषेक पांडे, प्रवेक जैन, सिद्धू सिंह चौहान, मानी देवी, दीपक कुमार, अमर कुमार, डिम्पल कुमारी, टुक टुक कुमार सहित कई लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

विधायक प्रदीप प्रसाद ने किया धान अधिप्राप्ति केन्द्र का उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

हजारीबाग : सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी प्रखंड के बाझा गांव में प्राथमिक कृषि साख समिति धान अधिप्राप्ति केन्द्र का शुभारंभ हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण, किसान, स्थानीय जनप्रतिनिधि, पंचायत समिति के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पैक्स की भूमिका, महत्व और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गई। पैक्स का उद्देश्य किसानों और ग्रामीण समुदाय को सशक्त बनाना है। इसके तहत किसानों को उन्नत कृषि उपकरण, बीज, खाद, कीटनाशक और अन्य सुविधाएं रियायती दर पर उपलब्ध होंगी। साथ ही समय पर कृषि ऋण और उत्पाद के भंडारण व विपणन की सुविधा भी दी जाएगी। प्रदीप प्रसाद ने कहा की आज का दिन बाझा और आसपास के ग्रामीणों के लिए ऐतिहासिक है। यह पैक्स न केवल कृषि गतिविधियों को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि किसानों के सपनों को साकार करने का एक प्रमुख साधन बनेगा। हमारी प्राथमिकता है कि हर किसान आत्मनिर्भर बने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो। इसके माध्यम से किसानों को न केवल बेहतर संसाधन मिलेंगे, बल्कि वे अपने उत्पादों को बाजार में बेहतर कीमत पर बेच सकेंगे। सरकार की योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचे, यही हमारा लक्ष्य है। मैं सभी किसानों से अपील करता हूं कि इस सुविधा का अधिकतम लाभ उठाएं और अपने जीवन स्तर को बेहतर बनाएं। विधायक ने अपने संबोधन में इस बात पर भी जोर दिया कि केंद्र सरकार ग्रामीणों के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पैक्स के माध्यम से युवाओं और महिलाओं को भी स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे, जिससे क्षेत्र में रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा।

धरमपुर पंचायत में झारखंड मजदूर संघ की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बरहरवा/पतना : प्रखंड के धरमपुर पंचायत सचिवालय के बगल में इमली पेड़ के नीचे झारखंड मजदूर संघ के जिला सहायक मंत्री शकुंतला दास की अध्यक्षता बैठक हुई। बैठक में प्रस्तावित 21 दिसंबर 2024 को बाकुडी रेलवे मैदान में केंद्रीय अधिवेशन होने वाले कार्यक्रम की सफलता को लेकर बरहरवा,पतना एवं बरहेट प्रखंड के प्रमुख कार्यकताओं के साथ चर्चा किया गया। बैठक में केंद्रीय अधिवेशन की सफलता को लेकर 18 से 20 दिसंबर तक रणधीर प्रसाद चौरसिया के नेतृत्व में नुक्कड़ सभा होगी। वही इस अधिवेशन में केंद्रीय पदाधिकारियों का चयन और उत्थान के लिए संकल्प लिया जाएगा। बैठक में केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव, जिला अध्यक्ष मिथुन कुमार यादव, लपसा हंसदा, रणधीर प्रसाद चौरसिया, फूल कुमारी देवी, आशा दास सहित अन्य लोग मौजूद थे।

हेल्थ चेकअप कैंप का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

हजारीबाग : शहर के मधुबन धर्मशाला में पारस हॉस्पिटल रांची और रोटरी क्लब के संयुक्त प्रयास से एकदिवसीय हेल्थ चेकअप कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रदीप प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। हेल्थ चेकअप कैंप में हृदय रोग विशेषज्ञ महेश कुशवाहा ने दर्जनों मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच करते हुए परामर्श दिया। विधायक का आयोजन मंडली द्वारा गर्मजोशी से स्वागत और अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पारस हॉस्पिटल के प्रतिनिधि आयुष कुमार ने विशेष रूप से उपस्थिति दर्ज कराई और कैंप की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। कैंप में विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं निशुल्क प्रदान की गईं, जिनमें रक्तचाप जांच, शुगर जांच, नेत्र परीक्षण, हड्डी व जोड़ रोग परामर्श, और अन्य सामान्य स्वास्थ्य जांच शामिल थीं। हेल्थ चेकअप कैंप में हजारीबाग और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने रोगियों को निशुल्क परामर्श दिया और आवश्यकतानुसार उपचार के लिए मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और आम जनता को स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता प्रदान करना था। विधायक प्रदीप प्रसाद ने आयोजन के प्रति अपनी सराहना व्यक्त करते हुए कहा की पारस हॉस्पिटल और रोटरी क्लब का यह प्रयास न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को जनसामान्य तक पहुंचाने में सहायक है, बल्कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने में भी अहम भूमिका निभाता है। ऐसी पहलें ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में आवश्यक हैं। हेल्थ चेकअप कैंप में मरीजों को निःशुल्क परामर्श देते हुए डॉ महेश कुशवाहा ने कहा कि निश्चित तौर पर आज हृदय रोगियों की संख्या बढ़ रही है जिसको हमारी सतर्कता से कम किया जा सकता है जैसे नियमित रूप से व्यायाम, संतुलित भोजन, शाकाहारी भोजन , सलाद , फल का सेवन करें ' आगे उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जीवन अनमोल है किसी भी तरह के रोग का लक्षण दिखे तो तुरंत चिकित्सीय परामर्श लें और इलाज करायें आयोजन समिति ने कैंप को सफल बनाने में जुटे सभी डॉक्टरों, कर्मचारियों और सहयोगी संगठनों का आभार प्रकट किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन होता रहेगा ताकि हर व्यक्ति तक आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं पहुंच सकें।

संक्षिप्त खबरें

बादम पैक्स अध्यक्ष के चुनाव के लिए नामांकन आज

बड़कागांव : प्रखंड अंतर्गत बादम पंचायत के पैक्स अध्यक्ष के चुनाव के लिए नामांकन आज सोमवार को होगा। बीसीओ भूपेंद्र महतो ने बताया के कार्यकारी अध्यक्ष मुदस्सर अकबर के देखरेख में नामांकन प्रक्रिया और चुनाव संपन्न होगा। बीसीओ ने कहा की 16 दिसंबर को सुबह 10 बज से 12 तक नामांकन दाखिल किया जाएगा। 12 बजे से 2 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 2 :30 बजे नामांकन पत्रों की सूची का प्रदर्शन किया जाएगा। 17 दिसंबर को प्रात: 10 बजे से 12 बजे तक नामांकन पर आपत्ति प्राप्त की जाएगी। 12 से 2 बजे तक आपत्तियों का निष्पादन किया जाएगा। 2 :30 बजे विद्यमान्य नामांकन की सूची का प्रदर्शन किया जाएगा। 3 से 3 :30 बजे तक नामांकन वापसी किया जाएगा। अगर कोई नामांकन वापसी होती है तो दोबारा नामांकन सूची का प्रदर्शन किया जाएगा। 4 :30 बजे चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जाएगा। 27 दिसंबर को प्रात: 9 बजे से 3 बजे तक मतदान होगा। चुनाव समाप्ति के पश्चात तुरंत मतों की गिनती की जाएगी। उक्त सभी कार्यक्रम पंचायत भवन बादम के प्रांगण में संपन्न होगा। कुल 486 मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे।

सांसद एवं विधायक ने संयुक्त रूप से उपलब्ध कराया 100 केवीए का ट्रांसफार्मर

बड़कागांव : हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल एवं विधायक रोशन लाल चौधरी के द्वारा डाडीकला पंचायत के चेपाखुर्द में ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया गया। ज्ञात हो कि 10 दिसंबर को शाम में ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना भाजपा के सांसद प्रतिनिधि को दी गई जिसमें त्वरित कार्रवाई करते हुए कार्यकताओं के द्वारा सांसद मनीष जायसवाल एवं विधायक रोशन लाल चौधरी को संयुक्त रूप से पहुंचाई गई। जिस पर उन्होंने त्वरित संज्ञान में लेते हुए पहल कर ग्रामीणों को 12 दिसंबर को ट्रांसफार्मर ग्रामीणों को उपलब्ध करवाया। मौके पर भाजपा कार्यकताओं ने कहा कि किसी भी तरह की प्रखंड में समस्या हो तो इसकी सूचना भाजपा प्रतिनिधियों को दें समस्या का समाधान तुरंत करने का प्रयास किया जाएगा। ग्रामीणों को ट्रांसफार्मर मिलने पर खुशी का माहौल देखा गया। ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन बड़कागांव के विधायक रोशन लाल चौधरी के द्वारा संयुक्त रूप से की गई। जिसमें मुख्य रूप से बडकागांव विधायक रोशनलाल चौधरी, सांसद प्रतिनिधि अनिल मिश्रा, आजसू के जिला उपाध्यक्ष कामेश्वर महतो, अनुज यादव , प्रकाश महतो, सरोज यादव, तारकेश्वर महतो समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

लौहपुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल को दी गई श्रद्धांजलि

हजारीबाग : जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में लौहपुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 74 वीं पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनहे श्रद्धांजलि अर्पित की गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव नें कहा कि भारत का लौहपुरुष स्वाधीना संग्राम का गांधी जी का प्रमुख सेनानी विलक्षण प्रतिभा का धनी व्यक्तित्व भारतीय इतिहास में एक असंभव कार्य को संभव कराकर अजर-अमर हो गया । पांच सौ से अधिक रियासतों को विलीन कर सारे देश की जनता में एकात्मता का भाव निर्माण किया। उनकी इसी कार्यशैली सै वे लौहपुरूष कहलाए। मौके पर प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, लाल बिहारी सिंह, दिलीप कुमार रवि, दिलदार अंसारी, सदरूल होदा, अर्जुन सिंह, गुड्डू सिंह , मिथिलेश दुबे, अनिल कुमार भुईया, अर्जुन नायक, अमर सिंह यादव, सुरेन्द्र कुमार सिंह, राजू चौरसिया, मुगेश्वर प्रसाद चौथरी आदि उपस्थित थे ।

बांग्लादेशी घुसपैठियों से प्रभावित हो रहीं सामाजिक व राजनैतिक गतिविधियां : बीरेंद्र राय

बरहरवा/साहिबगंज : रविवार को भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बीरेंद्र राय साहेबगंज जिला पहुंचे जहां उन्होंने बरहरवा नगर पंचायत के बोहरा गेस्ट हाउस में संगठन का महापर्व सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया,तत्पश्चात बरहरवा नगर के सुप्रसिद्ध मंदिर बिंदुधाम मंदिर अपने कार्यकताओं के साथ पहुँचकर माँ विन्दुवासनी का आशीर्वाद लिया,जसके बाद बरहरवा नगर के डायमण्ड लॉज में प्रेस कांफ्रेंस जारी कर कहा कि भारतीय जनता पार्टी व्यापक ढंग से बड़े पाने पर सभी विधानसभा क्षेत्रों में सदस्यता अभियान संचालित करने जा रही है जिसमें केवल साहिबगंज जिला में 2 लाख से अधिक की संख्या में सदस्यता अभियान के माध्यम से सदस्यों को संगठन से जोड़ा जाएगा वहीं आगामी 21 दिसंबर से उक्त सदस्यता अभियान का प्रारंभिक संचालन की शुरूआत जिलों के मंडल एवं बूथ स्तर पर कार्यशाला का आयोजन कर अभियान को बल दिया जाएगा। वही 25 दिसंबर को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के स्वर्ण जयंती के रूप में भारतीय जनता पार्टी लाखों सदस्यों को जोड़कर एवं वन भोज के माध्यम से जयंती मनाएंगे। मीडिया से रूबरू होते हुए राय ने झारखंड प्रदेश पर बांग्लादेशी घुसपैठियों को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि साहिबगंज पाकुड़ सहित अन्य जिलों में भी बांग्लादेशी घुसपैठियों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है और यह संख्या सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों एवं शांति व्यवस्था को पूर्ण रूप से प्रभावित कर रही है भारतीय जनता पार्टी इसका पुरजोर विरोध करती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में बांग्लादेशी घुसपैठियों के इस अहम मुद्दों को लेकर किसी प्रकार की कोई चिंता और कार्रवाई की गतिविधि नहीं दिखाई दे रही है बल्कि चुनाव में बांग्लादेशी घुसपैठियों की जनसंख्या को लेकर मुखिया स्तर से लेकर विधायक, सांसद सभी अपना वोट बैंक बनाकर अपने राजनीतिक फायदे उठा रही है।

एक नजर

रांची में तालाब से मिला अज्ञात शव

रांची : शहर के चुटिया थाना क्षेत्र अंतर्गत नायक टोली तालाब में रविवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। स्थानीय लोगों ने तालाब में शव देखकर इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। शव के पास से कोई पहचान पत्र या अन्य दस्तावेज नहीं मिले हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि आसपास के लोगों से शव की शिनाख्त कराने पर किसी ने भी शव की पहचान नहीं की। पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

कांके का पारा पहुंचा 2.4 डिग्री सेल्सियस सात जिलों में शीतलहर का अलर्ट जारी

रांची : झारखंड में पड़ रही कड़ाके की ठंड अब लोगों को सता रही है। राज्य के कई जिलों में रात के समय तापमान लगातार गिर रहा है। ऐसे में लोग दिन में भी अलाव जलाकर बैठने को मजबूर हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, आज कांके का न्यूनतम तापमान 2.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। जबकि यहां का अधिकतम तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस है। मौसम विभाग की माने तो आज राज्य के 7 जिलों में हाड़ कंपाने वाली ठंड पड़ सकती है। जिसे लेकर शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इन 7 जिलों में बोकारो, धनबाद, रामगढ़, गढ़वा, पलामू, चतरा और गुमला शामिल हैं।बता दें कि बीते 24 घंटों में राज्य के सभी इलाके का न्यूनतम तापमान लगभग 10 डिग्री रहा। इस दौरान रांची के मैक्लुस्कीगंज में न्यूनतम तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस रहा। राज्य का सबसे ज्यादा ठंडा जिला गढ़वा रहा, जहां न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के अनुसार, राज्यवासियों को फिलहाल इस कड़ाके की ठंड से राहत नहीं मिलने वाली है। ऐसे में अगर लोगों को ठंड लग जाती है, तो उन्हें तुरंत डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए। इसके साथ ही लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा भी ले सकते हैं।

130 करोड़ गबन मामले में पुलिस की कार्रवाई, खाताधारकों को भेजा गया नोटिस

रांची: झारखंड सरकार के दो बड़े विभागों से 130 करोड़ रुपये की ठगी के मामले में सीआईडी की जांच तेजी से चल रही है। अब उन सभी खाताधारकों को नोटिस जारी किया गया है, जिनके खातों में पैसे ट्रांसफर किए गए थे। जालसाजों ने 130 करोड़ रुपये गबन करने के लिए सैकड़ों खाते खोले थे। झारखंड पर्यटन विकास निगम लिमिटेड, झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड और झारखंड ऊर्जा उत्पाद निगम लिमिटेड के खातों से 130 करोड़ रुपये के गबन के मामले में एसआईटी की जांच लगातार जारी है। जांच में यह बात सामने आई है कि झारखंड समेत पश्चिम बंगाल के नौ सौ खाताधारकों के खातों में सरकारी पैसे ट्रांसफर किए गए थे। अब एसआईटी ने उन सभी खाताधारकों को नोटिस भेजा है। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि नोटिस के जरिए खाताधारकों से उनके खाते की पूरी जानकारी मांगी गई है। साथ ही उन्हें अपने खाते में आई रकम की जानकारी देने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कहा गया है कि अगर वे राशि के बारे में जानकारी नहीं देते हैं, तो ऐसी स्थिति में उन्हें भी दोषी माना जाएगा और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार, अब तक दो सौ से अधिक खाताधारकों को नोटिस भेजा जा चुका है। बताया जा रहा है कि राशि गबन करने के बाद अपराधियों ने झारखंड, पश्चिम बंगाल समेत अन्य राज्यों के नौ से अधिक लोगों के खाते में राशि ट्रांसफर की है।

रेलवे की जमीन पर चला बुलडोजर 200 परिवारों का उजड़ा आशियाना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : रेलवे ने रविवार को जिला प्रशासन के सहयोग से बायपास रोड पर स्थित रेलवे की जमीन से अतिक्रमण हटाया है। अतिक्रमणकारियों के विरोध के बीच आरपीएफ और जिला प्रशासन की टीम ने रविवार को 75 से अधिक अवैध घर तोड़ दिये। अतिक्रमण हटाने के दौरान बायपास रोड जाम रहा। इससे पहले शनिवार को भी प्रशासन ने अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया था, जिसमें 117 अवैध दुकानों, मकानों और झोपड़ियों को बुलडोजर से ढाह दिया था। इस तरह दो दिनों तक चले अभियान में 200 परिवार बेघर हो गये। बता दें कि एक महीने पहले रेलवे ने नोटिस दिया। प्रशासन ने शुक्रवार की शाम में अतिक्रमण हटाने की घोषणा की थी।

अपने आशियाने को उजड़ता देख आंखों से छलक पड़े आंसू

इधर 20 सालों से अधिक समय से रह रहे लोग अपने आशियाने को उजड़ता देख उनके आंखों से आंसू छलक पड़े। अतिक्रमण की वजह से एक ही झटके में उनका आशियाना उजड़ गया। सामान भी सड़कों के किनारे बिखरे पड़े हैं। इनमें से कुछ लोग अपने सामान के साथ नये आशियाने की तलाश में निकल पड़े। जबकि कुछ वहां चिंतित बैठे हैं। पीड़ित परिवारों का कहना है कि कही रेंट पर घर नहीं मिला है, जब तक कुछ व्यवस्था नहीं हो जाता, तब तक रोड पर रहने को मजबूर हैं। उन्होंने सरकार से मदद की गुहार लगायी है।

ओवरब्रिज और रेलवे लाइन का होना है निर्माण

रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर लाइन प्रफुल बड़ा ने बताया कि बिरसा चौक पर मौजूद पुराने ओवरब्रिज को तोड़कर नया ब्रिज बनाया जाना है। नया ब्रिज करीब 15 करोड़ रुपये की लागत से बनायी जायेगी। इसे दो वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा नये ब्रिज के नीचे दो अतिरिक्त रेलवे लाइन बिछायी जायेगी और इसे यार्ड से जोड़ा जायेगा। बता दें सात वर्ष पहले रेलवे का एक ब्रिज बनाया गया था। जिससे एचईसी की ओर से बिरसा चौक और हिनू की ओर आवागमन होता है। लेकिन पुराने ब्रिज के संकीर्ण होने से जाम की स्थिति बनी रहती है।

जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में धांधली की साजिश के पीछे सीएम का हाथ : बाबूलाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रविवार को हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा कि जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में धांधली की साजिश के पीछे मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का हाथ है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में धांधली की साजिश के पीछे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का हाथ साफ नजर आता है। पहले हेमंत सोरेन के जरिये सीआईडी जांच का झूठा आश्वासन दिया गया, फिर जेएसएससी ने खुद को क्लीन चिट दे दी। अब छात्र आंदोलनकारियों की गिरफ्तारी के सख्त आदेश जारी कर सरकार ने युवाओं की आवाज दबाने की साजिश रच दी है। उन्होंने रविवार को ट्वीट कर कहा है कि हेमन्त सोरेन शायद भूल गए हैं कि झारखंड की भूमि आंदोलनों और संघर्षों की प्रतीक है। झारखंड का युवा दमनकारी नीतियों का करारा जवाब देना जानता है। उन्होंने लिखा है कि हेमंत सोरेन छात्रों की गिरफ्तारी का तुगलकी फरमान वापस लेकर सीजीएल परीक्षा की सीबीआई जांच कराने का आदेश दें और छात्रों के गतिरोध को समाप्त करने की सकारात्मक पहल करें।

रांची में जमीन कारोबारी की गोली मारकर हत्या

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : शहर के नामकुम थाना क्षेत्र अंतर्गत रिंगरोड के कवाली में रविवार को राजा उलातू निवासी लाल मधुसूदन राय उर्फ मधु राय की गोली मारकर हत्या कर दी गई। जमीन कारोबार से जुड़े मधु राय नाम को बाइक सवार अपराधियों ने बीच सड़क पर गोली मारी। बताया जा रहा है कि मधु राय स्कूटी से जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए अपराधियों ने मधु राय के ऊपर ताबड़तोड़ फायरिंग की। अपराधियों ने मधु राय पर 12 राउंड फायरिंग की, जिससे मौके पर ही उसकी की मौत हो गई। आशंका जताई जा रही है कि जमीन कारोबार को लेकर मधु राय को गोली मारी गई है। हालांकि, मामला अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। नामकुम थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद ने बताया कि जमीन कारोबारी मधु राय की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। अपराधियों को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। पूरे मामले की गहन जांच-पड़ताल की जा रही है।

पुलिस महानिदेशक ने चांडिल थाना प्रभारी को निलम्बित किया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : सरायकेला के चांडिल थाना प्रभारी को पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने निलम्बित कर दिया है। डीजीपी ने रविवार को बताया कि सीआईडी की रिपोर्ट के बाद चांडिल थाना प्रभारी वरुण यादव सस्पेंड किया गया है। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने आम जनता से दुर्व्यवहार करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कही थी। इसको लेकर डीजीपी ने रेंज के डीआईजी और जिले के एसपी को आदेश जारी किया था। डीजीपी ने राज्य के सभी जिलों में थाना प्रभारी और थाना के अन्य कर्मियो को आम जनता के प्रति अच्छा व्यवहार करने के संबंध में कई दिशा-निर्देश भी जारी किये थे। डीजीपी ने जारी दिशा निर्देश में कहा है कि साइबर अपराध, एसटी, एससी, मानव तस्करी और महिला अपराध से संबंधित भुक्तभोगी के आवेदन पर आवेदित थाना में ही मामला दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई करें। किसी भी पीड़िता के आवेदन पर क्षेत्र के संबंध में विचार किये बिना अविलंब आवेदित थाना में मामला दर्ज करें। सभी रेंज के डीआईजी और एसपी को निर्देश दिया कि अपने-अपने जिला और क्षेत्र में ऐसी व्यवस्था कायम करें कि यदि थाना प्रभारियों द्वारा आम जनता के आवेदन पर आवश्यक कार्रवाई नहीं की जाती है, तो अपनी शिकायतों को वरीय अधिकारियों के पास दर्ज करा सकें।

राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता : मुक्केबाजी में देवराणा ने जीता स्वर्ण पदक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : दिल्ली में आयोजित 68 वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल 2024- 25 के अंडर-17 मुक्केबाजी में झारखंड के मुक्केबाज देवराना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीत कर राज्य का नाम रौशन किया है। झारखंड के पलामू जिले के उत्क्रमित +2उच्च विद्यालय, रत्नाग, पांडु के 11वीं के छात्र देवराणा ने दिल्ली में 9 से 15 दिसम्बर तक आयोजित इस प्रतियोगिता के अपने वर्ग के प्रीलिम्स बाउट में डी ए वी को 5-0 से, प्री क्वार्टर फाइनल में हरियाणा को 5-0 से, क्वार्टर फाइनल में दिल्ली को 5-0 से, सेमीफाइनल में उत्तराखंड को 5-0 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया, फाइनल में तमिलनाडु को 5-0 से पराजित कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। देवराना अपने विद्यालय के शारीरिक शिक्षक सह मुक्केबाजी कोच अनुपम तिवारी के मार्गदर्शन में बॉक्सिंग का प्रेक्टिस करते हैं। इस शानदार जीत पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री रामदास सोरेन, विभागीय सचिव उमाशंकर सिंह, राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, राज्य टीम के कोच अनुपम तिवारी, मैनेजर दिगंबर और विभागाध्यक्ष एम मोदस्सर समेत खेल प्रभाग के अन्य पदाधिकारियों ने पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

श्यामा प्रसाद विश्वविद्यालय में गीता जयंती समारोह का हुआ आयोजन

गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, यह जीवन के हर क्षेत्र में मार्गदर्शन प्रदान करती है : प्रोफेसर अर्चना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : राजधानी रांची के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के तत्वावधान में रविवार को आयोजित गीता जयंती समारोह में नव नामांकित विद्यार्थियों के स्वागत कार्यक्रम ने शिक्षा, संस्कृति और आध्यात्मिकता के बीच एक अद्भुत सामंजस्य का उदाहरण प्रस्तुत किया। इस विशेष आयोजन में संस्कृत विभाग ने भारतीय संस्कृति की गहराई और भगवद्गीता के अद्वितीय संदेश को विद्यार्थियों तक पहुंचाने का प्रयास किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय की मानविकी संकायाध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ.) अर्चना कुमारी दूबे ने कहा कि भगवद्गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं है, बल्कि यह मानवता को जीवन के हर क्षेत्र में मार्गदर्शन प्रदान करती है। उन्होंने गीता के कर्मयोग सिद्धांत को युवाओं के लिए अत्यंत उपयोगी बताया, जो उन्हें जीवन में आने वाली कठिनाइयों से जूझने और अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सतत प्रयासरत रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आत्मचिंतन और मानसिक स्थिरता पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया, जो गीता के शिक्षण का मूल तत्व है। प्रो. दूबे ने शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की आवश्यकता पर बल देते हुए विद्यार्थियों को समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित किया। राजकीय संस्कृत महाविद्यालय के संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. शैलेश कुमार मिश्र ने कहा कि भगवद्गीता को भारतीय संस्कृति और दर्शन का स्तंभ बताते हुए कहा कि यह ग्रंथ केवल आध्यात्मिक मार्गदर्शन नहीं देता, बल्कि यह जीवन के हर क्षेत्र में व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करता है। उन्होंने संस्कृत भाषा की महत्ता पर जोर देते हुए विद्यार्थियों से इसे न केवल एक भाषा के रूप में देखने, बल्कि इसे भारतीय विज्ञान, दर्शन और सभ्यता के मूल आधार के रूप में समझने का आग्रह किया। डॉ. मिश्र ने गीता के प्रत्येक अध्याय को जीवन के विविध पक्षों के लिए उपयोगी बताते हुए कहा कि यह ग्रंथ कर्म, ज्ञान और भक्ति का अनोखा संतुलन प्रस्तुत करता है। उन्होंने नव नामांकित विद्यार्थियों को संस्कृत के अध्ययन के प्रति प्रेरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. धनंजय वासुदेव द्विवेदी ने भगवद्गीता के श्लोकों की व्याख्या करते हुए उनके जीवनोपयोगी संदेशों को सरल भाषा में प्रस्तुत किया। उन्होंने गीता के कर्मयोग, ज्ञानयोग और भक्तियोग के सिद्धांतों पर विस्तार से चर्चा की और विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे इन सिद्धांतों को अपने जीवन में आत्मसात करें। डॉ. द्विवेदी ने संस्कृत भाषा और गीता के महत्व को समझाते हुए कहा कि संस्कृत का अध्ययन न केवल शास्त्रों की गहराई तक पहुंचने में मदद करता है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति और मूल्यों को समझने का माध्यम भी है।

संक्षिप्त खबरें

एटीएस ने तीन बदमाशों को हथियार के साथ पकड़ा

रांची : आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों में बिहार के सिवान जिले के जिरादेई थाना क्षेत्र निवासी अभय कुमार मिश्रा उर्फ उर्फ मास्टर, रांची के पिठौरिया थाना क्षेत्र निवासी अब्दुल करीम और हजारीबाग के बड़का गांव निवासी प्रमोद कुमार साव शामिल हैं। इनके पास से दो पिस्टल, दो गोली और छह मोबाइल फोन बरामद किया गया है। एटीएस के एसपी ऋषभ झा ने रविवार को बताया कि पुलिस मुख्यालय ने राज्य में संगठित अपराधिक गिरोहों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई करने का निर्देश आतंकवाद निरोधी दस्ते को दिया है। इसी क्रम में रंगदारी के लिए जान मारने की धमकी के आरोप में दर्ज रातू थाना (काण्ड संख्या 360/24) को डीजीपी के आदेश पर 12 दिसंबर को एटीएस थाना (काण्ड संख्या 08/24) दर्ज किया गया। एसपी ने बताया कि इस मामले के अनुसंधान के क्रम में संदिग्ध अभय कुमार मिश्रा से पूछताछ की गई। पूछताछ में यह बात प्रकाश में आई कि अभय कुमार मिश्रा ने बरियातू थाना क्षेत्र में रहने वाले पत्थर व्यवसायी शैलेन्द्र प्रताप नारायण सिंह उर्फ अनूप सिंह को भी जान से मारने की धमकी देकर 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। इस संबंध में बरियातू थाना में गत 10 दिसंबर को मामला दर्ज कराया गया था। पूछताछ में एटीएस टीम को एक महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई कि अब्दुल करीम नामक व्यक्ति के पास हथियार है। इस सूचना पर पिठोरिया थाना और एटीएस टीम ने संयुक्त छापेमारी कर अब्दुल करीम के घर से दो पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किया। साथ ही अब्दुल करीम को गिरफ्तार किया गया। एसपी ने बताया कि एटीएस टीम ने पाण्डेय गिरोह के सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध लगातार छापेमारी कर रही है। इस क्रम में भदानीनगर (काण्ड संख्या 223/24) के अप्राथमिकी आरोपित प्रमोद कुमार साव को हजारीबाग और एटीएस टीम ने संयुक्त छापेमारी कर गिरफ्तार किया। आरोपित प्रमोद साव हजारीबाग जिला के बड़कागांव थानाक्षेत्र में घटित हत्या, फायरिंग की घटना का वांछित अपराधी था। एसपी ने बताया कि अब्दुल करीम के खिलाफ पिठौरिया थाने में पूर्व से मामला दर्ज है। जबकि प्रमोद कुमार साव के खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित अन्य अपराध से जुड़े छह मामले अलग-अलग थानों में दर्ज हैं।

मोरहाबादी में फिट इंडिया साइकिलिंग का कल होगा आयोजन

रांची : केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया 17 दिसंबर को नई दिल्ली में फिट इंडिया साइकिलिंग मंगलवार पहल को हरी झंडी दिखाएंगे। रांची के मोरहाबादी स्थित बिरसा फुटबॉल स्टेडियम में भी साइकिलिंग कार्यक्रम का आयोजन भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम का नेतृत्व ओलंपियन मनोहर टोपनो करेंगे, जो भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) फुटबॉल स्टेडियम मोरहाबादी के गेट नंबर 16 से 5 किलोमीटर की साइकिलिंग जॉय राइड शुरू करेंगे और मोरहाबादी ग्राउंड से होते हुए उसी स्थान पर समाप्त होंगे। इस कार्यक्रम में झारखंड के शीर्ष एथलीट शामिल होंगे, जिनमें सुमराय टेटे पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी शामिल होंगी। साथ ही स्थानीय फिटनेस उत्साही और खेल प्रेमी भी शामिल होंगे। युवा मामले और खेल मंत्रालय इन कार्यक्रमों का आयोजन भारतीय साइकिलिंग महासंघ (सीएफआई), माई भारत, साई क्षेत्रीय केंद्रों, राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों (एनसीओई), खेलो इंडिया केंद्रों (केआईसी) और जिला प्रशासन के साथ सीधे सहयोग से कर रहा है। फिट इंडिया साइकिलिंग मंगलवार पहल 17 दिसंबर को पूरे भारत में 1000 से अधिक स्थानों पर फैलेगी, जिसमें साई क्षेत्रीय केंद्रों में एक साथ कार्यक्रम होंगे। लॉन्च के बाद, देश भर में हर मंगलवार को साइकिलिंग कार्यक्रम जारी रहेंगे। यह अभियान समग्र रूप से स्वास्थ्य, खेल और देश में स्वदेशी खेलों को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।

मुख्य सचिव ने नीति आयोग के सम्मेलन में साझा किए प्रदेश और देश के विकास से जुड़े तथ्य

रांची : देश की राजधानी दिल्ली में नीति आयोग के तीन दिवसीय सम्मेलन का रविवार को समापन हुआ। झारखंड सरकार की तरफ से इस सम्मेलन की अध्यक्षता मुख्य सचिव अलका तिवारी ने की। इस सम्मेलन में विकास के लिए आत्मनिर्भर होने की प्रक्रिया में कृषि रोजगार, शहरी विकास, नवीनीकरण ऊर्जा, उन्नतशील अर्थव्यवस्था आदि पर विचार-विमर्श किया गया। सम्मेलन का विषय जनसांख्यिकी लाभांश का लाभ उठाना और विकास के नए आयामों के मार्ग प्रशस्त करना था। मुख्य सचिव अलका तिवारी ने प्रदेश के विकास के लिए कई बिंदु रेखांकित किए। साथ ही सम्मेलन में प्रमुखता के बिंदु दलहन पर प्रदेश की सहभागिता पर विशेष जोर दिया। यह आयोजन केंद्र और राज्य सरकारों के बीच साझेदारी को सशक्त बनाने के साथ देश में सहकारी संवाद स्थापित करने की अहम कड़ी है। इस अवसर पर प्रधान सचिव योजना मस्त राम मीणा, सचिव ग्रामीण विकास के श्रीनिवासन एवं सचिव उद्योग विभाग जीतेन्द्र कुमार सिंह आदि विशेष पदाधिकारी मौजूद रहे।

बंग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ महावीर मंडल वाल्मीकि समिति ने निकाला आक्रोश मार्च

रांची : रांची जिले के हरमू में महावीर मंडल बाल्मीकि समिति के तत्वाधान में बांग्लादेश में कट्टरपंथियों के द्वारा हिंदुओं के ऊपर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध में आक्रोश मार्च निकाला गया। यह मार्च पटेल चौक महावीर मंदिर से शुरू होकर हरमू चौक तक निकाला गया। इस अवसर पर सनातनी हिन्दुओं ने मुखर होकर विरोध जताया। वहीं हिंदू एकता जिंदाबाद, बांग्लादेशी हिंदुओं पर अत्याचार करना बंद करो, बांग्लादेश होश में आओ, भारत माता की जय, वंदे मातरम जैसे नारे लगाए गए। साथ हीं हरमू चौक पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस अवसर पर बाल्मीकि समिति के अध्यक्ष गोविंद वाल्मीकि ने कहा कि हिन्दुओं पर जुल्म बंद होनी चाहिए वर्तमान में बंग्लादेश में हिन्दुओं के साथ जो जुल्म किए गए और उन्हें वहां से भगाने की सजिश की जा रही है इसे माफ नहीं किया जाएगा केन्द्र सरकार को सकरात्मक कार्रवाई करते हुए हिन्दू समाज पर हो रहे जुल्म के खिलाफ उनकी सुरक्षा के लिए आगे आना होगा। राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के ऊपर हो रहे अत्याचार को देखकर वेदना होती है इससे हम आक्रोशित हैं। हिंदू समाज वसुदेव कुटुंबकम में विश्वास करने वाला संप्रदाय है। हम सभी अहिंसा के पुजारी हैं। परंतु जब हमें कोई उकसाएगा तो हम इसका माकूल जवाब देने के लिए सक्षम हैं। हम बांग्लादेशी कट्टरपंथियों के द्वारा हिंदुओं पर किया जा रहा को कुकृत्य को पुरजोर तरीके से विरोध करते हैं। और केंद्र की मोदी सरकार से बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा की मांग करते हैं। और केंद्र सरकार से यह कहना चाहते हैं कि जिस तरह से पाकिस्तान को ठंडा करने के लिए एयर स्ट्राइक किया गया था, ठीक उसी तरह से बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा प्रदान करते हुए, बांग्लादेशी कट्टरपंथियों के ऊपर एयर स्ट्राइक कर सबक सिखाने की जरूरत है। साथ हीं श्री सिंह ने कहा कि इस मामले में संयुक्त राष्ट्र संघ को हिंदुओं की सुरक्षा प्रदान करने के लिए आगे बढ़कर पहल करने की जरूरत है। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत विशेष संपर्क प्रमुख प्रिंस अजमानी ने कहा कि जिस बंगलादेशियों को सुरक्षित करने और बंग्ला देश के निर्माण में भारत ने जो कदम उठाए थे उसे सारी दुनिया ने देखा था उसी बंग्ला देश में हिन्दुओं पर अत्याचार किया जा रहा है, मोदी सरकार जल्द ही इस बाबत कड़े कदम तो उठाएगी ही, पर अब समय आ गया है कि हम बांग्लादेश में बने सामग्रियों का पूर्ण रूप से बहिष्कार करें।

एक नजर

सत्तर से अधिक उम्र के बुजुर्गों के लिए आयुष्मान कार्ड नामांकन शिविर का हुआ आयोजन

धनबाद : रविवार को मटकुरिया सेवा समिति द्वारा दुर्गा मंडप मटकुरिया में शिविर का आयोजन कर 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों के लिए आयुष्मान कार्ड हेतु नामांकन कराया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि धनबाद विधायक राज सिन्हा ने फीता काट कर किया। इस मौके पर भाजपा के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे। भाजपा के संरक्षण में इस महत्वपूर्ण शिविर आयोजन की वृद्धजनों ने काफी सराहना की। सत्तर वर्षीय समाजसेवी व वरिष्ठ पत्रकार अनिल पांडे ने इस संदर्भ में विधायक राज सिन्हा से अनुरोध किया कि यदि संभव हो तो अपने आवासीय कार्यालय में आयुष्मान कार्ड के नामांकन हेतु व्यवस्था करें इससे 70 वर्ष के बुजुर्गों को इससे सहुलियत होगी।
बोकारो इस्पात नगर में हैप्पी स्ट्रीट से सड़कों पर रौनक व अत्यन्त रोमांच दिखाई पड़ा । बोकारो स्टील सिटी को देश का पहला ग्लोबल एक्टिव पार्टनर सिटी का दर्जा प्राप्त हुआ है।

हैप्पी स्ट्रीट में जेवेरियन परिवार

बोकारो : वासियों के लिए सेल प्रबंधन ने हैप्पी स्ट्रीट, जनभागीदारी कार्यक्रम का आयोजन किया। यहां बोकारो के कोने-कोने से लोग शामिल हुए। यहाँ बोकारो के विभिन्न विद्यालयों ने भी अपनी प्रतिभागिता दर्ज. कराई। विद्यार्थियों ने जॉगिंग, वाकिंग, व्यायाम, साइकिलिंग, नृत्य, संगीत , स्वास्थ्य व फिटनेस से जुड़े कई कार्यक्रमों की प्रदर्शिनी लगाई। संत जेवियर्स स्कूल, बोकारो के भी विद्यार्थियों ने सर्दी के मौसम में सभी दशकों को अपने संगीत कला से मंत्रमुग्ध कर दिया। सवार लूं , इश्क सूफियाना, हाले दिल, स्नोमैन जैसे मनोमुग्धकारी गानों को पेश कर विश्वजीत, हर्ष, अंजली, इशिता, एंजेलिना और जिया ने सर्द हवा में खुशियों की गर्माहट भर दिया। विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए फ्रांसिस टोपो एवं राहुल सर मौजूद रहे । साथ ही मदद एवं प्रबंधन के लिए मुकेश और गणेश वहाँ मौजूद रहे। विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाने के लिए हाई स्कूल के उप प्राचार्य श्री दीपक चौधरी मौजूद रहे। प्राचार्य फादर अरुण मिंज, एस. जे. ने हैप्पी स्ट्रीट, जनभागीदारी कार्यकर्म की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम बोकारोवासियों में खास तौर पर युवाओं में एक नई ऊर्जा का संचार करेगा।

मंडल कारा में हुआ जेल अदालत सह बंदी चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन

साहिबगंज : जिला अंतर्गत झालसा, राँची के निदेर्शानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज के अध्यक्ष अखिल कुमार के आदेशानुसार आज मंडल कारा, साहेबगंज में प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत की अध्यक्षता में जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उपरोक्त अवसर पर प्राधिकार के सचिव के द्वारा मेडिकल कैंप का आयोजन कर चिकित्सक के द्वारा सभी बंदियों का जांच करवाया गया। लीगल एड डिफेंस काउंसिल द्वारा वैसे बन्दियों की पहचान की गई जिनका अभी तक अपील फाइल नहीं हुआ हो तथा जिन महिला बंदियों को लिगल एड की आवश्यकता थी उसपर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज द्वारा दिशा-निर्देश दिया गया। वही मौके पर चिकित्सक एवं जेल के बंदियों मौजूद थे।

बच्ची को गोद में लेकर महिला ने तालाब मे लगाई छलांग, बच्ची की हुई मौत

- महिला भी गंभीर बीजीएच मे भर्ती
- घर से 10 किमी दूर जाकर महिला ने की आत्महत्या की कोशिश
- ग्रामीणों ने महिला को बचाया
- बनसिमली गांव में घटी घटना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बोकारो : रविवार सुबह एक महिला ने आत्महत्या की नियत से अपनी एक बच्ची के साथ बालीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बनसिमली गांव स्थित तालाब में छलांग लगा दी। इस दौरान तालाब में स्नान कर रहे ग्रामीणों ने मां और बच्ची को तालाब के गहरे पानी से बाहर निकाला। बालीडीह थाना को सूचना दी। बालीडीह पुलिस के द्वारा दोनों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। जबकि महिला लक्ष्मी उर्फ राजबाला देवी को बेहतर इलाज के लिए बीजीएच ले जाया गया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार महिला रिहायशी इलाका को ऑपरेटिव कॉलोनी की रहने वाली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। भोले उद्योग के एस एन सिंह की पुत्रवधू है महिला बताया जा रहा है राजबाला देवी बोकारो औधोगिक क्षेत्र स्थित भोले इंडस्ट्रीज के मालिक एस एन सिंह के पुत्र संजय सिंह की पत्नी है। बताया जाता है कि पति पत्नी में किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद पत्नी एक वर्षीय बेटी को लेकर घर से बाहर निकल गई। जो बनसिमली गांव पहुंचकर तालाब मे छलांग लगा दी।

संक्षिप्त खबरें

विधायक शत्रुघ्न महतो ने पाठशाला के 11 बच्चों के बीच किया साइकिल वितरण

धनबाद : पाठशाला के कार्य को सराहना करते हुए विधायक शत्रुघ्न महतो ने कहा की पाठशाला का कार्य पूरे क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ है कोई भी स्वयंसेवी संगठन पाठशाला के तर्ज पर लोगों को सुविधा या फिर मदद नहीं पहुंचा सकती, कोरोना काल में जहां पर सरकारी तंत्र फैल था वहां पर पाठशाला ने लाखों लोगों तक भोजन उपलब्ध कराया था क रामराज मंदिर चीटाही धाम में इस रविवार को बाघमारा के नवनिर्वाचित विधायक शत्रुघ्न महतो के हाथों नि:शुल्क साइकिल का वितरण किया गया इससे पहले भी धनबाद सांसद ढुलू महतो के द्वारा पाठशाला के 29 बच्चियों को साइकिल का वितरण किया गया था कअब तक पाठशाला के 40 बच्चियों को नि:शुल्क साइकिल पाठशाला के संस्थापक देव कुमार वर्मा द्वारा दिया गया है जिसकी कुल लागत लगभग 2 लाख रुपए है क आज के वितरण में मुख्य रूप से बाघमारा की भारी संख्या में देवतुल्य जनता के अलावा पाठशाला के शिक्षक नीलकंठ महतो, सुनील सरकार, लक्ष्मण कुमार, किस्मत ऋषि, विनय सिंह आदि मौजूद रहे।

जेल अदालत में दो बंदी रिहा, बंदियों का हुआ स्वास्थ्य जांच

धनबाद : जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में रविवार को धनबाद जेल में जेल अदालत व मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अवर न्यायाधीश ऐंजोलिना जोन,प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी ऋषि कुमार ने मुकदमो की सुनवाई कर आनस्पाट फैसला सुनाया। इस बावत जानकारी देते हुए प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधिश राकेश रोशन ने बताया की जेल अदालत मे निपटारे के लिए 6 केस चिन्हित किए गए थे। जिसमे दो मुकदमे का निष्पादन कर बंदी आशीष मांझी व आशीष कुमार को मुक्त करने का आदेश दिया गया। वहीं? डॉक्टर राजीव कुमार के नेतृत्व में सात सदस्यीय मेडिकल टीम ने बंदियों के स्वास्थ्य की जांच की। दूसरी ओर न्यायिक पदाधिकारी व लीगल एड डिफेंस काउंसिल की टीम द्वारा द्वारा बंदियों को विभिन्न कानूनो की जानकारी विधिक जागरूकता शिविर के माध्यंम से दी गई इस मौके पर एलएडीसीएस के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट,सहायक कन्नीहैया लाल ठाकुर, नीरज गोयल, शैलेन्द्र झा,कारा अधीक्षक, डालसा सहायक, अरुण कुमार, राजेश सिंह उपस्थित थे।

झामुमो गोविंदपुर प्रखंड कमेटी ने किया स्वागत समारोह का आयोजन

धनबाद : रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा गोबिंदपुर प्रखंड कमिटी के द्वारा रतनपुरा देसी रसोई के सामने स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें स्वागत समारोह का अध्यक्षता गोविंदपुर प्रखंड अध्यक्ष अताउल्लाह अंसारी और संचालन गोबिंदपुर प्रखंड सचिव पारस हंसदा के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में नवनिर्वाचित टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो एवं सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो उर्फ बबलू महतो तथा विशिष्ट अतिथि में जिला अध्यक्ष लखी सोरेन एवं जिला सचिव मन्नू आलम तथा कार्यक्रम में मुख्य रूप से झामुमो केंद्रीय सदस्य अलाउद्दीन अंसारी, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह,जिला परिषद सदस्या सह जेएमएम नेत्री लक्ष्मी मुर्मू, पूर्व 20 सूत्री अख़्तर हुसैन अंसारी, वरिष्ठ नेता मोबिन अंसारी,प्रखंड उपाध्यक्ष निर्मल कुमार मंडल प्रखंड उपाध्यक्ष मिहिर गोप प्रखंड उपाध्यक्ष फिरोज अंसारी उपाध्यक्ष मोकिम अंसारी,कोषाध्यक्ष फारूक अंसारी,इमरान अंसारी,शमशेर अंसारी,मुबारक अंसारी, बोदीलाल सोरेन असगर अंसारी सिद्दकी अंसारी खुदुस अंसारी, बबलू दास, टुंडी प्रखंड अध्यक्ष गिरिलाल किस्कू,कुर्बान अंसारी,निर्मल दास,उमेश दास,किशन महतो, रतनपुरा मुखिया मिहिर मंडल उपस्थित थे।

दो दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता को लेकर बैठक का किया गया आयोजन

सिल्ली : सिल्ली प्रखंड अंतर्गत लोटा स्कूल मैदान में दो दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता को लेकर पूर्व पंचायत समिति सदस्य दशरथ महतो की अध्यक्षता में मिलन फुटबॉल क्लब लोटा के सदस्यों के बीच एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बताते चले कि दो दशकों से लगातार आयोजित हो रहे शहीद निर्मल महतो जयंती दिवस के शुभ अवसर पर इस वर्ष भी 25 एवं 26 दिसंबर को दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता एवं विराट मुर्गा लड़ाई को सफलता पूर्वक संपन्न कराने हेतु विशेष विचार विमर्श किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में सिल्ली विधायक अमित कुमार महतो उपस्थित रहेंगे। बैठक के अंत में सर्वसम्मति से कमेटी का पुनर्गठन किया गया जिसमें मुख्य संरक्षक बलराम महतो उर्फ राधिका,अध्यक्ष रविंद्र नाथ मुंडा, उपाध्यक्ष विष्णु चरण महतो,सचिव मिथुन चंद्र महतो, सहसचिव शशिकांत सिंह, कोषाध्यक्ष भगीरथ महतो, सह कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार महतो,संरक्षक दशरथ महतो, रामपदो महतो, हरिदास मुंडा, प्रथम चंद्र महतो सक्रिय सदस्य अमित सिंह मुंडा उर्फ गाडाम, शंकर महतो, मनोहर महतो, मजेन महतो, दिलीप कुमार महतो, उपेंद्र महतो, मेघनाथ महतो, कार्तिक महतो, भीम महतो, राजेंद्र महतो, राजेन महतो, पवन महतो, रामरतन महतो, नागेश्वर महतो, विनोद कुमार इत्यादि को चुना गया।

विधायक श्वेता सिंह ने किया धान अधिप्राप्त केंद्र का उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बोकारो : विधानसभा अंतर्गत राधा नगर स्थित धान अधिप्राप्त केंद्र राधा नगर पैक्स लिमिटेड का उद्घाटन विधायक श्वेता सिंह ने किया। इस अवसर पर सिंह ने कहा कि यह केंद्र सरकार और किसानों के बीच में एक पुल का कार्य करता है । वर्तमान समय में किसान अपनी जमीन में उपजाए हुए फसल को सीधे यहां बेच सकते हैं बीच में कोई भी बिचौलिया किसानों को अब दिग्भर्मित नहीं कर सकता है। झारखंड की इंडी गठबन्धन की सरकार हमेशा ही किसानों के हित में निर्णय लेने में तत्पर रहती हैं जिससे किसानों के परिवार सीधे तौर पर लाभान्वित होते हैं ।
क्षेत्र भ्रमण के दौरान चास नगर निगम स्थित रवींद्र भवन में स्थानीय जनता द्वारा विधायक अभिनन्दन समारोह सम्पन्न हुआ इस अवसर पर सिंह ने कहा कि आप सभी के प्रेम और स्नेह के कारण प्रतिनिधित्व का मौका मिला है मै पूरे तन्मयता के साथ आपकी सभी की सेवा करूंगी। बोकारो स्टील सिटी के श्री राम मंदिर मार्केट में ओरमांझी किसान उत्पादक संगठन लिमिटेड के ताजी सब्जियों की दुकान का उद्घाटन किया और उन्हें शुभकामना देते हुए व्यापार में गुणवत्ता का ख्याल रखने की बात कही ।

युवा क्रांति मजदूर संध की हुई बैठक, तदर्थ कमेटी का हुआ गठन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बोकारो : बिजुलिया हटिया मैदान मे रविवार को युवा क्रांति मजदुर संध इलेक्ट्रो स्टील वेदांत की बैठक पंचायत समिति सदस्य मो० रफीक आलम अंसारी की अध्यक्षता में हुई व संचालन मजदूर संजय कुंभकार ने किया। बैठक में 6 सुत्री मांगो को लेकर विचार विमर्श किया गया, तथा कंपनी को मांगपत्र सौपने के बाद आंदोलन की तैयारी मे जुटे गें। कंपनी प्रबंधन ठेका मजदुर को समान काम तथा समान वेतन लागू करे,झारखंड सरकार द्वारा पारित अधोगिक क्षेत्र में28 नंवबर 24 को मजदुरो की दर को लागू करे।लंबित पडे.जमीन दाता परिवार के आश्रित गृभांसके आधार पर की गई स्वीकृति को 15 दिनो के अंदर लागु करे।पुर्व मे बहाल किये गये रैयत मजदुरो को मां विध्यांवासिणी कंपनी द्वारा वेतन लागु किया गया उसे अविलंब पंलाट मे सभी रैयत मजदुरो को लागु किया जाय।सभी मजदुरो को नाईट एलाउंस लागु किया जाय। पंलाट में पुर्व में कार्यरत मजदुरो को हटाये गये को पुन बहाल किया जाय । स्थानीय मजदुर व बाहरी मजदुरो का वेतन समान रूप से दिया जाय। बैठक में इलेक्ट्रो स्टील वेदांता कंपनी के अधीन कार्यरत ठेकेदार के अधीन कार्यरत मजदूरों के प्रति भेदभाव नही हो। वक्ताओं ने कहा कि जे आर एल कंपनी द्वारा बांधडीह रेलवे साईडिंग से प्रति दिन- रात को सैकडो भारी वहनो के द्वारा कोयला एंव डोलो मांईस का ट्रांसपोर्टिंग किया जा रहा है जिससे आम पब्लिक का रोड को जर्जर किया जा रहा है लोगों को काफी कठिनाई होती है ट्रांसपोर्टिंग होने से कोयला डस्ट एवं डोलोमाइंस का डस्ट रोड पर गिरते हुए एवं बिना त्रिपाल के द्वारा प्लांट ट्रांसपोर्टिंग होता है जिससे लोगों को प्रदूषण फैल रही है तथा आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है। प्रशासन द्वारा नो एंट्री का आदेश का भी पालन नहीं किया जाता है। इस पर शक्ति से कार्रवाई की जाय। नियमित प्रभावित गांव में जल छिड़काव किया जाय।

लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए हम कृतसंकल्प : डालसा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

धनबाद : झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर पुलिस पदाधिकारियों के लिए आयोजित एकदिवसीय जिला स्तरीय कैपिसिटी बिल्डिंग सह जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन सिविल कोर्ट धनबाद में रविवार को धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार सिंह, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, एसएसपी एच पी जनार्दनन बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो, बार एसोसिएशन महासचिव जीतेंद्र कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर न्यायाधीश तिवारी ने कहा कि समाज के प्रति हम सब की जिम्मेवारी है जिसे समय पर पूरा करना हमारा कर्तव्य है। अनुसंधानकताओं को संबोधित करते हुए न्यायाधीश ने कहा कि सड़क दुर्घटना में समय पर कागजात कोर्ट में जमा नहीं किए जाने के कारण मृतकों के परिजनों को मुआवजा नहीं मिल पाता है इस विषय पर पुलिस पदाधिकारियों को संदेश देते हुए जिला जज ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने अपने आदेश में स्पष्ट कहा है कि सड़क दुर्घटना के मामले में किसी भी हालत में 30 दिन के अंदर दुर्घटना सूचना रिपोर्ट कोर्ट को भेज देनी है,अन्यथा थाने के भार साधक अधिकारी पर कार्रवाई हो सकती है। उन्होंने कहा कि यदि समय पर पुलिस ऐसा कर दें तो मृतक के परिजनों को तमाम मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ेगा यह समाज के प्रति हमारा कर्तव्य है। एसएसपी जनार्दनन ने कहा कि पुलिस के पास अत्यधिक कार्य का बोझ होता है जिस कारण भी कई बार अनुसंधान में कई तरह की त्रुटियां रह जाती है जिसका फायदा अभियुक्त ले जाते हैं इसलिए यह कार्यशाला हमारे अनुसंधान कताओं को अनुसंधान में काफी मदद करेगी। महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों और उससे संबंधित कानून की जानकारी देते हुए न्यायाधीश संजय कुमार सिंह ने कहा कि दुष्कर्म पीड़ितों की गरीमा बनाए रखने में न्यायपालिका सहित आप सबों का अहम रोल है।

कांग्रेस ने राजभवन घेराव और शताब्दी समारोह की तैयारी को लेकर की बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बोकारो : सर्किट हाउस में बोकारो जिला कांग्रेस कमिटी कि बैठक जिलाध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता कि अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन वरिष्ठ कोंग्रेसी सुशील ककुमार झा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से आगामी 18 दिसंबर 2024 को राजभवन घेराव में बोकारो जिला कांग्रेस कमिटी भारी से भारी संख्या में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगें तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के 26 दिसंबर 2024 को कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में चुने जाने के 100 वर्ष पुरे हो रहे हैं। इस अवसर पर बोकारो जिला कांग्रेस कमिटी शताब्दी समारोह मनाएगी। तथा 28 दिसंबर 2024 को 140वा स्थापना दिवस मनाएगी। इन कार्यक्रमों को सफल बनाने के संदर्भ में तैयारी को लेकर विशेष चर्चा हुई मौके पर श्री गुप्ता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निदेर्शानुसार आगामी 18 दिसंबर 2024 को राज भवन घेराव, 26 दिसंबर को शताब्दी समारोह तथा 140वा स्थापना दिवस मनाएंगे तथा गाँधी जी कि विरासत को संभालना और उन्हें सम्मान देना हमारी प्राथमिकता है। शताब्दी समारोह में कांग्रेस कार्यकताओं के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में काम कर रहे हैं विभिन्न समुदायों आमजनों की भागीदारी सुनिश्चित कर गांधी जी के मूल्यों, सिद्धांतों और देश के स्वतंत्रता इतिहास में कांग्रेस के योगदान कि चर्चा-परिचर्चा आवश्यक है। मौके वरिष्ठ कोंग्रेसी सुशील कु झा, अब्दुल हाजी मलिक, सतेंद्र प्रसाद यादव, महावीर सिंह चौधरी,आफताब आलम, इमरान अंसारी, गौरव राय, सपन प्रमाणिक, नीलू दुबे, नागेंद्र चौधरी, नजीर अहमद, प्रशांत कुमार, राजा राम गुप्ता,सुधीर जायसवाल, बसंत कुमार, ए के सुल्तान, राकेश सिंह इत्यादि उपस्थित रहे।

हैप्पी स्ट्रीट फिर से हुआ शुरू, लोगों ने की बोकारो स्टील प्रबंधन की सराहना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बोकारो : बोकारो के लोगों को चुस्त और तंदुरुस्त रखने के लिए बोकारो स्टील की ओर से एक बार फिर हैप्पी स्ट्रीट की शुरूआत की गई है। इसका उद्घाटन बोकारो स्टील प्लांट के डायरेक्टर इंचार्ज बी के तिवारी ने फीता काटकर किया। इस दौरान अधिशासी राजन प्रसाद, सीजीएम नगर सेवा कुंदन कुमार, बीएसएल के सुचना एवं प्रसारण प्रमुख मनी कान्त धान, अशोक कुमार सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद थे।
बोकारो के सेक्टर 4 गांधी चौक के पास से बोकारो मॉल तक सड़क के एक लेने में 67 स्टॉल लगाए गये, इनमें बोकारो के विभिन्न बिद्यालय , NGO, CISF, संगीत कला अकादमी और महिला समिति, हेल्दी फूड स्टॉल खास आकर्षण रहे। इस दौरान बोकारो के विभिन्न निजी अस्पतालों ने फ्री मेडिकल चेकप कैम्प भी लगाया। हैप्पी स्ट्रीट में विभिन्न प्रकार के कल्चरल प्रोग्राम, स्पोर्ट्स सहित अन्य एक्टिविटी का आयोजन किया गया।

लोगों ने हैप्पी स्ट्रीट का उठाया लुफ्त
इस दौरान काफी संख्या में लोगों ने सड़क पर सुबह-सुबह निकलकर हैप्पी स्ट्रीट का आनंद लिया। इस दौरान सड़क पर युवाओं ने हॉकी, फुटबॉल, जूडो और झारखंड की संस्कृति से संबंधित पारंपरिक गीत सहित अन्य कई खेलों में भाग या।

लोगों ने बोकारो स्टील प्रबंधन के प्रयास की सराहना की
लोगो ने बोकारो स्टील के इस प्रयास की सराहना की। लोगों ने कहा कि ठंड के मौसम में इस प्रकार की एक्टिविटी शरीर को चुस्त और तंदुरुस्त रखने के लिए जरूरी है। बोकारो के लोगों को इसका सीधा लाभ मिल रहा है। क्योंकि वर्तमान समय में इस तरह के कार्यक्रम होने से लोगों में एक ऊर्जा का संचार होता है। हैप्पी स्ट्रीट' का समापन 24 जनवरी 2025 को सेल दिवस के साथ होगा।

एक नजर

खरमास प्रारंभ एक माह तक नहीं होंगे मांगलिक कार्य

सरिया (गिरिडीह): सोमवार से खरमास प्रारंभ हो जाएगा। जो पूरे 1 महीने तक रहेगा। वहीं 14 जनवरी को सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने के साथ ही इसकी समाप्ति होगी। इस बीच सभी धार्मिक अनुष्ठान बंद रहेंगे। उक्त संबंध की जानकारी आरपीएफ हजारीबाग रोड स्थित पंच मंदिर पुजारी सव्यसाची पांडेय ने दी। उन्होंने बताया कि भगवान सूर्य अपने रथ में लगे सात घोड़े को विश्राम के लिए छोड़ देते हैं और गधों को रथ में जोत लेते हैं। गधे का दूसरा नाम खर है। इसीलिए इस मास को खरमास के नाम से जाना जाता है। इस दौरान भगवान सूर्य का रथ धीमी गति से चलता है। धनु खरमास में सूर्य का प्रवेश विशेष परिणाम पैदा करता है। अत्यधिक ठंड होने के कारण बीमारियां और रोग बढ़ते हैं। ज्योतिषीय कर्म से धनु की संक्रांति में शुभ कार्य वर्जित हो जाती है। इसलिए इसे धनु खरमास भी कहा जाता है।

दीपेश महतो का एसएससी जीडी सीआरपीएफ में हुआ चयन

कुकडू: ज्ञानभंडार कोचिंग सेंटर जो कि सरायकेला खरसावां जिला के कुकडु प्रखंड के बेरासी सीरूम पंचायत में करीब 4 वर्षो से सरकारी नौकरी की तैयारी करवाते आ रहे हैं, इस साल के SSC GD में दीपेश महतो का सीआरपीएफ पद मिलने पर इस इलाके का नाम रौशन ओर गांव देहात के लड़का लड़की को प्रेरित हो रहे हैं, इससे पहले भी इस कोचिंग से कई छात्र छात्राओं का लिखित परीक्षा में सफल हुआ हे। ज्ञानभंडार कोचिंग सेंटर के निदेशक सुधीर सर सफल हुए छात्र को बधाई दी, एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की। हमारा मानना हे कि गांव के विद्यार्थी अधिक परिश्रम कर सकते हैं लेकिन ये लोग अच्छा से मार्कदर्शन नहीं मिलने के चलते असफल बने रहते हैं।

55 वर्षीय महिला का शव बरामद, हत्या की आशंका

साहिबगंज/बरहेट: थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार के सुबह बरहेट थाना पुलिस ने ग्रामिण की सूचना पर थाना क्षेत्र के भादुडीह गांव के तालाब से 55 वर्षीय महिला मरांगमय सोरेन का शव बरामद किया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला के सिर में गहरे चोट के निशान हैं। चोट को देखकर आशंका व्यक्त की जाती है कि महिला की बीते रात किसी ने हत्या कर शव छिपाने के लिए तालाब में फेंक दिया होगा। सुबह ग्रामीणों से तालाब में शव होने की सूचना मिलने के बाद बरहेट थाना के अवसर निरीक्षक असीम कुजूर दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर शव को बरामद करने के बाद आवश्यक प्रक्रिया करते हुए पोस्टमार्टम के लिए साहिबगंज भेज दिया। इधर पुलिस महिला के मृत्यु के मामला को लेकर छानबीन कर रही है।

आंचलिक पत्रकारों को भी पेंशन एवं बीमा योजना में शामिल किया जाए : शहनवाज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

साहिबगंज : जिला अंतर्गत रविवार को को नया परिसदन हॉल में भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ की झारखंड राज्य इकाई झारखण्ड जर्नालिस्ट एसोसिएशन द्वारा आज साहिबगंज परिसदन में बैठक आहूत की गई। बैठक में भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ के राष्ट्रीय महासचिव शहनवाज हसन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, बैठक का संचालन जिला अध्यक्ष अरविंद ठाकुर एवं सचिव प्रवीण कुमार ने किया। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव शहनवाज हसन, जिला अध्यक्ष अरविंद ठाकुर, सचिव प्रवीण कुमार, एवं शिव शंकर निराला और अन्य वरिष्ठ पत्रकारों के द्वारा साहिबगंज जिले के आंचलिक पत्रकारों को जिन्होंने लोकसभा और विधानसभा चुनाव में अच्छे कार्य किए हैं उन्हें प्रशस्ति पत्र दिया गया। साथ ही राष्ट्रीय महासचिव शहनवाज हसन ने सभी जेजेए मेंबर के साथ बैठक में मंथन किया है कि झारखंड सरकार की ओर से पेंशन और बीमा योजना की घोषणा विधानसभा में की गई है। इसको लेकर भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ के राष्ट्रीय महासचिव ने प्रस्ताव रखा है की सभी आंचलिक पत्रकार भी जो पेंशन के योग्य हैं उनको भी पेंशन में शामिल किया जाए, केवल ऐसे पत्रकार को पेंशन ना मिले जो केवल सरकार से मान्यता प्राप्त है। बैठक में अध्यक्ष अरविंद ठाकुर ने कहा कि जेजेए संगठन का उद्देश्य है सिर्फ जिला नहीं पुरे राज्य भर में पत्रकारों को सुरक्षा प्रदान किया जाए, और पत्रकार के हित के लिए जो भी सरकार हो, अभी वर्तमान सरकार जो हेमंत सरकार है भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष ने कहा कि आर्थिक रूप से पत्रकार की मजबूती नहीं रहती है ऐसी योजनाएं बनाई जाए की आर्थिक रूप से पत्रकारों की मजबूती मिल पाए और आए दिन पत्रकारों के खिलाफ कोई ना कोई घटना हो रही है संगठन उसके लिए पत्रकारों के लिए लड़ते हैं और जो बन पड़ता पत्रकार के हित के लिए लाभ दिलाते हैं। जहां तक सवाल है कि प्रशासन की ओर से लाभ मिलना चाहिए नहीं मिल पाता है बैठक में इसकी भी चर्चा की गई। वहीं बैठक में विधायक जयराम महतो ने जो पत्रकारों के साथ अभद्र व्यवहार किया है उनको नहीं करना चाहिए और अपने वाणी को वापस लेना चाहिए इसको लेकर सभी ने बैठक में विरोध किया है। वहीं बैठक में सचिव प्रवीण कुमार ने भी कई मुद्दों पर चर्चा किया और संगठन के सभी मेंबर्स ने अपने-अपने सुझाव और विचार प्रकट किए। मौके पर साहिबगंज जिला के सभी प्रखंड से जेजेए संगठन के पत्रकार मौजूद थे।

ढेर में आग लगने से लाखों का धान जलकर हुआ खाक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

साहिबगंज/बरहेट : प्रखंड के बरमसिया गांव के तेलीटोला में रविवार के अहले सुबह धान के खलिहान में आग लग जाने से लाखों का धान जलकर खाक हो गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि रविवार के अहले सुबह जब गाँव के कुछ लोग टहलने निकले थे तभी उनकी नजर खलिहान में लगी आग पर पड़ी और लोगों ने हो हल्ला करना शुरू किया जिसके बाद गांव के दर्जनों लोग हो हल्ला सुनकर खलिहान में पहुंच गए और खलिहान में धान के ढेर में लगी आग को बुझाने में जुट गए। पंपिंग सेट लगाकर काफी देर तक लोगों ने कड़ी मशक्कत की जिसके बाद आग को बुझाने में सफलता मिली लेकिन तब तक अधिकांश धान जलकर राख हो चुका था। आग की इस घटना में गाँव के बबलू साह, हरिशंकर साह, गोवर्धन साह, जितेंद्र शाह का सैकड़ों मन धान जलने की बात बताई गई। पीड़ितों ने बताया कि धान के जल जाने से उन्हें एक वर्ष तक परिवार के भरण पोषण की भी समस्या उत्पन्न हो गई। परिश्रम और पुंजी भी धान के साथ खाक हो गाय ापीड़ितों ने जिला प्रशासन से मामले में मदद की गुहार लगाई है। आग कैसे लगी इस संबंध में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है।

टीबी मुक्त अभियान के लिए स्वास्थ्य विभाग और पिरामल फाउंडेशन की अनूठी पहल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

चैनपुर (गुमला) : चैनपुर प्रखंड में 100 दिन का टीबी मुक्त अभियान जोर-शोर से चल रहा है। दुर्गम और शुरूआती क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इस अभियान के तहत सुरवर्ती इलाकों में एक्स-रे वाहन पहुंचाकर संभावित टीबी मरीजों की निशुल्क जांच की जा रही है। बड़ी संख्या में मरीजों का एक्स-रे और बलगम जांच की जा रही है। टीबी रोगियों की पहचान होने पर उन्हें तुरंत दवा और पोषण योजना का लाभ दिया जा रहा है।

संयुक्त प्रयास से बदलाव की उम्मीद

इस अभियान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर और स्वयंसेवी संस्था पिरामल फाउंडेशन मिलकर चला रहे हैं। सहिया, सहिया साथी, एएनएम, सीएचओ, बीटीटी, एमपीडब्ल्यू और पंचायती जनप्रतिनिधि भी इस प्रयास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। अभियान का उद्देश्य चैनपुर प्रखंड को पूरी तरह से टीबी मुक्त बनाना है।

गरीबी और अंधविश्वास से लड़ाई

पिरामल फाउंडेशन के जिला प्रोग्राम पदाधिकारी संजीत एक्का ने बताया कि चैनपुर प्रखंड, जो गुमला जिले के आदिम जनजाति और जनजातीय बहुल क्षेत्रों में आता है, वहां गरीबी के कारण टीबी का प्रकोप अधिक देखा गया है। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग और टीबी विभाग के एसटीएस की कड़ी मेहनत से प्रखंड में मरीजों की संख्या में काफी कमी आई है। श्री एक्का ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग और समाज के सभी वर्गों के सहयोग से आने वाले समय में यह प्रखंड पूरी तरह टीबी मुक्त हो जाएगा।

गोबरघुसी लैंपस में विधायक प्रतिनिधि ने किया धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

पटमदा : किसानों से धान खरीदने के लिए पटमदा प्रखंड में पटमदा , गोबरघुसी व बांगुड़दा लैम्पस व बोड़ाम प्रखंड में बोड़ाम लैम्पस में जिला प्रशासन के द्वारा धान अधिप्राप्ति केंद्र बनाए गए हैं। रविवार को बामनी चौक स्थित गोबरघुसी लैम्पस लिमिटेड में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी के पटमदा प्रखंड विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू ने जिला सहकारिता पदाधिकारी सलमान जाफर खिजरी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सह बीसीओ अनिल कुमार के उपस्थिति में फीता काटकर अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि झारखंड स्टेट फूड एंड सिविल सप्लाईज कारपोरेशन लिमिटेड विभिन्न लैम्पस के माध्यम से किसानों से धान खरीद रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में किसानों से धान खरीदने के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित है। साथ ही बोनस के रूप में 100 रुपये भी दिया जाएगा। इस तरह प्रति क्विंटल धान के लिए किसानों को 2400 रुपये का भुगतान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि धान का 50 फीसदी राशि एक सप्ताह के अंदर किसानों को बैंक खाता के माध्यम से दिया जाएगा। धान बिक्री के लिए निबंधित किसानों को अधिप्राप्ति केंद्र से धान बेचने के लिए एसएमएस या फोन के माध्यम से सूचना दी जाएगी। विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू ने किसानों को लैम्पस में ही धान बेचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि किसान बिचौलियों से सावधान रहें और अपने नजदीकी धान अधिप्राप्ति केंद्र में ही धान बिक्री करें। धान बिक्री के लिए गोबरघुसी लैम्पस में 279 किसानों का निबंधन है। उद्घाटन होने के साथ ही खेदुआ निवासी किसान अमित कुमार महतो, घोषडीह निवासी किसान शुशील बेसरा, बामनी निवासी किसान भक्तपद मंडल ने 100 क्विंटल धान अधिप्राप्ति केंद्र में बेचे। इस दौरान झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो, कालीपद महतो, अनिल महतो, रामपद महतो, जगदीश महतो, विश्वजीत गोप, अश्विनी सिंह आदि उपस्थित थे।

सरिया प्रखंड में मेगा सशक्तिकरण शिविर का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

सरिया(गिरिडीह): झालसा राँची एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गिरिडीह के संयुक्त तत्वाधान में प्रखंड सभागार सरिया में रविवार को मेगा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख प्रीति कुमारी ने की। कार्यक्रम में बतौर अतिथि एल आर डी सी सच्चिदानंद महतो,एल ए डी सी नजमूल हसन,बीडीओ ललित नारायण तिवारी,विधायक प्रतिनिधि बबलू मंडल,हरिहर मण्डल आदि उपस्थित थे। सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन किया गया। तत्पश्चात अतिथियों को झारखंडी टोपी से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए एल आर डी सी सच्चिदानंद महतो ने आम लोगों को कानून की जानकारी दी। सरकार इस तरह कार्यक्रम कर आम लोगों को जागरूक कर रही है। कार्यक्रम में विभिन्न विभाग से परिसम्पति का वितरण जे एस एल पी एस के सखी मंडल की दीदी को 3,15,000 का डेमो चेक वितरण किया गया। पीएम आवास एवं अबुआ आवास के लाभुकों को स्वीकृति पत्र दिया। कृषि पशुपालन, बाल विकास विभाग से दिव्यांग को ट्राय साइकिल और गोद भराई एवं बच्चों का मुठ जूठी कार्यक्रम की किया गया। कार्यक्रम में सभी विभाग के लोगों की भागीदारी रही। कार्यक्रम का संचालन एफटीसी जय प्रकाश कुमार वर्मा ने किया और कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन संजय वर्णवाल ने किया।

चैनपुर में क्रिसमस मिलन समारोह सह रंगारंग कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

चैनपुर : प्रभु यीशु के जन्मदिन यानी क्रिसमस की तैयारियां शुरू हो गई हैं। चर्चों को भव्य तरीके से सजाया-सवारा जा रहा है। कैरोल का संगीत वातावरण में गूंजने लगा है। त्योहार की खुशियां बांटने घर-घर दस्तक देने का सिलसिला चल पड़ा है। क्रिसमस है प्रेम और खुशियां बांटने का त्योहार, जिसका उत्साह लोगों के चेहरों पर साफ झलक रहा है। चैनपुर सहित आसपास के क्षेत्र में स्थित विभिन्न चर्चों और कलीसियाओं में सजावट शुरू हो गई है। लाइट के साथ फूलों की खुशबू से भी चर्च महकेंगे। चैनपुर के फादर राजेंद्र तिर्की बताते हैं कि क्रिसमस के दौरान प्रभु की प्रशंसा में लोग कैरोल गाते हैं और घर-घर जाकर प्यार, भाईचारे और सेवा का संदेश देते हैं। लोग प्रभु यीशु के जन्म की खुशी में घरों को क्रिसमस ट्री से सजाते हैं। परमात्मा ने जनकल्याण के लिए अपने इकलौते पुत्र प्रभु यीशु को हमारे बीच भेजा था। वह दया, प्रेम, क्षमा और धैर्य के अवतार थे। उनका यही संदेश था कि मनुष्य एक-दूसरे से ऐसे ही प्रेम करे, जैसे परमात्मा ने किया है। परमेश्वर एक है और वह कभी भेदभाव नहीं करते। वे बताते हैं कि इन दिनों कैरोल के संगीत से वातावरण गुंजित है। 24 दिसंबर की रात प्रभु के आगमन को प्रार्थना होगी और 25 दिसंबर यानी क्रिसमस के दिन प्रभु का संदेश दिया जाएगा। क्रिसमस को लेकर चैनपुर के बाजार में भी रौनक दिखने लगा है। लोग अपने घरों और चर्च को सजाने के सामान की खरीद-बिक्री में लगे हुए हैं। इधर प्रभु यीशु के आगमन का पर्व क्रिसमस को मनाने के लिए बाहर रहने वाले लोग भी लौटने लगे हैं, जिससे क्षेत्र में क्रिसमस का माहौल दिखने लगा है। वहीं झामुमो के जिला उपाध्यक्ष सुशील दीपक मिंज के नेतृत्व में 22 दिसंबर रविवार को क्रिसमस मिलन समारोह सह गैदरिंग का आयोजन किया गया है। जिसे लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। झामुमो जिला उपाध्यक्ष सुशील दीपक मिंज ने बताया कि 22 दिसंबर रविवार को चैनपुर के लूथरन मैदान में क्रिसमस मिलन समारोह गैदरिंग का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुमला विधायक भूषण तिर्की होंगे। क्रिसमस गैदरिंग में रंगारंग नागपुरी आर्केस्ट्रा प्रोग्राम का भी आयोजन किया गया है। आर्केस्ट्रा प्रोग्राम में जॉलीवुड के कई नामी कलाकार जैसे ज्योति साहू, नितेश कच्छप, मबीर नायक जैसे कई बड़े कलाकार लोगों का मनोरंजन के लिए आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर युवाओं में काफी जोश है हमारे युवा साथी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिन-रात लगे हुए हैं।

संक्षिप्त खबरें

पूर्व विधायक बैरागी उरांव का निधन

चैनपुर: गुमला विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक बैरागी उरांव का 81 वर्ष की उम्र में रांची के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान रविवार की अहले सुबह लगभग 4 बजे निधन हो गया। वे तीन बार गुमला विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीतकर विधायक बने थे। बैरागी उरांव का जन्म वर्ष 1943 में हुआ था। उन्होंने केओ कॉलेज गुमला में राजनीति शास्त्र के प्रोफेसर रहते हुए चुनाव जीता था। वे 1972, 1980 और 1985 में चुनाव जीतकर तीन बार विधायक बने थे। उनके निधन से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। उनके अंतिम संस्कार के लिए उनका पार्थिव शरीर रांची से चैनपुर लाया जा रहा है जहां सोमवार को उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। बैरागी उरांव के निधन पर कई नेताओं और सामाजिक कार्यकताओं ने शोक व्यक्त किया है। वे एक कद्दावर नेता माने जाते थे जो अपने अंतिम समय तक सक्रिय थे। उनके नजदीकी मित्र और साथी रघुनंदन प्रसाद, विक्रम रौतिया, अल्बर्ट तिग्गा, सामुवेल टोप्पो, रेमिस लकड़ा सहित कई लोगों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। बैरागी उरांव के जीवन के बारे में बात करते हुए उनके मित्र रघुनंदन प्रसाद ने कहा वे एक महान नेता थे जिन्होंने अपने जीवन को समाज की सेवा में समर्पित किया था। उनकी मृत्यु से हमें एक बड़ी क्षति हुई है। विक्रम रौतिया ने कहा श्बैरागी उरांव एक सच्चे नेता थे जिन्होंने अपने क्षेत्र के लोगों के लिए बहुत कुछ किया। उनकी यादें हमेशा हमारे साथ रहेंगी। अल्बर्ट तिग्गा ने कहा की बैरागी उरांव एक महान व्यक्ति थे जिन्होंने अपने जीवन में कई उपलब्धियां हासिल कीं। उनकी मृत्यु से हमें एक बड़ी क्षति हुई है। सामुवेल टोप्पो ने कहा की बैरागी उरांव एक सच्चे नेता थे जिन्होंने अपने क्षेत्र के लोगों के लिए बहुत कुछ किया।

थाना प्रभारी वरुण कुमार यादव को डीजीपी ने किया निलंबित



चांडिल: सरायकेला जिले के चांडिल थाना प्रभारी वरुण कुमार यादव को झारखंड के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने निलंबित कर दिया है। यह निर्णय उनके खिलाफ लगे गंभीर आरोपों और उनकी कार्यशैली पर सवाल उठने के बाद लिया गया है। वरुण कुमार यादव पर कई आरोप लगाए गए थे, जिनमें अनुशासनहीनता और कर्तव्य के प्रति लापरवाही शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार, उनके खिलाफ विभागीय जांच चल रही थी, जिसमें प्राथमिक स्तर पर उनके आचरण को नियमों के विपरीत पाया गया। इसके अलावा, स्थानीय स्तर पर उनके खिलाफ जनता की शिकायतें भी लगातार बढ़ रही थीं। झारखंड पुलिस के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सख्त कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में अनुशासनहीनता और कर्तव्यहीनता को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह कदम पुलिस विभाग की छवि सुधारने और जनता में विश्वास बनाए रखने के लिए उठाया गया है। चांडिल थाना क्षेत्र एक संवेदनशील क्षेत्र है, जहां कानून-व्यवस्था बनाए रखना बेहद जरूरी है। ऐसे में थाना प्रभारी का कार्यक्षेत्र में ढिलाई बरतना क्षेत्र की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता था। उनके निलंबन से यह संदेश गया है कि पुलिस अधिकारी यदि अपने दायित्वों का पालन नहीं करेंगे तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वरुण कुमार यादव के खिलाफ विभागीय जांच अभी जारी है , और जांच के नतीजों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उनके स्थान पर एक नए थाना प्रभारी की नियुक्ति जल्द ही की जाएगी, ताकि थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखी जा सके। यह घटना झारखंड पुलिस में पारदर्शिता और अनुशासन सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

राष्ट्रीय योग स्कूली प्रतियोगिता के लिए झारखंड की अंडर 14 टीम रवाना

ईचागढ़ : तमिलनाडु के कोयंबटूर में 17 से 19 दिसंबर 2024 तक आयोजित होने वाली 68वीं राष्ट्रीय योग स्कूली प्रतियोगिता 2024 में भाग लेने के लिए अंडर 14 बालक टीम रवाना। सरायकेला के मध्य विद्यालय पान्ड्रा के प्रवीण कुमार महतो आर्टिस्टिक और ग्रुप इवेंट में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। ग्रुप इवेंट में गणेश कुमार , प्रवीण कुमार महतो, रुद्र कुमार सिंह, अमन कुमार , कार्तिक कुमार वहीं रिदमिक इवेंट में कृष्ण कुमार वहीं टीम मैनेजर ज्ञानोदय कुमार और कोच सपन कुमार साव, राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। इन सभी बच्चों का चयन जेसीईआरटी द्वारा आयोजित में खेलो झारखंड प्रतियोगिता से हुआ था।

पंडरा में 47वां फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

कुकडू: रविवार को कुकडू प्रखंड क्षेत्र के पंडरा फुटबॉल मैदान में मां संतोषी क्लब पंडरा के तत्वाधान में एक दिवसीय 16 दलीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में अतिथि के रूप में पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक साव उर्फ मांझी साव, जे के एल एम के तरुण महतो मौजूद रहे। इस एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का फाईनल मैच इस टी ब्रदर्स मुदीडीह बलरामपुर बनाम धीरेन स्पोर्टिंग काशीपुर के बीच खेला गया। जिसमें एस टी ब्रदर्स बलरामपुर पेनल्टी शूटआउट से विजय हुई। प्रतियोगिता में विजेता एस टी ब्रदर्स बलरामपुर को नगद 50 हजार रुपये, उपविजेता धीरेन स्पोर्टिंग काशीपुर को नगद 40 हजार रुपये, तृतीय पुरस्कार यांग स्पॉटिंग तिरुलडीह को 20 हजार रुपये एवं चतुर्थ पुरस्कार पल्सर बॉयस फुटबॉल टीम को 20 हजार रुपये नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। मेन ऑफ द सीरीज एक साइकिल दिया गया, इसके अलावा ओर भी बहुत सारे पुरस्कारों से खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।फाइनल खेल से पहले अतिथियों ने मैदान में जाकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। मौके झामुमो प्रखंड अध्यक्ष इंद्रजीत महतो, चौड़ा पंचायत के मुखिया रामलाल सिंह मुंडा, मनोज मछुआ, बनारसी रजक, पुरुलिया सिंगर कुंदन कुमार आदि उपस्थित हुए। खेल का संचालन नरोत्तम गोप एवं राजू गोप ने किया।

कनाडा में आंतरिक सुधार जरूरी

भारत डोगरा

वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक स्टीवर्ट बेल ने एक पुस्तक लिखी है, जिसका शीर्षक है- 'कोल्ड टैरर-कनाडा नरचर्स एंड एक्सपोर्टर्स टैररिज्म थ्रूआउट द वर्ल्ड'। इसमें उन्होंने लिखा है कि कनाडा की आतंकी समस्याओं के कारण बहुत हिंसा हुई है, लोग मारे गए हैं। इससे कनाडा में समस्याएं बढ़ गई हैं, और कुछ समुदायों पर उग्रवादियों ने अपना नियंत्रण बढ़ा लिया है।

ते ईस जून, 1985 को कनिष्क एअर इंडिया 182 विमान में उड़ते समय भयंकर विस्फोट हुआ जिससे हवाई जहाज अटलांटिक सागर में आयरलैंड के तटीय क्षेत्र के पास गिरा और उसमें सवार सभी 329 व्यक्ति मारे गए। इनमें से अधिकतर भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक थे।

जिन परिवारों के सदस्य मारे गए आज भी उन्हें न्याय नहीं मिला। इसके अतिरिक्त, वह भी समय-समय पर प्राप्त होने वाले तथ्यों से स्पष्ट होता रहा है कि यदि कनाडा की गुप्तचर और पुलिस एजेंसियों ने समुचित कार्रवाई की होती तो बड़ी संभावना यह होती कि इस हादसे को रोका जा सकता था। कनाडा के पब्लिक सेफ्टी मंत्रालय ने ओंटारियो के पूर्व मंत्री बाब रे को इस त्रासदी की जांच का काम सौंपा था। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि कनाडा गुप्तचर संस्थान (सीएसआईएस-कनाडियन सेक्युरिटी इंटेलीजेंस सर्विस) के अधिकारियों ने ऐसे दो खालिस्तानियों का पीछा किया जो उनके संदेह के दायरे में थे। दोनों एक टापूनुमा वीरान जंगली क्षेत्र में पहुंचे। वहां तक गुप्तचरों ने उनका पीछा किया। फिर जहां ये खालिस्तानी गए थे वहां से बड़े धमाके की आवाज आई। कोई बच्चा भी कहेगा कि इस धमाके की आवाज आने से पूछताछ की जरूरत और बढ़ गई थी पर इन गुप्तचरों ने ऐसा कुछ नहीं किया और आगे कोई कार्रवाई ही नहीं की। अब जब अन्य तथ्य सामने आ चुके हैं तो स्पष्ट है, जैसा कि जांच रिपोर्ट में भी कहा गया है, कि यह सुनसान इलाके में बम टेस्ट करने का प्रयास था क्योंकि दो वायुयानों में बम रखने की तैयारियां उस समय पूरे जोरों पर थीं। यदि समय पर इन खालिस्तानियों से भली-भांति पूछताछ कर ली जाती तो षड़यंत्र को उसी समय रोक पाने की संभावना थी।

एक अन्य बड़ा मुद्दा है कि गुप्तचर एजेंसी सीएसआईएस ने पहले टेपों पर खालिस्तानी षड़यंत्रकारियों की बहुत सी बातचीत रिकार्ड भी की थी और फिर इससे पहले कि इस रिकार्डिंग का समुचित विश्लेषण हो पाता, इनको नष्ट कर दिया गया। जांच रिपोर्ट ने इस बारे में इस केस की सुनवाई कर रहे जस्टिस जैसिफसन की टिप्पणी की ओर ध्यान दिलाया है, जिन्होंने इसे ऐसी लापरवाही बताया था, जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। आखिर, इतनी बड़ी लापरवाही कैसे हो गई, इस पर चर्चा हुई तो सीएसआईएस का यह पक्ष सामने आया कि उसके एक एजेंट ने खालिस्तानी षड़यंत्रकारियों में घुसपैठ कर ली थी, हालांकि कनिष्क हादसे से तीन दिन पहले उसे अलग कर लिया

गया। सीएसआईएस का पक्ष, जो प्रकाशित रिपोर्टरे में बताया गया है (जैसा बीबीसी की एक रिपोर्ट में भी छपा) कि उसने अपने इस एजेंट के बचाव के लिए टेप नष्ट किए।

पर ज्यादा महत्त्वपूर्ण बात यह है कि एजेंट के पास जो जानकारी थी, उसका भरपूर उपयोग किया जाता तो इतना समय जरूर मिलता कि षड़यंत्र का पता लगा कर उसे नाकाम कर दिया जाता। पर ऐसा नहीं हुआ। जांच रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि जो जानकारी सीएसआईएस के पास होती थी वह कनाडियन पुलिस (आरसीएमपी) के साथ ठीक से शेयर नहीं की जाती थी। कनाडा के उच्च स्तर के कुछ सुरक्षा अधिकारियों ने इस बारे में गंभीर चिंता व्यक्त करनी आरंभ की कि कनाडा में बहुत से आतंकी संगठनों ने डेरा जमा लिया है।

सीएसआईएस के पूर्व अध्यक्ष वार्ड एलकाक ने अपनी उच्चस्तरीय जानकारी के आधार पर सीनेट की एक विशेष समिति को बताया कि अमेरिका को छोड़ दें तो किसी भी अन्य देश की अपेक्षा कनाडा में अधिक आतंकवादी संगठन सक्रिय हैं। उन्होंने बताया कि उनका संस्थान सीएसआईएस की आतंक-विरोधी शाखा ऐसे 50 आतंकवादी संगठनों और इनसे जुड़े 350 व्यक्तियों की जांच कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि ये विभिन्न आतंकवादी संगठन आतंकवादी कार्रवाइयों में सहायता देते हैं, आतंकवाद के लिए धन एकत्र करते हैं, प्रोपेगंडा और असत्य (डिसइंफाग्रेशन) फैलाने के लिए विभिन्न समुदायों का दोहन-शोषण करते हैं, अप्रवासियों को डराते-धमकाते हैं, आतंकियों के लिए कनाडा में सुरक्षित शरण स्थलों की व्यवस्था करते हैं, आतंकियों की अमेरिका तक आने-जाने की व्यवस्था करते हैं, और अप्रवासियों की तस्करी करते हैं।

यह बयान कनाडा के फ्रेसर इंस्टीट्यूट की अध्ययन रिपोर्ट में उपलब्ध है, जिसका शीर्षक है 'कनाडा' ज इनएडिक्वेट रिस्पॉन्स टू टेररिज्म'। रिपोर्ट के लेखक हैं मार्टिन कोलाकोट। रिपोर्ट में बताया गया है कि विभिन्न खालिस्तानी आतंकवादी संगठनों के अतिरिक्त अनेक अन्य तरह के आतंकवादी संगठन भी कनाडा में सक्रिय हैं, और इनका संबंध अनेक अन्य चर्चित आतंकवादी हमलों से भी जुड़ा रहा है। रिपोर्ट ने स्पष्ट कहा है कि कई महत्त्वपूर्ण संदर्भों में कनाडा की सरकार आतंकवाद के नियंत्रण के लिए असरदार कदम उठाने में असमर्थ रही है। रिपोर्ट ने बताया है कि खतरनाक आतंकी संगठनों पर सरकार प्रतिबंध नहीं लगा सकी और यहां तक कि ऐसे कुछ संगठन परोपकारी कार्य का आवरण लगा कर अपना प्रसार करते हैं, उस पर भी काफी समय तक रोक नहीं लग सकी। उनके विरुद्ध असरदार कार्रवाई करने के बहुत कम उदाहरण कनाडा में देखे गए हैं।

इतना ही नहीं, कुछ राजनीतिक दल और नेता भी अपने संकीर्ण स्वार्थी हितों के लिए ऐसी ढील देने की नीति अपनाते हैं। सीएसआईएस की रणनीतिक योजना के पूर्व मुख्य अधिकारी डेविड हैरिस से जब पूछा गया कि क्या कनाडा आतंकवादियों की सुरक्षित शरण स्थली बन रहा है, तो उन्होंने उत्तर दिया कि ऐसी आशंका का बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां 50 आतंकवादी संगठनों की उपस्थिति है, जिनमें से अनेक प्रमुख आतंकवादी संगठन हैं। वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक स्टीवर्ट बेल ने एक पुस्तक लिखी है, जिसका शीर्षक है-'कोल्ड टैरर-कनाडा नरचर्स एंड एक्सपोर्टर्स टैररिज्म थ्रूआउट द वर्ल्ड'। इसमें उन्होंने लिखा है कि कनाडा की आतंकी समस्याओं के कारण बहुत हिंसा हुई है, लोग मारे गए हैं। इससे कनाडा में समस्याएं बढ़ गई हैं, और कुछ समुदायों पर उग्रवादियों ने अपना नियंत्रण बढ़ा लिया है।

मेजर ग्रेग ले ने कनाडियन फोर्सेज कॉलेज के लिए एक अनुसंधान पत्र लिखा है, जिसका शीर्षक है, 'द इवॉल्यूशन ऑफ टैररिज्म इन कनाडा-इन्क्रीज्ड थ्रेट इन अ कल्चर ऑफ इनडिफेरेंस'। इस अध्ययन में लिखा है कि आतंकियों की हिंसक और जबरदस्ती वाली प्रवृत्तियों से कनाडा के सिख समुदाय की समस्याएं और दुख-दर्द बढ़ गए हैं। बाब रे, जो आनटेरियो के मंत्री रह चुके थे, को कनिष्क त्रासदी की जांच का कार्य सौंपा गया। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में बताया कि सिख समुदाय आतंकियों के दबाव से त्रस्त और परेशान है। इन सब तथ्यों को ध्यान में रखते हुए जरूरी है कि कनाडा सरकार आतंकवाद पर नियंत्रण रखने की अपनी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारी भली-भांति निभाए।

संपादकीय

भारत-रूस रिश्ते को मजबूती

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की तीन दिवसीय रूस यात्रा दोनों देशों के रक्षा संबंधों को और मजबूती देने की दिशा में निस्संदेह बहुत उपयोगी रही. वह वहां सैन्य और सैन्य सहयोग पर भारत-रूस अंतर सरकारी आयोग के 21वें सत्र में भाग लेने गये थे. वह आइएनएस तुशिल की फ्लैग रेजिंग सेरेमनी में भी शामिल हुए, जिसे काफी पहले भारतीय नौसेना में शामिल होना था, लेकिन कोविड, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में रुकावट तथा रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से यह टलता रहा था. रक्षा मंत्री ने वहां रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की और द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के विभिन्न मुद्दों पर उनसे बात की.

पुतिन से उनका यह कहना मायने रखता था कि भारत और रूस के बीच मित्रता सबसे ऊंचे पर्वत से भी ऊंची और सबसे गहरे महासागर से भी गहरी है. उन्होंने रूसी राष्ट्रपति को यह भी बताया कि भारत पर सार्वजनिक और निजी तौर पर कई तरह के दबाव हैं, इसके बावजूद वह हमेशा अपने रूसी मित्र के साथ खड़ा रहा और भविष्य में भी खड़ा रहेगा. रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच उनके इस बयान का महत्व है. दोनों ने इस पर जोर दिया कि दोनों देशों के बीच साझेदारी में अत्यधिक संभावनाएं हैं और साझा प्रयासों से शानदार नतीजे हासिल किये जा सकते हैं. उनका यह भी कहना था कि दोनों देशों के बीच जी-20, ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन जैसे बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग बढ़ रहा है.

राजनाथ सिंह ने रूसी रक्षा मंत्री आंद्रे बेलासोव से रक्षा मुद्दों पर व्यापक बातचीत की और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली 'एस-400 ट्रंफ' की शेष दो यूनिटों की आपूर्ति जल्दी करने का दबाव भी डाला. यूक्रेन से युद्ध के चलते भारत को दी जाने वाली इन दो यूनिटों की आपूर्ति में विलंब हुआ है. रक्षा मंत्री ने विभिन्न मिलिट्री हार्डवेयर के निर्माण के क्षेत्र में भारत में असीम संभावनाओं की जानकारी दी. रूसी रक्षा मंत्रालय ने इस संबंध में अपने एक बयान में कहा है कि रूस और भारत के बीच आपसी सम्मान पर आधारित एक मजबूत और पुरानी दोस्ती है.

इसमें यह भी कहा गया कि जुलाई में मास्को में राष्ट्रपति पुतिन और प्रधानमंत्री मोदी की हुई बैठक और अक्तूबर में कजान में आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान हुई मुलाकातों के परिणामस्वरूप विशेष रणनीतिक साझेदारी और गहरी हुई है, जिसमें रक्षा क्षेत्र भी शामिल है. राजनाथ सिंह की इस यात्रा का उद्देश्य रक्षा क्षेत्र में आपसी संबंध को और मजबूत बनाना था, जिसमें वह सफल रहे.

चिंतन-मनन

सम्मान पाने के लिए मर्यादा का पालन जरूरी

संसार में भगवान राम मर्यादा पुरूषोत्तम के रूप में पूजे जाते हैं। इसका कारण यह है कि इन्होंने अपने जीवन में हर रिश्ते के साथ न्याय किया। इन्होंने कभी भी बड़ा होने का अभिमान नहीं दिखाया। इन्होंने छोटे भाइयों को सम्मान दिया और सदैव माता-पिता के आज्ञाकारी रहे। पत्नी की सुरक्षा के लिए रावण से लड़े और राजा के रूप में जनता को महत्व दिया। लेकिन जब कोई व्यक्ति अपनी मर्यादा की सीमा रेखा को तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश करता है तभी विवाद और क्लेश उत्पन्न होता है। वर्तमान समय में कई ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं कि बेटे ने पिता को घर से बाहर निकाल दिया। बेटे ने बाप की संपत्ति हड़प ली। ससुर का अपनी बहू से अनैतिक संबंध है और भाई ने बहन का अपमान किया। जब ऐसी घटनाएं होती हैं तो मर्यादा का हनन होता है। संसार में रिश्तों की डोर का निर्माण मर्यादा की रक्षा के लिए किया गया था। यही सामाजिक जीवन का आधार भी है।

जब कोई मार्यादा का उल्लंघन करता है तब सामाजिक व्यवस्था बिगडने लगती है और मर्यादा का उल्लंघन करने वाला और मर्यादा का हनन होने वाला दोनों ही अपमानित होता है। जब कोई किसी के साथ अमर्यादित व्यवहार करता है तो उसे भी अमार्यादित व्यवहार ही प्राप्त होता है। उदाहरण के तौर पर गंगा नदी जब तक अपनी सीमा में प्रवाहित होती है उसे माता का दर्जा प्राप्त होता है, लोग इसकी आरती उतारते हैं। लेकिन जब अपनी मर्यादा का उल्लंघन करके तटों को तोड़कर आगे बढ़ती है तब गंगा आदरणीय नहीं रह जाती है। नाले के जल में मिलकर गंगाजल गंदाजल कहलाने लगता है।

विजय दिवस : पराक्रमी भारतीय सेना का साहस

हेमेन्द्र क्षीरसागर

भारत ने पाकिस्तानी सत्ता और सेना के अत्याचार से पीड़ित पूर्वी पाकिस्तान की जनता को अपना सहयोग देकर बांग्लादेश के रूप में एक नए राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। 1971 का युद्ध भारत और पाकिस्तान के बीच एक सैन्य संघर्ष था जिसमें पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी। इसका आरंभ पश्चिमी पाकिस्तान और तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान के बीच सशस्त्र संघर्ष के बीच 3 दिसंबर, 1971 को पाकिस्तान द्वारा भारतीय वायुसेना के 11 स्टेशनों पर रिक्तिपूर्व हवाई हमले किए जाने के परिणामस्वरूप भारतीय सेना पूर्वी पाकिस्तान में बांग्लादेश स्वतंत्रता संग्राम में बंगाली राष्ट्रवादी गुटों के समर्थन देने के निर्णय के कारण हुआ। जिसमें पाकिस्तान को अप्रत्याशित पराजय का सामना करना पड़ा। इसमें भारतीय सेना द्वारा 93 हजार पाकिस्तानी सैनिक बंदी बना लिए गए और पूर्वी पाकिस्तान, पाकिस्तान के नियंत्रण से मुक्त होकर बांग्लादेश बन गया।

ये युद्ध भारत के लिए ऐतिहासिक युद्ध माना जाता है। इसीलिए देश भर में भारत की पाकिस्तान पर जीत के उपलक्ष में 16 दिसंबर को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि वर्ष 1971 के युद्ध में तकरीबन 3,900 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे और लगभग 9,851 घायल हुए। युद्ध के 8 महीने बाद अगस्त 1972 में भारत और पाकिस्तान ने शिमला समझौता 1972 किया। इसके अंतर्गत बंदी बनाए गए पाकिस्तानी सैनिकों को वापस पाकिस्तान भेज दिया गया था।

भारत की पराक्रमी सेना के साहस ने पाकिस्तान की सेना के 97,368 सैनिकों को आत्मसमर्पण के लिए विवश किया। इस गौरवशाली दिवस पर स्वयं सेवकों के बल और सामर्थ्य में वृद्धि करने हेतु संघ प्रतिवर्ष 16 दिसम्बर को प्रहार महायज्ञ का आयोजन करता है। इस दिन स्वयंसेवकों को यह स्मरण दिलाया जाता है कि महाराणा प्रताप की भुजाओं में इतना बल था कि उन्होंने तलवार के एक ही वार से बहलोल खान को जिरह-बख्तर, घोड़े सहित काट डाला। रानी दुर्गावती युद्ध के मैदान में घोड़े की लगाम मुँह में थाम कर दोनों हाथों में तलवार लेकर उतरी थीं और शत्रुओं को नाकों चने चबवा दिए। छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपनी तलवार के बल पर आदिलशाही और मुगलशाही से टक्कर लेते हुए हिन्दू साम्राज्य की स्थापना की थी। हम उन्हीं महान पूर्वजों के वंशज हैं। हमारी भुजाओं में वैसा ही बल चिर स्थाई रहे, हम क्षमतावान बने रहें।

एक साथ चुनाव से सशक्त बनेगा देश

सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि हमेशा चलने वाले चुनावों पर विराम लग जाएगा। सरकारों का ध्यान विकास कार्यों की ओर होगा। आचार संहिता की वजह से विकास कार्य ठप्प नहीं होंगे। और सबसे ऊपर हर बार चुनाव में होने वाले बेहिसाब खर्चों पर लगाम लगेगी। चुनाव आयोग से लेकर राजनीतिक दलों का चुनावों पर बेहिसाब खर्च होता है। एक साथ चुनाव से इन खर्चों में कटौती होगी। सुरक्षा बलों को भी लगातार इस राज्य से उस राज्य तक यात्रा करनी पड़ती है। आम लोगों का ध्यान भी चुनाव पर लगा रहता है। यह सब कुछ एक निर्णय से बदल जाएगा।

देश सचमुच बदल रहा है। न सिर्फ बदल रहा है, बल्कि शक्तिशाली हो रहा है। लोकतंत्र सशक्त हो रहा है। वैश्विक स्तर पर देश का मान बढ़ रहा है। देश में आर्थिक और राजनीतिक स्थिरता आई है। अभी जिस समय देश संविधान अंगीकार करने के 75 साल पूरे होने का उत्सव मना रहा है, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने एक और ऐतिहासिक निर्णय किया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ह्यएक देश, एक चुनावह्न के लिए बनाए गए दो विधेयक को मंजूरी दे दी है। संसद के शीतकालीन सत्र में इसके लिए सरकार दो विधेयक पेश करेगी। इनके जरिए संविधान के अनुच्छेद 82ए, 83, 172 और 327 में संशोधन का प्रस्ताव रखा जाएगा। इससे लोकसभा और सभी विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने और लोकसभा व सभी विधानसभाओं के कार्यकाल से जुड़े जरूरी बदलाव किए जाएंगे। केंद्र सरकार ने इससे पहले सितंबर में पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति की रिपोर्ट मंजूर कर ली थी, जिसकी सिफारिशों के आधार पर ये विधेयक तैयार किए गए हैं।

श्री रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति ने सभी संबंधित पक्षों के साथ विचार विमर्श किया था। उनकी समिति के सामने अनेक विपक्षी पार्टियों ने सारे चुनाव एक साथ कराने के प्रस्ताव का विरोध किया था, लेकिन ज्यादातर पार्टियां इस विचार के समर्थन में थीं। चुनाव आयोग और आम लोगों से भी समिति ने राय ली थी। इसके बावजूद सरकार अपने संपूर्ण बहुमत के दम पर एकतरफा तरीके से इन विधेयकों को नहीं पास कराने जा रही है। सरकार इस मामले में आम राय बनाने का प्रयास कर रही है। इसलिए संविधान संशोधन के विधेयक पेश करने के बाद उसे संयुक्त संसदीय समिति यानी जेपीसी को भेजा जा सकता है, जहां सभी पार्टियों के सांसद इस पर विचार करेंगे। यह समिति सभी संबंधित पक्षों से सलाह मशविरा करेगी और आम लोगों की राय भी लेगी। उसके बाद सहमति बना कर इसे पास कराया जाएगा। वैसे सरकार जब चाहती तब इसे पास करा सकती थी क्योंकि ये साधारण संशोधन हैं, जिनके लिए संसद में साधारण बहुमत की जरुरत है और राज्यों की विधानसभा से मंजूरी लेने की आवश्यकता नहीं है। फिर भी सरकार आम सहमति का रास्ता अपनाएगी।

जिस समय श्री रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में समिति बनाई गई थी तभी से इसे लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। विपक्ष पूछ रहा है कि इसका क्रियान्वयन कैसे होगा? अगर 2029 के लोकसभा चुनाव के साथ सभी राज्यों के विधानसभाओं के चुनाव कराने हैं तो अगले चार साल में होने वाले विधानसभा चुनावों का क्या होगा? यह भी पूछा जा रहा है कि अगर लोकसभा और सभी विधानसभाओं का कार्यकाल तय कर दिया जाएगा तो बीच में सरकार ने बहुमत गंवाया या सरकार गिरी तब क्या होगा? क्या वहां राष्ट्रपति शासन लगा रहेगा और अगले लोकसभा चुनाव के साथ ही वहां चुनाव होगा? वैसे इन सभी सवालों का जवाब सरकार की ओर से प्रस्तावित विधेयक में मिल जाएगा। परंतु अगर राजनीतिक पूर्वाग्रह छोड़ दें तो इन सवालों के जवाब बहुत मुश्किल नहीं हैं। कुछ विधानसभाओं के कार्यकाल बढ़ा कर और कुछ के कार्यकाल घटा कर सभी विधानसभाओं के चुनाव लोकसभा के साथ कराए जा सकते हैं।

जहां तक बीच में सरकार गिरने का सवाल है तो पिछले काफी समय से मध्यावधि चुनाव का चलन समाप्त हो गया है। पिछले एक दशक से ज्यादा समय से दिल्ली के एक अपवाद को छोड़ दें तो किसी राज्य में मध्यावधि चुनाव की नौबत नहीं आई है। यह लोकतंत्र की परिपक्वता का प्रतीक है। फिर भी इस संभावना को देखते हुए सकारात्मक अविश्वास प्रस्ताव का प्रावधान किया जा सकता है। यानी सरकार गिरने के साथ ही नई सरकार बनाने का प्रस्ताव भी रखा जाए। इसके बावजूद अगर कहीं सरकार गिरती है और नई सरकार नहीं बनती है तो वहां बचे हुए कार्यकाल के लिए चुनाव कराया जा सकता है। अगर इतने बड़े ऐतिहासिक निर्णय पर अमल करना है तो छोटे छोटे कुछ अपवाद बनाने होंगे।

विपक्ष की ओर से पहले दिन से इस प्रस्ताव का विरोध किया जा रहा है। विपक्ष का विरोध सिर्फ इस कारण से है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इसका प्रस्ताव किया है। विपक्ष को सरकार के हर प्रस्ताव और हर अच्छी पहल का विरोध करना है इसलिए वह विरोध कर रही है। विरोध में विपक्ष की ओर से ऐसे तर्क दिए जा रहे हैं, जिनसे खुद ही विपक्षी पार्टियां कठघरे में खड़ी होती हैं। कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियां लोकसभा के साथ सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव को लोकतंत्र विरोधी बता रही हैं। प्रश्न है कि पूरे देश में एक साथ चुनाव कराना लोकतंत्र विरोधी कैसे है और अगर यह लोकतंत्र विरोधी है तो स्वतंत्रता के बाद करीब 20 साल तक चार लोकसभा चुनाव और सभी विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कैसे हुए?

क्या देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू और कांग्रेस के दूसरे नेता लोकतंत्र विरोधी कार्य कर रहे थे? ध्यान रहे आजादी के बाद 1952 में हुए पहले चुनाव से लेकर 1967 के चौथे चुनाव तक देश के सारे चुनाव एक साथ होते थे। उस समय भी अगर कांग्रेस पार्टी ने अपनी संविधान विरोधी सोच में गैर कांग्रेसी राज्य सरकारों को बरखास्त करना नहीं शुरू किया होता तो आगे भी एक साथ चुनाव की प्रक्रिया चलती रहती। लेकिन कांग्रेस को बरदाश्त नहीं हुआ कि राज्यों में उसको हरा कर गैर कांग्रेसी सरकारें कैसे बन गई हैं। सो, उसने अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग करके उन सरकारों को बरखास्त किया, जिसकी वजह से एक साथ चुनाव का चक्र टूट गया। उसके बाद गठबंधन की राजनीति के दौर में केंद्र में और राज्यों में भी एक के बाद एक मध्यावधि चुनाव हुए। कहने की जरुरत नहीं है कि नब्बे के दशक का वह दौर देश की राजनीति और अर्थव्यवस्था के लिए सबसे खराब दौर रहा।

देश उस दौर से निकल आया है। अब राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता है और देश प्रगति के रास्ते पर अग्रसर है। इसलिए अब उससे और आगे बढ़ने की जरुरत है। देश की अर्थव्यवस्था और लोकतंत्र की मजबूती के लिए अगला चरण सभी चुनाव एक साथ कराने का है। ध्यान रहे भारत में चुनावों का ऐसा चक्र बना हुआ है कि हर साल कहीं न कहीं चुनाव होते हैं। इस साल लोकसभा चुनाव के साथ चार राज्यों के विधानसभा चुनाव हुए और उसके बाद छह महीने में चार और राज्यों के चुनाव हो चुके हैं। अगले साल यानी 2025 में दो राज्यों के चुनाव हैं। उसके अगले साल 2026 में छह राज्यों के चुनाव हैं। उसके अगले साल भी छह राज्यों के चुनाव होने हैं।

इसी तरह साल दर साल चुनाव चलते रहते हैं और चुनाव भले किसी छोटे राज्य का हो लेकिन उस पर राष्ट्रीय दृष्टि लगी रहती है। लोग भी उसमें व्यस्त रहते हैं और विकास के कामकाज या तो ठप्प रहते हैं या उनकी रफ्तार धीमी हो जाती है। राजनीतिक दल संगठनात्मक कार्यों और आम नागरिकों का राजनीतिक, सामाजिक प्रशिक्षण करने की बजाय चुनावों में व्यस्त रहते हैं तो सरकारें सकारात्मक व टिकाऊ विकास के कार्यों की बजाय लोक लुभावन कार्यों में व्यस्त रहती हैं। एक साथ चुनावों के जरिए हर समय चलने वाले चुनावों पर विराम लगाया जा सकेगा और सरकारें टिकाऊ विकास के प्रति ज्यादा समर्पण के साथ काम कर सकेंगी। सरकार जो विधेयक ला रही है उसके मुताबिक लोकसभा के साथ सभी राज्यों के विधानसभा चुनाव होंगे और उसके एक सौ दिन के अंदर सभी स्थानीय निकायों के चुनाव हो जाएंगे। इसका सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि हमेशा चलने वाले चुनावों पर विराम लग जाएगा। सरकारों का ध्यान विकास कार्यों की ओर होगा। आचार संहिता की वजह से विकास कार्य ठप्प नहीं होंगे। और सबसे ऊपर हर बार चुनाव में होने वाले बेहिसाब खर्चों पर लगाम लगेगी। चुनाव आयोग से लेकर राजनीतिक दलों का चुनावों पर बेहिसाब खर्च होता है। एक साथ चुनाव से इन खर्चों में कटौती होगी। सुरक्षा बलों को भी लगातार इस राज्य से उस राज्य तक यात्रा करनी पड़ती है। आम लोगों का ध्यान भी चुनाव पर लगा रहता है। यह सब कुछ एक निर्णय से बदल जाएगा। तभी एक साथ चुनाव कराने का निर्णय ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने 2014 के बाद से देश बदलने वाले जो ऐतिहासिक निर्णय किए हैं यह भी उसी कड़ी का एक महान निर्णय है।

-एस. सुनील

सरदार पटेल होते तो कश्मीर में धारा 370 नहीं होती

74वीं पुण्यतिथि पर सीएम योगी ने दी श्रद्धांजलि, बोले: वे आधुनिक भारत के शिल्पी थे

संवाददाता

लखनऊ। 'सरदार पटेल का पूरा जीवन राष्ट्र व भारत मां के चरणों में समर्पित था। श्रेष्ठ भारत व सुरक्षित भारत की पृष्ठभूमि में सरदार पटेल की सोच, प्रयास व परिश्रम शामिल है। अगर वो होते तो कश्मीर में कभी धारा 370 नहीं लागू होता। वो हर अन्नदाता किसान को समृद्धि की नई ऊंचाई तक पहुंचाने का प्रयास करते रहे।' यह बातें रविवार को लखनऊ में आयोजित सरदार वल्लभ भाई पटेल की 74वीं पुण्यतिथि पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कही। सरदार वल्लभ भाई पटेल स्मृति समारोह समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। स्वतंत्र भारत के निर्माण में उनके योगदान को याद किया। मुख्यमंत्री ने कहा- सरदार पटेल ने देश के 563 से अधिक रियासतों को शांतिपूर्ण ढंग से भारत में मिलाकर राष्ट्र के एकीकरण का चुनौतीपूर्ण कार्य पूरा किया। उनके योगदान को आज भी राष्ट्र श्रद्धा और सम्मान के साथ स्मरण करता है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जूनागढ़ और हैदराबाद जैसी रियासतों को लेकर जो संकट उत्पन्न हुए थे, वे सरदार पटेल की दृढ़ इच्छाशक्ति और कुशल नेतृत्व के कारण ही समाप्त हुए। वर्तमान भारत का स्वरूप सरदार पटेल की दूरदृष्टि और सशक्त नेतृत्व का परिणाम है। उन्हें सही मायने में आधुनिक भारत का शिल्पी कहा जा सकता है। सीएम योगी ने कहा कि सरदार पटेल ने चंपारण आंदोलन, नमक सत्याग्रह, भारत छोड़ो आंदोलन समेत आजादी से जुड़े सभी महत्वपूर्ण आंदोलनों में भाग लिया। भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान उन्हें जेल की यातना भी झेलनी पड़ी थी। सरदार पटेल ने अन्नदाता किसानों की समृद्धि व उत्थान के लिए जनजागरण के अनेक अभियान भी चलाए। गुजरात में सहकारिता के मजबूत आंदोलन की पृष्ठभूमि में भी सरदार पटेल का विजन है। उन्होंने हर अन्नदाता किसान को समृद्धि की नई ऊंचाई तक पहुंचाया। सीएम योगी ने कहा कि एक तरफ भारत मां के इस महान सपूत ने देश के एकीकरण के लिए अभियान को आगे बढ़ाया तो दूसरी तरफ गुलामी के कालखंड में जिन मान बिंदुओं का अपमान हुआ था, उनकी पुनर्स्थापना का भी कार्यक्रम संपन्न कराया। सोमनाथ मंदिर के पुनरुद्धार को हाथों में लेकर सांस्कृतिक भारत की स्थापना का जो अभियान चलाया था, उसी का परिणाम है कि सरदार पटेल के प्रति श्रद्धा व कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए पीएम मोदी के नेतृत्व में नया भारत पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। सीएम योगी ने कहा कि सरदार पटेल होते तो कश्मीर में धारा-370 कभी लागू नहीं हो पाता। छद्म रूप से जिन लोगों ने धारा-370 को डालकर एक भारत, श्रेष्ठ भारत के मार्ग में बैरियर खड़ा किया, उसे पीएम मोदी ने 5 अगस्त 2019 को हटाकर आतंकवाद की नींव को समाप्त कर दिया। अयोध्या में राम मंदिर भी नए सांस्कृतिक भारत का अभिन्न हिस्सा है, जिसका शुभारंभ 1948 में लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने सोमनाथ मंदिर से किया था। इस अवसर पर समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक शशांक वर्मा, अमरेश कुमार, आशीष सिंह 'आशु', विधान परिषद सदस्य लालजी प्रसाद निर्मल, इंजी. अवनीश कुमार सिंह, रामचंद्र प्रधान, उमेश द्विवेदी, आयोजन समिति की अध्यक्ष राजेश्वरी देवी वर्मा, डीएम कटियार, दिनेश सचान, डॉ. इंद्रेश्वर वर्मा आदि मौजूद रहे।

संक्षिप्त डायरी

हमीरपुर के ललपुरा थाने में हुआ समाधान दिवस का आयोजन

संवाददाता

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के ललपुरा थाने में समाधान दिवस के मौके पर हमीरपुर के तेज तर्रार जिलाधिकारी घनश्याम मीना जबकि पुलिस कप्तान दिक्षा शर्मा ने आये हुये फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनका निस्तारण किया गया, जबकि दोनों अधिकारियों ने बाकी शिकायतों के जल्द निस्तारण के लिये जिम्मेदारों को निर्देशित किया, साथ ही जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने जमीन से जुड़े मामलों को पुलिस और राजस्व विभाग की ज्वांइट टीम के साथ मौके पर जाकर जल्द डिस्पोजल करने के निर्देश दिये। इस मौके पर थानाध्यक्ष ललपुरा सहित अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

धमकी देने वाले दो गुनाहगारों को दो-दो साल की सख्त सजा के साथ ही तीन हजार रुपये का हुआ जुमार्ना

संवाददाता

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के कुरारा के कुतुबपुर में 20 अगस्त 1998 में अभियुक्तों ने पीड़ित के घर में घुसकर लूटपाट करने के साथ ही मारपीट सहित गालीगलौज करने के साथ ही जान से मारने की धमकी देने के मामले में अ०सं०-197/1998 धारा 452,323, 504,506,394 आईपीसी के तहत अभियुक्त सन्तोष कुमार पुत्र बेनीप्रसाद सहित महेश कुमार पुत्र बारेलाल निवासी कुतुबपुर थाना कुरारा के खिलाफ 20 अगस्त 1998 को दर्ज किया गया था, जबकि आपरेशन कन्विक्शन के तहत 13 दिसम्बर 2024 को डकैती कोर्ट हमीरपुर के स्कालर जज अनिल कुमार खरवार ने अभियुक्त सन्तोष कुमार सहित महेश कुमार को धारा-452,506,323/34 आईपीसी के तहत गुनाहगार मानते हुये दो साल की सजा के साथ ही पन्द्रह-पन्द्रह सौ रुपये का जुमार्ना किया गया, जबकि मामले की जांच एस आई एस.पी. सिंह न पूरी करते हुये अदालत में चार्जशीट सम्मिट की थी,वहीं अभियोजन की तरफ से इस मामले में एडीजीसी मणिकर्ण शुक्ला सहित एडीजीसी अशोक कुमार शुक्ला ने जोरदार पैरवी की।

एडीजीसी- मणिकर्ण शुक्ला

नेयेवली पावर प्लांट में हुआ जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर से सटे नेयेवली पावर लिमिटेड में मेसर्स पावर मैकिनकल प्रोजेक्ट लिमिटेड की तरफ से आयोजित कार्यक्रम एनर्जी कन्जरवेशन के मौके पर मौजूद लोगों को जागरूक किया गया, जिसमें नेयेवली के सेफ्टी डीजीएम बालामुर्गन, एचआर कौशिक मौजूद रहे। इसके साथ ही पावर मैच के अधिकारी मौजूद रहे, जबकि पावर मैक के सुरक्षा प्रमुख अकबर खान, जबकि टीजी बीओपी प्रमुख जीतेन्द्र गुप्ता,वहीं सीएचपी प्रमुख एस एस चंदन, जबकि पर्यावरण प्रमुख राजेश शास्त्री सहित पावर मैक इंजीनियर और वर्कमैन मौजूद रहे। इस मौके पर कौशिक (नेयेवली एचआर) ने ऊर्जा संरक्षण के लिये सुरक्षा शपथ भी दिलाई। जबकि बालामुर्गन ने जल, गैस और बिजली संरक्षण पर जोर दिया। ये पहला कार्यक्रम है जो ओ एंड एम एजेंसी मेसर्स पावर मेक प्रोजेक्ट्स लिमिटेड की तरफ से संचालित किया गया है। कार्यक्रम का नेतृत्व सहायक प्रबंधक सुरक्षा अकबर खान ने किया, जबकि संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन पावर मेक एनवायरमेंट टीम राजेश शास्त्री पर्यावरण प्रमुख के सहयोग से पूरा हुआ।

काली मंदिर निर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन

संवाददाता

कसया, कुशीनगर। नगरपालिका परिषद कुशीनगर अन्तर्गत वार्ड संख्या 22 महन्थ अवैद्यनाथ नगर (शिवराज पट्टी) में काली माता स्थान पर मन्दिर निर्माण के लिए विधि - विधान से पुजन अर्चन कर भूमि पूजन किया गया। रविवार को आचार्य राम नरायण पाण्डेय के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सभासद विजेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ भगत सिंह ने अपनी पत्नी उर्मिला चौधरी के साथ भूमि पूजन किया और भव्य काली मंदिर के नींव की ईंट रखी। सभासद श्री सिंह ने बताया कि यह स्थान हिन्दू आस्था का प्रतीक है। पूरे वर्ष भक्त मां काली का पुजन अर्चन करते हैं और मन्नत पूरी होने पर विविध कार्यक्रम वर्ष भर होते रहते हैं। इसको देखते हुए श्रद्धालुओं के सहयोग से मन्दिर भव्य बनेगा और मां काली की प्रतिमा लगेगी। इस अवसर पर कीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व प्रधान कपिलदेव प्रसाद, केदार सिंह, राम प्रवेश सिंह, केदार यादव, बंता सिंह, रिंकू राव, संजय सिंह, प्रधानाचार्य महेश पासवान, आनन्द प्रसाद, राजकुमार सिंह, वकील सिंह, श्रीराम राजभर, बुन्ना सिंह, जगदीश, ज्ञान चन्द सिंह, राजेश रावत, चिरन्जी राव आदि मौजुद रहे।

15 जनवरी को होगा सैनिक अभिनंदन समारोह

संवाददाता

कुशीनगर। राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा आगामी 15 जनवरी 2025, बुधवार को कसया तहसील स्थित भठही बाबू ग्राम सभा के जूनियर हाइस्कूल परिसर में जन सहयोग से सैनिक अभिनंदन समारोह का आयोजन कर वर्ष 2024 में राष्ट्र की सेवा कर भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुए कुशीनगर जनपद के सभी सैनिकों का अभिनंदन किया जाएगा। इस निमित्त रविवार को आयोजन स्थल पर ग्राम प्रधान सुभाष कान्दू की अध्यक्षता में तैयारी बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में भठही बाबू सहित क्षेत्र के अन्य गांवों के लोग उपस्थित रहे और सभी ने भारतीय सेना व राष्ट्र सपूतों के सम्मान में आयोजित इस क्रार्यक्रम को हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाने की बात कही। संचालन संस्था सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र ने किया।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कसया अमरजीत यादव, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सतवंत यादव, नरेंद्र नाथ त्रिपाठी, चंदेश्वर शर्मा परवाना, पेशकार गौड़, ब्रज नारायण प्रसाद गौड़, गोपाल राव, अजय यादव, रंजीत कुमार, अनिल महेशिया, अमरनाथ भारती, कृष्णमोहन, अजय कुमार, दशरथ यादव, ऋषभ राव, राजेश चौधरी, चंद्रभूषण मिश्र, जयराम पटेल, प्रशांत किशोर यादव, अश्विनी द्विवेदी, पंडित कन्हैया मिश्र, हरेंद्र कुमार यादव, अनिल तिवारी, आदित्य कुमार पांडेय, राहुल कुमार गौतम, महेंद्र कुशवाहा, धर्मेंद्र गौड़ आदि उपस्थित रहे।

फिल्म पुष्पा के डायलॉग पर लहराया तमंचा, पहुंचे गए जेल

गोरखपुर पास महाराजगंज जिले में पुष्पा 2 के मशहूर डायलॉग के साथ तमंचा लहराते हुए रील बनाना दो युवकों के लिए मुसीबत बन गया। रील सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पुलिस हरकत में आई और दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, जांच के दौरान पुलिस को उनके पास से नकली तमंचा बरामद हुआ। वायरल वीडियो में पुष्पा 2 का चर्चित डायलॉग पुष्पा को नेशनल खिलाड़ी समझे क्या, इंटरनेशनल है बैकग्राउंड में बज रहा था। रील को शादी समारोह के दौरान 10 दिसंबर को महाराजगंज के एक गांव में शूट किया गया था। गिरफ्तार युवकों की पहचान अभिषेक त्रिपाठी (19), निवासी जौरहर का टोला परसियां, थाना गुलरिहा, और राज यादव, निवासी जंगल डुमरी नंबर एक टोला डिहवा के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि ऐसे वीडियो समाज में गलत संदेश देते हैं और कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती बन सकते हैं।

झाड़-फूक करने वालों ने नाबालिग से की छेड़खानी

बस्ती । दुबौलिया थाना क्षेत्र स्थित एक गांव में झाड फूंक करने पहुंचे दो लोगों ने एक नाबालिग लड़की की अभद्रता कर दी। दोनों के चंगुल से छुटकर वह सीधे घर पहुंची और परिजनों को आप बीती बताई, पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर 5 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने न्यायालय में अर्जी देकर कहा कि उनके घर से कुछ दूरी पर सुमन देवी नामक महिला का घर है। उनकी बेटी बीमार थी, जिसको ठीक करने के लिए उनके घर पर झाड़ फूंक करने वाले दो लोग गाड़ी संख्या यूपी 32 ईएच6333 एक का नाम सूर्यमणि व दूसरे का नाम अज्ञात आए हुए थे, इनकी एक सहयोगी मंजलता पूजा पाठ करा रही थी। पीड़िता ने बताया कि पड़ोसी सुमन ने घर आकर कहा कि उनकी नतिनी की तबीयत खराब है, खाना बनाने के लिए अपनी बेटी को भेज दो, जिसके बाद हमने अपनी बेटी को सुमन के घर भेज दिया, मेरी बेटी जब सुमन के घर गई तो वो उसे छत पर ले गई, तब मेरी बेटी ने पूछा चाची खाना कहां बनाना है। सुमन ने कहा कि पंडित जी बताएंगे, जिसके बाद झाड फूंक करने वालों ने मेरी बेटी को अकेला पाकर उसके साथ छेड़खानी करना शुरू कर दिए, बेटी किसी तरह भागकर घर आई और आप बीती बताई। बताया कि इस बात उलाहना देने ज बवह सुमन के घर गई तो घर वालों ने गाली देकर भगा दिया, इसके साथ ही धमकाया भी, पुलिस ने भी नहीं सुनी, तब जाकर न्यायालय में अर्जी दी। घटना को लेकर एसओ दुबौलिया संध्यारानी तिवारी ने बताया- मामले में पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

गोरखपुर में एनकाउंटर: एक बदमाश को लगी गोली

गोरखपुर । पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई।जिसमे पुलिस पर फायरिंग कर भाग रहे एक बदमाश के पैर में गोली लगी। जबकि, उसका साथी पुलिस को चकमा देकर भाग निकला। घायल बदमाश को पुलिस ने पकड़ लिया और इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पकड़े गए आरोपी की पहचान शाहपुर इलाके के मैसी कंपाउंड के रहने वाले सलाउद्दीन के बेटे सरफराज के रूप में हुई। उसके पास से एक 32 बोर का तमंचा, चार जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस के मुताबिक, सरफराज पर गोरखपुर के अलग-अलग थानों में कुल 16 मुकदमें दर्ज हैं। इन्हीं बदमाशों ने दो दिन पहले कैंट इलाके के पैडलेगंज में पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने के बाद फायरिंग की थी और फरार हो गए थे। फायरिंग करते बदमाशों की तस्वीर वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। फुटेज के आधार पर पुलिस को तभी से बदमाशों की तलाश थी। रविवार को पुलिस को गोरखनाथ इलाके में बदमाशों की लोकेशन मिली। सूचना पर पुलिस और एसओजी टीम ने जब बदमाशों की घेराबंदी की तो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में एक बदमाश को पैर में गोली लगी और वो वहीं गिर गया। जबकि, उसका साथी फरार हो गया। दरअसल, पैडलेगंज से नौसढ़ मार्ग पर स्थित एचपी पेट्रोल पंप पर 6 दिसंबर को बदमाशों ने गोली चला दी थी। वे शाम को पेट्रोल भराने पहुंचे थे। वहां पहले से मौजूद एक बाइक सवार की गाड़ी के आगे उन्होंने अपनी गाड़ी खड़ी कर दी। पेट्रोल भराने को लेकर दोनों में विवाद हुआ। बदमाश पहले गाली देने लगे। फिर पेट्रोल पंप के निकास द्वार पर पहुंचे। बाइक पर तीन लड़के सवार थे। बीच में बैठे लड़के ने तमंचा निकालकर फायरिंग कर दी। इस हमले में दूसरे पक्ष से युवक बाल-बाल बचा था। इस युवक ने उन्हें दौड़ाने की कोशिश की थी तो उन्होंने ही वापस दौड़ा लिया। जिससे बचकर जान बचाई। थोड़ी दूर जाने के बाद हमलावर वापस आ गए थे।

सालाना उर्स पर शहीद बाबा के मजार पर लगा मेला, चढ़ी चादर

संवाददाता

कुशीनगर। कसया तहसील क्षेत्र के ग्राम तुर्कवलिया दरियाव सिंह में प्रत्येक वर्ष की भांति ग्यारहवीं शरीफ के मौके पर शहीद बाबा के मजार पर उर्स धूमधाम से सम्पन्न हुआ। शनिवार को शहीद बाबा के उर्स के मौके पर दूर दूर से आए सैकड़ों महिला, पुरुष श्रद्धालुओं ने शहीद बाबा के मजार पर पूरी श्रद्धा के साथ चादर व सिरनी चढ़ाई और परिवार, दुनिया के अमन, सुख की दुआ मांगी। ऐसी मान्यता है कि शहीद बाबा के मजार पर आने वाले श्रद्धालुओं के मन की मुराद पूरी होती है। सूफी फकीरों की टोली ने ढाक, तासे पर नात, नशिस्त, शेर, शायरी व तकरीर पेश करते हुए ईमानदारी, इंसानियत की पैरवी की। मेला समिति के अध्यक्ष ग्रामप्रधान मुबारक हुसैन की देखरेख में उर्स सम्पन्न हुआ। जिसमें डॉ कवूम अंसारी, उपेन्द्र तिवारी, गिरिजाशंकर पटेल, मनीष पटेल, नित्यानंद, कमलेश पटेल, सादिक अंसारी, जाबिर अंसारी नसीब अंसारी, सैफ अली, महमूद अंसारी, जाकिर हुसैन, दिलशेर अहमद आदि ने सहयोग किया।

आलू, लहसून, प्याज, गोभी, टमाटर के साथ करें गन्ने की खेती: ओमपकाश गुप्ता

संवाददाता

कुशीनगर। तमकुहीराज रामलीला मैदान मे आयोजित किसान मेला - गोष्ठी व कुशीनगर महोत्सव में कई विभागो द्वारा प्रदर्शनी लगाया गया है उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केन्द्र पिपराईच गोरखपुर द्वारा लगायी गयी आकर्षक रगन्ना प्रदर्शनी १ का अवलोकन मुख्य अतिथि फाजिल नगर के विधायक सुरेन्द्र कुशवाहा को गन्ना कृषि वैज्ञानिक ओम प्रकाश गुप्ता ने गन्ने के साथ आलू , लहसून, गोभी, टमाटर, प्याज, गेहूँ, मटर, तोरिया, आदि का फोटो ग्राफ दिखाते हुए बताया कि किसान गन्ने में आलू बोकर मात्र 3 माह में एक एकड़ खेत से लगभग 80 से 90 कुन्तल आलू प्राप्त कर सकते है जो एक लाख से अधिक का होगा, विधायक जी ने पूछा लहसून कब बोया जाएगा, कब खुदाई होगी , एक एकड़ में कितना लहसुन होगा। इस सवाल के जवाब में कृषि वैज्ञानिक ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि शरदकालीन गन्ने के साथ, दो लाईन के बीच 3 या 4 लाईन बोया जाता है मार्च में खुदाई होती है।

40 से 45 कुन्तल लहसून एक एकड़ में होगा जो लगभग दो लाख का होगा। प्याज मई मे खुदाई होगी, एक लाख से अधिक का होगा, फोटोग्राफ देखकर विधायक श्री कुशवाहा ने बताया कि किसानो का भाग्य बदल देगा, गन्ने के साथ आलू , लहसून, प्याज, की सहफसली खेती, किसान अपनी सुविधानुसार खेत को देखते हुए, गन्ने के साथ सहफसली खेती करें। इससे किसान की आय बढ़ेगा, खुशहाली आएगी। यही भाजपा सरकार की मंशा है। हमने दुदही, फाजिल नगर विकास खण्ड में अपोजित कृषक गोष्ठी में भी गान्ने के साथ सहफसली खेती का फोटोग्राफ ओम प्रकाश गुप्ता जी ने दिखाया था, इससे किसनो में जागरुकता बढ रही है ओम प्रकाश गुप्ता ने विधायक जी को बताया कुशीनगर जिले में 1041 करोड़ रूपया गन्ना फसल ने किसानो को गन्ना मूल्य भुगतान के रूप में मिला है। पूर्वांचल का सबसे बड़ा गन्ना जिला है इस वर्ष एक लाख पाँच हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में गन्ने की खेती सवा दो लाख किसानों ने किया। विधायक कुशवाहा को गन्ने बी तैयार एक आँख पौद्या का ट्रे भेट किया। को.0118 गन्ना 14 फुट का गन्ना दिखाया और बताया कि गन्ना कृषको का एक अध्ययन दल पश्चिमी उत्तर प्रदेश के भ्रमण व प्रशिक्षण के लिए जा रहा है। विधायक को उप कृषि निदेशक कुशीनगर आशीष कुमार जिला कृषि अधिकारी डा मेनका, भूमि संरक्षण अधिकारी, विषय विशेष जमालूदीन अंसरी ने विभिन्न स्टाल का भ्रमण कराया। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक सेवरही हरेन्द्र विश्वकर्मा ने गन्ना विकास योजनाओ के विषय में सहित्य दिया। विधायक ने कहा कि गन्ने के साथ सहफसली खेती करने के लिए विशेष प्रशिक्षण अभियान चलाए गन्ना संस्थान।

आयात बढ़ने और मांग घटने से तेल-तिलहन के भाव गिरावट के साथ बंद

कच्चे पाम तेल का दाम 13,150 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद

नई दिल्ली ।

नवंबर के महीने में खाद्य तेलों का आयात 39 प्रतिशत बढ़ने के बीच देश के खाद्य तेल-तिलहन बाजार में सभी तेल-तिलहनों के दाम गिरावट के साथ बंद हुए हैं। इस गिरावट के कारण सरसों, मूंगफली, सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पाम (सीपीओ), पामोलीन तेल और बिनौला तेल के दाम नुकसान के साथ बंद हुए हैं। बाजार के जानकार सूत्रों के मुताबिक नवंबर में आयात बढ़ने के बावजूद मांग कमजोर रहने से खाद्य तेल-तिलहनों के दाम पिछले सप्ताह के मुकाबले गिरावट के साथ बंद हो गए हैं। एक सूत्र ने बताया कि विदेशों में सीपीओ का दाम घटकर 1,305-1,310 डॉलर प्रति टन से 1,270-1,275 डॉलर प्रति टन रह गया है, जिसके कारण पाम, पामोलीन तेल की कीमत में गिरावट आई है। हालांकि, देश में पिछले शुक्रवार की रात में पाम, पामोलीन और सोयाबीन तेल की आयात शुल्क मूल्य में वृद्धि की गई है, जिसके चलते इन तेलों के दाम बढ़ सकते हैं। लेकिन जब मौजूदा दाम पर ही पाम-पामोलीन के लिवाल नहीं हैं, तो उन्हें बढ़े हुए दाम पर लिवाल मिलना मुश्किल हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक, समीक्षाधीन सप्ताह में बिनौला सीड की कम दाम पर बिकवाली करने से किसानों को कपास नरमा के लिए भी एमएसपी से नीचे दाम पर बेचने को मजबूर हो गए हैं। इसका सीधा असर मूंगफली तेल-तिलहन पर भी पड़ रहा है। इसके अलावा मलेशिया में दाम टूटने की वजह से कच्चे पाम तेल का दाम 13,150 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हो गया है। इस गिरावट के बीच समीक्षाधीन सप्ताह में बिनौला तेल भी 650 रुपये की गिरावट के साथ 12,150 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हो गया है। इस उलझन और दाम कमी की स्थिति में खाद्य तेल-तिलहन बाजार की साथ में मजबूती से व्यवहार करने पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है ताकि किसानों और आम जनता को सही ताकतवर दाम मिल सकें।

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने एनएमआईआईए में 74 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी

1,628 करोड़ रुपए में हुई डील, ये सहायक कंपनी की तरह काम करेगी

मुंबई ।

मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने नवी मुंबई में स्थित नवी मुंबई आईआईए प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईआईए) में 74 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने का एलान किया है। इस डील के लिए रिलायंस ने 1,628 करोड़ रुपए का निवेश किया है। एनएमआईआईए महाराष्ट्र में इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल एरिया का विकास कर रही है। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने इस समय एनएमआईआईए के साथ साझेदारी करने पर गर्वित महसूस किया। इस संयुक्त पुनर्निवेशन का मकसद एनएमआईआईए के भविष्य को और मजबूत बनाना है। यह पारंपरिक भारतीय उद्यमिता के लिए एक और बड़ा कदम है। एनएमआईआईए की शुरुआत 15 जून, 2004 में हुई थी और इसने अपने कारोबार में सात्विक वृद्धि देखी है। एनएमआईआईए ने अब तक वित्त वर्ष 24 में 34.89 करोड़ रुपए, 23 में 32.89 करोड़ रुपए और 22 में 34.74 करोड़ रुपए का व्यवसाय किया है। इस नई योजना के साथ एनएमआईआईए ने महाराष्ट्र सरकार के स्पेशल प्लानिंग अथॉरिटी के तहत विकास के लिए नियुक्त किया गया है। यह अथॉरिटी शहर

की योजना और विकास का काम संभालेगी।

2025 में सोने की कीमतों के लिए मिश्रित संभावनाएं, चुनौती और अवसर

वर्तमान में सोना 76,000-78,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के करीब

नई दिल्ली ।

वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार 2025 में सोने के बाजार में मिश्रित संभावनाएं और चुनौतियां हो सकती हैं। वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में सोने की कीमतों में वृद्धि के संकेत हैं, लेकिन इसमें केंद्रीय बैंक की नीतियां, राजनीतिक तनाव, उपभोक्ता मांग, और निवेशकों की चाह सहित कई अन्य कारक भी शामिल हैं। जीडीपी, बॉन्ड प्रतिफल, और मुद्रास्फीति जैसे आर्थिक कारक सोने की कीमतों के मजबूत रहने की संकेत दे रहे हैं, लेकिन बाजार में अभी भी जोखिम है। वर्तमान में सोने की कीमत 76,000-78,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच की है। एलकेपी सिक्योरिटीज के एक विशेषज्ञ ने बताया कि अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों के संकेत और मुनाफावसूली की वजह से सोने की कीमतों में गिरावट आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव और ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की परिभाषा में भी सोने के बाजार में महत्वपूर्ण मोड़ हो सकता है। ट्रंप के व्यवसाय समर्थक एजेंडे से घरेलू भावना में सुधार की उम्मीद है, लेकिन वैश्विक निवेशक मुद्रास्फीति और सप्लाई चेन के मुद्दों से चिंतित हैं। नीतियों में कटौती की उम्मीद है, जो सोने को समर्थन दे सकतीहै, लेकिन चुनौतियों का सामना भी हो सकता है। भारत और चीन के संकेत सोने की कीमतों पर भी प्रभाव डाल सकते हैं। चीन में आर्थिक विकास और सरकारी उत्साह उपभोक्ता मांग पर असर डाल सकते हैं, जबकि भारत में आर्थिक निरंतरता और वित्तीय स्थिरता सोने की कीमतों में लचीलापन ला सकती है। सामग्री में 2025 में सोने की कीमतों में सामान्यत: स्थिरता का अनुमान लिया जा रहा है और केंद्रीय बैंकों की खरीदारी से इसे एक स्थिर आधार पर लाने की आशा है।

लग्जरी कारों पर भारी छूट से आकर्षित हो रहे ग्राहक

नई दिल्ली ।

लग्जरी कारों का उत्पादन करने वाली कंपनियों ने पिछले पांच सालों में सबसे बड़ी छूट पेश की है, जिससे अब पहली बार लग्जरी कार खरीदने वाले ग्राहक भी आकर्षित हो रहे हैं। मर्सडिज बेंज, बीएमडब्ल्यू और ऑडी जैसी प्रमुख लग्जरी कार कंपनियां इस साल अपने ग्राहकों को अभूतपूर्व छूट दे रही हैं।

गुड़गांव की कारोबारी नीला गुप्ता ने हाल ही में 37 लाख रुपये की ऑडी ए4 खरीदी, जो उन्हें भारी छूट पर मिली। इससे पहले उनकी पसंद 28.86 लाख रुपये की एक अन्य ब्रांड की कार थी।

रिटेल सेल्स में चौथे स्थान पर पहुंच चुकी ऑडी ने इस साल अपनी कारोबारी रणनीति के तहत छूट की घोषणा की थी। कंपनी का लक्ष्य भारत में 100,000 कारों की बिक्री करना है।

इसके साथ ही मर्सडिज बेंज और बीएमडब्ल्यू जैसी कंपनियां भी अपनी कारों पर शानदार छूट दे रही हैं। ऑडी ए4 पर 7 लाख रुपये तक की छूट मिल रही है, वहीं बीएमडब्ल्यू की एक्स5 एसयूवी पर 8-10 लाख रुपये तक की छूट उपलब्ध है। डीलर के पास मौजूद स्टॉक के आधार पर ये छूट 10 लाख रुपये से लेकर 15 लाख रुपये तक हो सकती है, जो इन कारों की औसत कीमत का 10-20 प्रतिशत तक है। हालांकि, मर्सडिज बेंज की स्थिति बाकी कंपनियों से अधिक मजबूत है, क्योंकि कंपनी ने नवंबर महीने में अपनी बिक्री में 1.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। इन छूटों का फायदा ग्राहक बड़े पैमाने पर उठा रहे हैं, खासकर जो पहली बार लग्जरी कार खरीद रहे हैं।

पोस्ट ऑफिस की मंथली सेविंग स्कीम में करें निवेश

मंथली होगी 9,250 रुपये की इनकम

नई दिल्ली ।

भारतीय निवेशकों के लिए पोस्ट ऑफिस की मंथली सेविंग स्कीम एक लोकप्रिय विकल्प साबित हो रही है। यह एक डिपॉजिट स्कीम है, जिसमें होने वाली मंथली कमाई निवेशकों के लिए आकर्षक है। इस स्कीम में नागरिक या उनके बच्चे अकाउंट खोल सकते हैं। यदि बच्चा 10 साल से कम उम्र का है, तो उसके नाम पर अकाउंट के लिए उसके माता-पिता या कानूनी अभिभावक आवेदन कर सकते हैं। सिंगल या ज्वाइंट अकाउंट में निवेश करने का विकल्प है। ज्वाइंट अकाउंट में अधिक निवेश करने के अवसर हैं, जिससे अधिक आय की संभावना होती है। साथ ही, अकाउंट खोलने के लिए आधार कार्ड और पैन कार्ड जैसे दस्तावेजों की आवश्यकता होती है। पोस्ट ऑफिस एमआईएस अकाउंट में 5 साल के बाद निकाली जा सकती है निवेश राशि।

इस समय के लिए ब्याज दर 7.4 फीसदी है, जिससे निवेशकों को सालाना और मंथली निरंतर आय प्राप्त होती है। अगर कोई

व्यक्ति सिंगल अकाउंट में 9 लाख रुपए निवेश करता है, तो उसे ब्याज की माध्यम से प्रति साल 66,600 रुपए और हर महीने 5,550 रुपए की कमाई होती है। साथ ही ज्वाइंट अकाउंट में निवेश करते हुए सालाना 1,11,000 रुपये तक की कमाई संभावना है। इस स्कीम के माध्यम से छोटे निवेशकों को आसानी से नियमित आय प्राप्त करने का मौका मिलता है।

स्विगी ने सीन्स सर्विस लॉन्च की

अपकमिंग इवेंट्स की टिकट बुक कर सकेंगे

मुंबई । फूड डिलिवरी प्लेटफॉर्म स्विगी ने अपनी सेवाओं में एक नई स्कीम जोड़ी है जिसका नाम है सीन्स, इस सर्विस के तहत उपयोगकर्ता इवेंट और टिकट बुक कर सकेंगे। स्विगी ने अपने डाइन-आउट सेक्शन में इस सर्विस को शामिल किया है और मुंबई और बैंगलोर में इसका लॉन्च किया गया है। यह सर्विस अन्य शहरों में भी जल्द ही उपलब्ध होगी। स्विगी के सीन्स के माध्यम से उपयोगकर्ता क्रिसमस, नया साल, लाइव प्रोग्राम और डीजे नाइट्स जैसे इवेंट्स के टिकट बुक कर सकेंगे। व्यापार बढ़ाने के लिए स्विगी इवेंट और टिकटिंग कारोबार में अपनी उपस्थिति मजबूत कर रही है। इसी बीच जोमैटो की तरह स्विगी भी नए एप्लिकेशन डिस्ट्रिक्ट के साथ मुकाबला कर रही है। डिस्ट्रिक्ट एप में मूवी, स्पोर्ट्स, इवेंट्स और रेस्टोरेंट्स के टेबल बुक करने की सुविधा दी जा रही है। हालांकि, स्विगी की सीन्स में मूवी टिकट बुक करने की सुविधा उपलब्ध नहीं है। इस दौरान स्विगी की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है, लेकिन कंपनी ने जुलाई-सितंबर तिमाही में 626 करोड़ का नुकसान दर्ज किया है। कंपनी के रेवेन्यू में बढ़ोतरी हो रही है, लेकिन घाटे में कमी भी दिख रही है। स्विगी ने अपनी वित्तीय स्थिति में सुधार किया है, जबकि जोमैटो की तुलना में कंपनी के घाटे में कमी आई है।

भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात नवंबर में नीचे आया

इससे पहले रूस भारत के लिए कच्चे तेल का मुख्य स्रोत था

नई दिल्ली । भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात नवंबर में नीचे गिरकर जून, 2022 के बाद के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है, जो एक यूरोपीय शोध संस्थान की मासिक रिपोर्ट से प्रकट हुआ है। इससे पहले, रूस भारत के लिए कच्चे तेल का मुख्य स्रोत था, परंतु फरवरी, 2022 में यूक्रेन पर हुए हमले के बाद, अब भी रूस से कच्चे तेल के आयात में महत्वपूर्ण गिरावट दर्ज की गई है। यह गिरावट मुख्य रूप से इसलिए हुई है क्योंकि रूस में कच्चे तेल उपलब्धता में छूट मिली थी, और यूरोपीय देशों ने भी रूस से कच्चे तेल की खरीद से बचाव किया। इसलिए रूसी कच्चे तेल की कीमत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध अन्य विकल्पों से कम थी। एक रिपोर्ट के अनुसार नवंबर में भारत के रूसी कच्चे तेल के आयात में 55 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई है, जो जून, 2022 के बाद का सबसे निचला स्तर है। हालांकि, रूस अब भी भारत के लिए कच्चे तेल की प्रमुख आपूर्तिकर्ता रहा है। रूस के आयात से अधिकतम जीवाश्म ईंधनों में से, भारत नवंबर में रूसी जीवाश्म ईंधन के तीसरे सबसे बड़े खरीदार बन गया है। रूसी कच्चे तेल के साथ-साथ, भारत ने रूस से कम कोयला भी आयात किया है, जिसकी मात्रा हालात पर आधारित है। इस पूरे विषय पर राष्ट्रीय स्तर पर और ज्यादा ध्यान दिया जाना चाहिए, ताकि भारत के ऊर्जा संगठन सुनिश्चित कर सकें कि देश की ऊर्जा खाप्रवृत्तिकी में विश्वस्त स्थिति बनाए रखने हेतु कोई और वैकल्पिक स्रोत हो।

सेबी का एल्गो ट्रेडिंग प्रस्ताव- रिटेल निवेशकों के लिए बढ़िया विकल्प

एल्गो ट्रेडिंग से रिटेल निवेशक तेजी से शेयरों की खरीद-फरोख्त कर सकेंगे

नई दिल्ली । सुरक्षित, सही और पारदर्शी निवेश की दिशा में भारतीय बाजार नियामक सेबी ने एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पेश किया है। इस प्रस्ताव के अनुसार रिटेल निवेशकों के लिए भी एल्गोरिदमिक ट्रेडिंग (एल्गो ट्रेडिंग) की सुविधा उपलब्ध होगी। यह विशेष सुविधा अब न केवल संस्थागत निवेशकों के लिए होगी, बल्कि रिटेल निवेशकों को भी इसका लाभ मिलेगा। एल्गो ट्रेडिंग का उपयोग करके रिटेल निवेशक तेजी से शेयरों की खरीद-फरोख्त कर सकेंगे और इसके माध्यम से लेन-देन प्रक्रिया को सुचारू और पारदर्शी बनाया जा सकेगा। इस प्रस्ताव से बाजार में लिक्विडिटी बढ़ेगी और निवेशकों को नए और बेहतर विकल्पों के साथ निवेश किए जाने का मौका मिलेगा। सेबी की धारा से रिटेल निवेशकों के लिए एल्गो ट्रेडिंग की सुविधा में सुरक्षा और उचित नियमों का पूर्ण ध्यान रखा जाएगा। इसके लिए ब्रोकरों को स्टॉक एक्सचेंज से पहले अनुमति लेनी होगी और हर लेन-देन को यूनिक आईडेंटिफायर से टैग करके निगरानी में रखा जाएगा। इस प्रस्ताव के माध्यम से रिटेल निवेशकों के निवेश अनुभव को मजबूत किया जा रहा है और उनके लिए पारदर्शी और सुरक्षित निवेश के विकल्प उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके साथ ही यह प्रस्ताव रिटेल निवेशकों को बाजार में अधिक भागीदारी लेने के लिए प्रेरित कर रहा है। इस सुरक्षित, उपयोगकर्ता-मित्र एल्गो ट्रेडिंग सुविधा के आने से अब रिटेल निवेशक भी बाजार में सक्रिय भूमिका निभा सकेंगे और उनके निवेश के लिए नए दिशानिर्देश मिलेंगे।

फेड के ब्याज दर पर, थोक मुद्रास्फीति के आंकड़ों से तय होगी बाजार की दिशा

- डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल और कच्चे तेल की कीमतों पर भी बाजार की नजर रहेगी

मुंबई ।

बीते सप्ताह आधा फीसदी चढ़े घरेलू शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दर पर निर्णय, थोक मुद्रास्फीति के आंकड़ों और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के प्रवाह पर निर्भर करेगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा आगे के संकेतकों के लिए निवेशक वैश्विक रुझान पर नजर रखेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय शेयर बाजार का भविष्य का रुख वैश्विक और घरेलू कारकों पर निर्भर करेगा। वैश्विक रुझान, विशेष रूप से अमेरिकी बाजारों का प्रदर्शन और फेडरल रिजर्व का नीतिगत निर्णय, इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसके अलावा घरेलू मोर्चे पर मुद्रास्फीति के आंकड़े भी बाजार की धारणा के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही विदेशी और घरेलू संस्थागत निवेशकों का प्रवाह बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल और कच्चे तेल की कीमतों पर भी बाजार भागीदारों की निगाह रहेगी। घरेलू व्यापक आर्थिक आंकड़ों की बात करें तो सोमवार को थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर सभी की नजर रहेगी। एक अन्य बाजार विश्लेषक ने कहा कि इस सप्ताह बाजार की निगाह अमेरिकी केंद्रीय बैंक की बैठक पर रहेगी। फेडरल रिजर्व प्रमुख नीतिगत दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करेगा, बाजार इस बात को पहले ही मानकर चल

रहा है। भविष्य में नीतिगत दर को लेकर अमेरिकी केंद्रीय बैंक की टिप्पणी भी महत्वपूर्ण होगी। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 623.07 अंक चढ़ गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 90.5 अंक के लाभ में रहा। एक विश्लेषक ने कहा कि कहा कि निवेशकों की निगाह घरेलू मोर्चे पर सोमवार को जारी होने वाले थोक मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर भी रहेगी।

पीआईए एरलाइंस के 34 में से 17 प्लेन बंद

आवश्यक कलपुर्जों और अन्य उपकरणों की कमी मुख्य वजह

नई दिल्ली । पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) ने अपने 34 विमानों में से 17 विमानों की उड़ानें बंद कर दी हैं जिसका कारण आवश्यक कलपुर्जों और अन्य उपकरणों की कमी है। एयरलाइन के सूत्रों के मुताबिक इन विमानों में इंजन, लैंडिंग गियर, एपीयू और अन्य महत्वपूर्ण भागों की कमी है। सूत्रों ने बताया कि धन की कमी और उचित मंजूरी की अभाव ने इस स्थिति का मुख्य कारण बनाया है। यह स्थिति एयरलाइन की कार्यक्षमता को प्रभावित कर रही है, जिसने पिछले चार वर्षों में प्रतिबंध के बाद यूरोप के लिए उड़ानें पुनः शुरू करने की योजना बनाई है। इस कारण उड़ानें विलंबित हो सकती हैं, जिससे संभावित यूरोप की सेवाओं की नियोजित बहाली में भी देरी हो सकती है। सरकार द्वारा किए गए एयरलाइंस के निजीकरण के असफल प्रयास ने भी इस स्थिति को और अधिक गहरा बनाया है। नजरअंदाज की गई 60 प्रतिशत की शेयर बेचने की कोशिशों के बाद, सिर्फ 10 अरब पाकिस्तानी रुपये की बोली ही मिली थी, जो मूल्य से काफी कम थी। नए सिरे से बोली लगाने का फैसला किया गया है, जिससे आगे की कदम बढ़ने की उम्मीद है।

एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार में 22,766 करोड़ का निवेश किया

नवंबर में 21,612 करोड़ और अक्टूबर में 94,017 करोड़ की निकासी की गई थी

नई दिल्ली । दिसंबर के पहले दो सप्ताह में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजारों में 22,766 करोड़ रुपये का निवेश किया है, जो एक सकारात्मक संकेत है। पिछले महीनों की तुलना में, नवंबर में भारतीय बाजार से 21,612 करोड़ रुपये और अक्टूबर में 94,017 करोड़ रुपये की भारी निकासी की गई थी। इस तरह की यात्रा में अप्रत्याशित ताकत महसूस हो रही है। एफपीआई का मई के बाद का सबसे बड़ा या करने वाला निवेश का वापसी करने के बाद, हालांकि, विदेशी निवेशकों के निवेश के रुख में थोड़ी उलझन भी दिखाई दे रही है। एफपीआई के 2024 में शेयरों में 7,747 करोड़ रुपये का निवेश इसे दिखाता है कि उनका भविष्य कैसा हो सकता है। विश्लेषण करने वाले इंडिया के एक एसोसिएट निदेशक के अनुसार भारतीय शेयर बाजारों में विदेशी निवेशकों का प्रवाह कई तथ्यों पर निर्भर करेगा, जैसे कि राष्ट्रपति के नीतियाँ, मुद्रास्फीति और ब्याज दर की स्थिति। ये सभी मुद्दे भारतीय बाजार और निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण हैं। भारतीय कंपनियों के नतीजों और आर्थिक वृद्धि के मोर्चे पर भी नजर रखा जा रहा है, और ये भी भारतीय शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों की धारणा को प्रभावित करेगी। एफपीआई का निवेश साफ है कि अमेरिकी बैंक की ब्याज दर में कटौती की उम्मीद के कारण है। इससे मुद्रास्फीति की स्थिति में भी सुधार की संभावना है, जिससे भारतीय बाजारों में विदेशी निवेशकों का प्रवाह और बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक ने तरलता बढ़ाने के उपाय अपनाए हैं, जिससे निवेशकों को आत्मविश्वास और स्थायित्व मिला है। उनके अनुसार सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति में भी सुधार का संकेत है, जिससे निवेशकों की उम्मीदों ने वृद्धि की है। समीक्षाधीन अवधि में एफपीआई ने बॉन्ड में 4,814 करोड़ रुपये का निवेश किया है, जबकि उन्होंने स्वैच्छिक प्रतिधारण मार्ग से 666 करोड़ रुपये की निकासी की है। साल भर में, एफपीआई ने बाजार में 1.1 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया है, जो एक बड़ा और सकारात्मक चेतावनी है।

गौतम अडानी ने 1 दिन में कमाए 2.43 अरब डॉलर

मुकेश अंबानी की संपत्ति में 1.20 अरब डॉलर की गिरावट दर्ज हुई

नई दिल्ली । अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के मालिक मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में अचल संपत्ति की मांग व उपायुक्तता के कारण बड़ा उछाल देखने को मिला। गौतम अडानी की दौलत एक ही दिन में 2.43 अरब डॉलर बढ़कर 81.8 अरब डॉलर तक पहुंची, जबकि मुकेश अंबानी की संपत्ति में 1.20 अरब डॉलर की गिरावट दर्ज हुई और उनकी नेटवर्थ 95.9 अरब डॉलर रह गई। साथ ही दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क की नेटवर्थ में भी शुक्रवार को 4.77 अरब डॉलर की गिरावट आई, जिससे उनकी दौलत 442 अरब डॉलर पर आ गई। मस्क की नेटवर्थ में यह गिरावट बात दिल दहला देने वाली है, हालांकि इस साल अब तक उनकी संपत्ति 213 अरब डॉलर बढ़ी है। यह तेजी और गिरावट नेटवर्थ की मुद्रा में अवधि के दौरान हुई तरंगों के प्रभाव का परिणाम है। इस विपरीतता के बावजूद, गौतम अडानी और एलन मस्क के संपत्ति नमि में दृढ़ता का सामर्थ दिखा रहे हैं, जो दुनिया भर में चर्चा के केंद्र में है। इस समाचार से वित्तीय बाजार में तरंग गैर स्थिरता का सिग्नल प्राप्त हो रहा है, जिसका असर निवेशकों और वित्तीय विश्लेषकों पर हो सकता है।

जनवरी से नवंबर तक यूपीआई से लेन-देन का नया रिकॉर्ड

- 15,547 करोड़ ट्रांजैक्शन हुए, 223 लाख करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए

नई दिल्ली । यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) द्वारा होने वाली लेन-देन का आंकड़ा नए रिकॉर्ड लेकर आया है। वित्त मंत्रालय ने जारी किया एक बड़ा घोषणापत्र, जिसमें बताया गया कि जनवरी से नवंबर-2024 तक यूपीआई के जरिए कुल 15,547 करोड़ ट्रांजैक्शन हुए हैं। इस अवधि में ये रेकॉर्ड करोड़ों रुपए की राशि को सुरक्षित और आसान बनाने में सहायक हुआ है। यूपीआई का उपयोग सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि 7 अन्य देशों में भी हो रहा है। यूएई, सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस और मॉरिशस ने यूपीआई की योग्यता को महसूस किया है। एनपीसीआई के अनुसार, नवंबर महीने में अद्वितीय 1548 करोड़ ट्रांजैक्शन हुए थे, जिसमें 21.55 लाख करोड़ रुपए की राशि शामिल थी। नवंबर 2024 में यूपीआई ने औसतन 51 करोड़ 60 लाख ट्रांजैक्शन किए, जिसमें हर दिन 71,840 करोड़ रुपए की भुगतान की गई। ये आंकड़े अक्टूबर-2024 के रिकॉर्ड से थोड़े कम हैं, जब तब एनपीसीआई ने सबसे अधिक 1,658 करोड़ ट्रांजैक्शन किए थे। यूपीआई ने वित्तीय समर्थन में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होकर दिखाया है और आगे भी इसका उपयोग बढ़ने की संभावना है।

पप्पू यादव का नीतीश को ऑफर, साथ आएं

पूर्णिया सांसद बोले- बिहार में लीड करे कांग्रेस, सरकार बनी तो प्राइवेट सेक्टर में भी आरक्षण देंगे

पूर्णिया। सांसद पप्पू यादव ने रविवार को कहा कि 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस बड़े भाई की भूमिका निभाए। चुनाव कांग्रेस के नेतृत्व में लड़ा जाना चाहिए। बिहार में क्षेत्रीय पार्टियों को हरियाणा और महाराष्ट्र से सीख लेनी चाहिए। पप्पू यादव ने कहा कि मेरी इच्छा है कि सीएम नीतीश कुमार भी साथ आएं, लेकिन गठबंधन में किनको शामिल किया जाए, इसे राहुल गांधी खुद तय करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनी तो प्राइवेट सेक्टर में आरक्षण का प्रावधान किया जाएगा। पूर्णिया स्थित अर्जुन भवन में आयोजित पीसी में पप्पू यादव ने कहा कि नरेंद्र मोदी के खिलाफ अगर किसी में लड़ने की ताकत है तो वो राहुल और प्रियंका गांधी हैं। इसलिए बिहार में गठबंधन का नेतृत्व कांग्रेस करें। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस बिहार में नए साल में 15 जनवरी के बाद से अपने संगठन का विस्तार करने के साथ मजबूत करेगी। कांग्रेस नेतृत्व पार्टी पर पूरी तरह ध्यान केंद्रित करेगी। वहीं, पेपर लीक पर बोलते हुए पप्पू यादव ने कहा कि बिहार में पेपर लीक एक पर्याय बन गया है। अगर इसे रोकना है तो बिहार में कांग्रेस के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार जरूरी है। पप्पू यादव ने कहा कि आने वाले 2025 का चुनाव गठबंधन के तहत ही होगा। मेरा मानना है कि यदि बिहार को एक मजबूत सरकार देना चाहते हैं तो हरियाणा और महाराष्ट्र से सीख लेनी चाहिए। हरियाणा में आम आदमी और कुछ छोटे पार्टी की जिद के कारण 11 हजार 672 वोट से हम 9 सीट हारे। जबकि हमारी सरकार 6 सीट पर बन रही थी। महाराष्ट्र में भी हम लोग अपनी जिद पर कायम रहे। पूर्णिया सांसद ने कहा कि हम लोगों के सामने अब बिहार का चुनाव प्राथमिकता है। हम चाहेंगे कि गठबंधन हो, मुख्यमंत्री कोई भी हो, ये हमारे लिए मतलब नहीं है। ये दिल्ली में कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को तय करना है।

हम सभी जाति और युवाओं का वोट लेना चाहते हैं। राहुल गांधी किसानों से लेकर युवाओं, रोजगार तक के जुड़े सवालों पर जवाब देते हैं। कोई सोलजर है तो वो राहुल गांधी हैं। वो सदन से लेकर सड़कों तक लड़ते हैं। सबसे पहले छात्रों के लिए काम करेंगे बिहार में कांग्रेस के नेतृत्व में सरकार बनती है तो राहुल गांधी की पहली प्राथमिकता छात्र-छात्राएं रहेंगे। बिहार और देश में छात्रों पर जुल्म हो रहे हैं। मैं लगातार सदन में ये मामला उठा रहा हूं। उन्होंने कहा कि यूपीएससी, बीपीएससी पेपर लीक से लेकर सभी मामले सबसे पहले देखेंगे। नालंदा शहर जुर्म का केंद्र बन गया है। जितने पेपर लीक हो रहे, उसमें नालंदा केंद्र बिंदु है। दो दिन पहले भी बच्चों को क्वेश्चन पेपर नहीं दिए गए, ताला लगा दिया। जिन्हें माफिया ने सेंटर भेजा, टीचर की भूमिका निभाई, उसी को आंसर लिखाया गया। पढ़ने वाले बच्चे वंचित रह गए। लगातार पेपर लीक और बच्चों पर जुर्म के खिलाफ आवाज उठाएंगे। तेजस्वी की माई-बहिन मान योजना पर दी प्रतिक्रिया तेजस्वी यादव की 'माई-बहिन मान योजना' को लेकर पप्पू यादव ने कहा कि ये योजना महागठबंधन के तहत झारखंड में चल रही है। यही

मुख्यमंत्री कोई भी हो, नेतृत्व कांग्रेस का हो

पूर्णिया सांसद ने कहा कि हम लोगों के सामने अब बिहार का चुनाव प्राथमिकता है। हम चाहेंगे कि गठबंधन हो, मुख्यमंत्री कोई भी हो, ये हमारे लिए मतलब नहीं है। ये दिल्ली में कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को तय करना है। हम सभी जाति और युवाओं का वोट लेना चाहते हैं। राहुल गांधी किसानों से लेकर युवाओं, रोजगार तक के जुड़े सवालों पर जवाब देते हैं। कोई सोलजर है तो वो राहुल गांधी हैं। वो सदन से लेकर सड़कों पर लड़ते हैं।

योजना कांग्रेस के नेतृत्व वाली कर्नाटक में चल ही रही है। पप्पू यादव ने कहा कि राहुल गांधी जिन मुद्दों को लोकसभा में उठाते रहे हैं, वही मुद्दा मेरा भी है। हमारी सरकार बनेगी तो हम प्राइवेट नौकरी में आरक्षण का प्रावधान करेंगे। सभी तरह की ठेकेदारी में 40 फीसदी बेरोजगार यूथ के लिए 10 लाख रुपए तक के ठेके को आरक्षित करेंगे। बोले- किसी भी कीमत पर 80 फीसदी बिहारियों को देनी ही होगी नौकरी पप्पू यादव ने कहा कि कल यानी सोमवार को सदन में मैं डोमिसाइल मुद्दे को उठाउंगा। अगर सभी प्रदेशों को अधिकार है कि डोमेसाइल लागू कर अपने प्रदेश के बच्चों के लिए रोजगार को सुरक्षित करना, तो पप्पू यादव का पहला दायित्व डोमिसाइल को लागू करना है। एक बीघा से नीचे कट्ठे में जिसकी जमीन है, उस बीपीएल परिवार को एक महीने का राशन और जलावन 30 से 31 तारीख तक उसके घर पहुंच जाएगा। ऐसा ओडिशा में पूर्व की बीजू जनता दल की सरकार में होता था। हमारी सरकार बनने के बाद ऐसा ही होगा। छात्रवृत्ति और स्कॉलरशिप दोबारा शुरू किया जाएगा पप्पू यादव ने कहा कि इंटर तक छात्रों को छात्रवृत्ति और स्कॉलरशिप जो बंद हो गई है।

संक्षिप्त डायरी

पुस्तक मेला में डॉ पूनम सिन्हा ने दी प्रस्तुति

पटना। के गांधी मैदान में पुस्तक मेला 2024 में आयाम : स्त्री का साहित्य स्वर के मंच से शनिवार की शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम का अयोजन किया गया। इसमें कई कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद दरभंगा की डॉ पूनम सिन्हा ने अपने आवाज में गाना गाकर मिथिला की पद्मश्री डॉ उषा किरण खान और बिहार की स्वर कोकिला शारदा सिन्हा को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अपनी प्रस्तुति से वहां उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के बाद उनकी प्रस्तुति की खूब सराहना की। कार्यक्रम के दौरान कई बड़े साहित्यकार मौजूद रहे। जिन्होंने भी अपनी प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में डॉ आलोक धनवा, डॉ वीणा अमृत के अलावा ख्याती प्राप्त महिलाएं उपस्थित रहीं।डॉ पूनम सिन्हा ने प्रस्तुति के बाद कहा कि डॉ उषा किरण खान को मैं मां और बड़ी बहन के सामान दर्जा देती हूं। उनसे जीवन में बहुत कुछ सीखने का मौका मिला है। अब वो इस दुनिया में नहीं रहीं लेकिन उनकी रचना पर प्रस्तुति देकर बेहद आनंद महसूस हो रहा है। डॉ उषा किरण खान और शारदा सिन्हा दोनों ही मिथिला से आती हैं और मैं भी मिथिला की रहने वाली हूं। इस वजह से मेरी यह खुशी दोगुनी हो गई है। बता दें कि 6 दिसंबर से सेंटर फॉर रीडरशिप डेवलपमेंट की तरफ से पुस्तक मेला का आयोजन किया गया है। इस मेले में देश के दिग्गज लेखक, साहित्यकार और फिल्म अभिनेता भाग लेंगे। इस साल का यह मेला पद्मभूषण शारदा सिन्हा और पद्मश्री उषा किरण खान को समर्पित किया गया है। जिसमें कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

सीवान में डबल मर्डर, पिस्टल लेकर घर में घुसे थे

सीवान। में दो लोगों की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई है। दोनों का शव एक घर के पहले तल्ले पर मिला है। आरोप है कि दोनों हथियार लेकर घर में घुस गए और पैसों की डिमांड करने लगे। जिसके बाद लोगों ने दोनों पर लाठी और रॉड से हमला कर दिया। मामला सराय थाना क्षेत्र के मखदूम सराय मोहल्ले का है। डबल मर्डर से इलाके में सनसनी है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही सराय थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, नगर थाना अध्यक्ष राजू कुमार और एसडीपीओ अजय कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सीवान सदर अस्पताल भेज दिया। मृतकों की पहचान मुजफ्फरपुर के बेला थाना क्षेत्र के क्लामुद्दीन बेटे मो. सैयद अली और सराय थाना क्षेत्र के पुरानी किला पोखरा निवासी निजामुद्दीन बेटे फकीरा के रूप में हुई है। पुलिस ने घटनास्थल से एक पिस्तौल भी बरामद की है। बताया जा रहा है कि सैयद अली अपने ननिहाल में रहता था।मखदूम सराय लहेरा टोली में अनवर अली के घर सैयद और फकीरा घुसे थे। दोनों लूटपाट के इरादे से पिस्टल के साथ आए थे। जिसके बाद दोनों घर में मौजूद लोगों को डरा धमका कर पैसा मांगने लगे। जिसके बाद घर में मौजूद महिलाओं ने डर के कारण शोर मचाने लगी, जिससे मोहल्ले के लोग वहां इकट्ठा हो गए। आरोपियों ने लोगों को घर से बाहर जाने के लिए धमकाया, जिससे गुस्साए लोगों ने उनकी पिटाई शुरू कर दी। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और घटनास्थल को संरक्षित कर एफएसएल टीम से जांच कराई जा रही है।

मणिपुर में गोपालगंज के दो मजदूरों की हत्या

गोपालगंज। के दो मजदूरों की मणिपुर के काकचिंग में गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान सोना लाल(18) और दशरथ सहनी(17) के रूप में हुई हैं। दोनों जादोपुर थाना क्षेत्र के राजवाही गांव के रहने वाले थे। घटना की सूचना के बाद भास्कर रिपोर्टर मृतक दोनों मजदूर के गांव पहुंचा। दोनों परिवार में शोक की लहर है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक सोना लाल की मां ने भास्कर को बताया कि 'बहन की शादी में 2 लाख का कर्ज लिया था। इस कर्ज को चुकाने के लिए सोना दीपावली बाद मणिपुर कमाने गया था।' दोनों मृतक मजदूरों के परिवार ने सरकार से मांग की है कि उनका शव पैतृक गांव भेजा जाएं, ताकि अंतिम संस्कार किया जा सके। परिजनों ने बताया कि दशरथ सहनी अपने बड़े भाई संतोष के साथ दीपावली के दूसरे दिन मणिपुर गया था, जहां वह मजदूरी करता था। एक साल पहले भी वह मणिपुर गया था, लेकिन तीन महीने बाद घर लौट आया था। वहीं, सोना लाल अपने पिता के साथ मणिपुर गया था।

मछली पार्टी के दौरान चली गोली, युवक की मौत

मधुबनी। के रहिका थाना क्षेत्र में शनिवार की देर रात को मारर गांव में मछली पार्टी के दौरान अचानक हुई फायरिंग में घायल एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान रहिका थाना क्षेत्र के मारर गांव निवासी भोगेंद्र पासवान के बेटे अजीत कुमार(18) के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही राजनगर थाना पुलिस टीम अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच में जुट गई। वहीं गोलीबारी की घटना शहर मुख्यालय से पास होने को लेकर नगर थाना की टीम थाना पुलिस की टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गई। गोलीबारी की घटना की जानकारी मिलते ही खुद खजौली डीएसपी सदर अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी ली। आरोपी से पूछताछ कर रही पुलिस खजौली डीएसपी मनोज राम ने बताया कि घर पर अवैध हथियार के साथ दो तीन दोस्त मिलकर मछली की पार्टी कर रहे थे।

लोन रिकवरी एजेंट से परेशान शख्स ने किया सुसाइड

कटिहार। के रहने वाला संजीव ठाकुर (32) ने हरियाणा में सुसाइड किया है। वह लोन रिकवरी एजेंट के टॉर्चर से परेशान था। बताया जा रहा है कि रिकवरी एजेंट लगातार फोन पर किस्त को लेकर धमकी देता था। संजीव में सुसाइड का लाइव वीडियो भी बनाया, जो रविवार को सामने आया है। मृतक ने कनदरपैली गांव में 4 नॉन बैंकिंग ग्रुप से 7 लाख का लोन लिया था। हरियाणा में युवक करता था मजदूरी मृतक की पत्नी किरण देवी ने बताया कि संजीव हरियाणा के जिंद में रहकर मजदूरी करता था। कभी बच्ची की बीमारी, कभी अपनी बीमारी तो कभी पति की बीमारी को लेकर लोन लिए थे। दो बैंक का कर्ज चुका दिए थे, लेकिन दो बैंक का किस्त चुकाना भारी पड़ रहा था। इस वजह से रिकवरी एजेंट काफी परेशान कर रहे थे। संजीव लोन की वजह से डिप्रेशन में था। इससे उसकी तबीयत भी लगातार खराब रहती थी। इस कारण ही कर्ज लिया था। आत्महत्या से पहले उसने एक वीडियो बनाया, जिसमें घटना का सारा आरोप नॉन बैंक कंपनी पर लगाया है। युवक वीडियो में कहता है कि कर्ज रिकवर करने वाले लोग परेशान कर रहे हैं। मुझे 102 डिग्री बुखार है। अब मैं जिंदा नहीं बचूंगा। सभी को प्रणाम। अब मैं जा रहा हूं। मृतक की पत्नी ने बताया कि 'काम-धंधा ठीक से नहीं चल रहा था। तबीयत खराब रहने के कारण मजदूरी करने नहीं जाते थे। इससे हाथ खाली हो गया था। लेकिन, लोन रिकवरी एजेंट बार-बार फोन कर पैसा मांग रहा था। घटना के दिन पड़ोस में ही सब्जी लाने गई थी।

रेड क्रॉस की तरफ से निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

नालंदा। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की नालंदा जिला शाखा की तरफ रविवार को स्थानीय नागरिकों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का किया गया है। सुबह 7:30 से 9:00 बजे तक इस शिविर में विभिन्न चिकित्सा क्षेत्रों के कुल 11 विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। इस शिविर में चिकित्सा के विभिन्न विशिष्ट क्षेत्रों के विशेषज्ञ शामिल हैं, जिनमें बाल रोग विशेषज्ञ से लेकर नेत्र रोग विशेषज्ञ तक शामिल हैं। डॉ. श्याम बिहारी (शिशु रोग विशेषज्ञ) से लेकर डॉ. अभिनव सिन्हा (नेत्र रोग विशेषज्ञ) तक, शिविर में स्वास्थ्य जांच की व्यापक व्यवस्था की गई है। जिला शाखा के सचिव राजेश कुमार ने बताया कि यह पहल स्थानीय समुदाय के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।डॉ. श्याम बिहारी -शिशु रोग विशेषज्ञडॉ. उमेश कुमार सिंन्ह- फिजिशियनडॉ. इंद्रजीत कुमार- फिजिशियनडॉ अखिलेश कुमार - फिजिशियनडॉ सुबोध कुमार - हड्डी रोग विशेषज्ञडॉ आशुतोष कुमार -सर्जनडॉ त्रिशला - स्त्री रोग विशेषज्ञडॉ अभिनव सिंनहा नेत्र रोग विशेषज्ञडॉ. रवि कुमार- दंत चिकित्सकडॉ दीपा भारतीडॉ मोहम्मद शहजाद आलम- फिजियोथैरेपिस्ट संगठन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस अनूठे अवसर का लाभ उठाएं और अपने स्वास्थ्य की नियमित जांच कराएं। स्वस्थ जीवन की ओर एक कदम के इस नारे के साथ, रेड क्रॉस सोसाइटी स्वास्थ्य जागरूकता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

4 साल से था अफेयर, भागकर प्रेमी संग की शादी

मुजफ्फरपुर। मम्मी-पापा मैंने शादी कर ली है। मैंने ये सब अपनी मर्जी से किया है। किसी ने मेरे साथ जबरदस्ती नहीं की है। अगर लड़के के परिवार को कुछ होता है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी मेरे चाचा और बड़े भाई की होगी। ये बातें मुजफ्फरपुर की रहने वाली नंदनी ने मम्मी-पापा को वॉट्सऐप पर भेजे गए एक वीडियो में कही है। मामला औराई थाना क्षेत्र के एक गांव का है। इंटर में पढ़ाई करने वाली नंदनी ने 51 सेकेंड का वीडियो भेजा है। इस वीडियो में उसने कहा है कि 'हम दोनों 4 साल से प्यार करते हैं। परिवार के लोगों से शादी की बात कही तो तैयार नहीं हुए। मेरी शादी कहीं और जबरदस्ती कर रहे थे। मैंने मना किया, लेकिन नहीं मानें। इसलिए मैंने घर से भागने का फैसला लिया। घर से खुद और अकेले भागी हूं। किसी ने मुझे भगाया नहीं है। नंदनी ने बताया कि 'मैं घर से निकलकर स्टेशन पहुंची। वहां से लड़के को कॉल कर कहा कि मुझे लेने आ जाओ। अब लड़के के परिवार पर मेरे बड़े चाचा और भाई अमित दबाव बना रहे हैं और धमकी दे रहे हैं।' नंदनी के दावों के उलट उसके पिता मनोज पासवान ने बताया कि 'मेरी बेटी नाबालिग है। वो 10 दिसंबर को कॉलेज जाने के बहाने घर से निकली थी।

पुष्प प्रदर्शनी में सजेगा 12 हजार गमला

दरभंगा। के लालबाग पोस्ट ऑफिस के पास लक्ष्मेश्वर पब्लिक लाइब्रेरी में नॉर्थ बिहार हॉर्टिकल्चर सोसायटी द्वारा 28 और 29 दिसंबर 2024 को 32वां पुष्प प्रदर्शनी सह प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी जोर-जोर से की जा रही है। जॉइंट सेक्रेटरी मनोज कुमार डोकानिया ने बताया कि साल 1993 में तीन जनवरी को पहली बार दरभंगा में पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। पहले साल 12 लोगों ने प्रतिभाग किया और 400 गमले प्रदर्शनी में लगाए गए थे। इस साल 32वां प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बिहार के अलग-अलग इलाके के लगभग 250 प्रतिभागी शामिल होंगे। प्रतिभागियों के द्वारा लगभग 12000 गमला प्रदर्शनी में सजाए जाने का कयास लगाया जा रहा है। नीरज कुमार खेरिया ने बताया कि दो दिवसीय इस प्रदर्शनी में बच्चों के बीच पेंटिंग, गमला और ट्रे गार्डन के प्रदर्शन का प्रतियोगिता भी कराया जाएगा। आयोजकों के अनुसार 35 विद्यालयों के छात्रों द्वारा इस प्रदर्शनी में प्रतिभा करने के लिए जोर-जोर से तैयारी की जा रही है। आयोजन स्थल पर सेल्फी प्वाइंट के साथ ही पर्यावरण पर आधारित ग्लोबल इकोसिस्टम तैयार किया जा रहा है, जो आकर्षण का मुख्य केंद्र होगा। जल प्रदूषण, हवा प्रदूषण, मृदा प्रदूषण एवं ग्लोबल वार्मिंग को लेकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि छात्र-छात्राओं के द्वारा शहर में रैली निकालकर लोगों को अपने छत और आंगन में पेड़ पौधों को लगाने की लिए जागरूक किया जाएगा। प्रदर्शनी 28 और 29 दिसंबर को लगेगी।

सरकार में थे तब माई-बहन नहीं बस माई याद था

महिलाओं को 2500 देने की योजना पर चिराग का तंज; सम्राट बोले-झांसे में नहीं आएगी जनता

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने महिलाओं के लिए 'माई-बहिन सम्मान योजना' का ऐलान किया है। दरभंगा में तेजस्वी यादव ने कहा, 'महागठबंधन की सरकार बनने के एक महीने में स्कीम लागू की जाएगी। इस योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए मिलेंगे।' तेजस्वी के इस ऐलान के बाद एनडीए के नेताओं ने पलटवार किया है। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा, बिहार की जनता ने लालू यादव के 15 साल को देखा है कि किस तरह उन्होंने जनता को लूटने का काम किया है। कैसे उन्होंने 950 करोड़ का चारा घोटाला किया। नौकरी के बदले गरीबों की जमीन लिखवाने का काम किया। उन्होंने कहा कि अब बिहार के लोग उनके झांसे में नहीं आएंगे। वहीं, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा, 'अब तक किसकी सरकार थी? 90 के दशक को याद कीजिए, इनके ही परिवार का सदस्य मुख्यमंत्री था। उस समय इन्हें न माई याद आई, न बहन। उस समय इन्हें सिर्फ अपना ट समीकरण याद आया, जिसमें ये लोग जाति-धर्म के नाम पर लोगों को बांटते थे। ये लोग आज जिस बहन की बात कर रहे हैं, उसी को गाली देते हैं। मेरे ही परिवार में मेरी ही मां-बहन को इनकी पार्टी के लोगों ने गाली दी।' वहीं, मुंगेर सांसद ललन सिंह ने कहा, 'तेजस्वी यादव के माता-पिता ने 15 साल बिहार पर राज किया। उन्हें बताना चाहिए कि उन्होंने कौन सी योजनाओं की शुरूआत की। उन्हें इस पर भी बोलना चाहिए कि उनके माता-पिता बिहार को कहां ले गए।'तेजस्वी पर पलटवार करते हुए सम्राट चौधरी ने कहा, 'बिहार की जनता जान चुकी है कि लालू-राबड़ी और राजद के राज में क्या क्या हुआ था। जनता फिर कभी भी इनको सत्ता सौंपने वाली नहीं है। यहां के लोग इन लोगों को समझ चुके हैं।' सम्राट ने भरोसा जताया कि तेजस्वी कि माई-बहन मान योजना का कोई असर बिहार के लोगों पर नहीं पड़ेगा। ललन सिंह ने यह भी कहा, 'तेजस्वी के माता-पिता ने बिहार को बर्बाद कर दिया। वे बिहार को कहां ले गए थे। उन्हें इस पर भी बोलना चाहिए। लालू-राबड़ी राज में बिहार में बिजली तक नहीं थी। अपहरण का मामला काफी तेजी से बढ़ रहा था। इस पर भी उन्हें बोलना चाहिए।' कुशवाहा बोले- सत्ता में नहीं आ रहे तेजस्वीवहीं, आरएमएल के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि तेजस्वी को पता है कि वह सत्ता में नहीं आएंगे। इसी कारण अनर्गल बयान दे रहे हैं। बीपीएससी अभ्यर्थियों को लेकर बड़ी सहानुभूति जता रहे हैं। उन्हें पता होना चाहिए कि उनके पिता लालू प्रसाद यादव के शासनकाल में बीपीएससी बंद हो गया था। बिहार के लोगों को झांसा देकर सत्ता में आने का कोशिश कर रहे हैं, लेकिन तेजस्वी सत्ता में आने वाले नहीं है।

सम्राट बोले- तेजस्वी की योजना का बिहार में कोई असर नहीं

तेजस्वी पर पलटवार करते हुए सम्राट चौधरी ने कहा, 'बिहार की जनता जान चुकी है कि लालू-राबड़ी और राजद के राज में क्या क्या हुआ था। जनता फिर कभी भी इनको सत्ता सौंपने वाली नहीं है। यहां के लोग इन लोगों को समझ चुके हैं।' सम्राट ने भरोसा जताया कि माई-बहन मान योजना का कोई असर बिहार के लोगों पर नहीं पड़ेगा।

कहानी

बंदर और दो बिल्लियां

एक बार दो बिल्लियों को एक रोटी मिली और वो दोनों बिल्लियां उस रोटी के लिए निरंतर लड़ रही थी। पहली बिल्ली ने कहा वह रोटी उसकी है तो छोटी बिल्ली भी कैसे पीछे हटती उसने भी कहा कि वह रोटी उसकी है। वहाँ पास में एक पेड़ पर काफी देर से बैठा बंदर सब कुछ देख रहा था और इसलिए उसने सोचा कि क्यों न वह इन दोनों बिल्लियों की मदद करे? वह बिल्लियों के पास गया और बोला कि वह रोटी को बराबर दो हिस्सों में करता है ताकि तुम दोनों को बराबर रोटी मिले। दोनों बिल्लियां इस बात पर राजी हो गईं पर जब बंदर ने रोटी के दो हिस्से किए तो एक टुकड़ा बड़ा और एक टुकड़ा छोटा हो गया। इसलिए उसने बड़ेवाले टुकड़े से थोड़ी सी रोटी तोड़ कर खा ली और इस बार रोटी का दूसरा हिस्सा बड़ा हो गया। यह कुछ देर तक चलता रहा और बंदर रोटी के दोनों टुकड़ों को बराबर करने के लिए लगातार उससे एक-एक बाईट खाता रहा। अंत में उसने पूरी रोटी खा ली। अब क्या था दोनों बिल्लियों को बहुत गुस्सा आया और उन्होंने बंदर से पूछा कि उसने ऐसा क्यों किया तो चालाक बंदर ने कहा कि यदि तुम दोनों खुद ही इस समस्या को सुलझाती तो ऐसा नहीं होता। पर तुम ऐसा नहीं कर सकी और तुम्हारे पास जो भी था वह भी तुमने खो दिया। बंदर खुशी-खुशी अपने घर चला गया और दोनों बिल्लियां भूखी रह गईं।

कहानियां अक्सर हमें हमारे बचपन में ले जाती हैं। किसी के लिए स्टोरीटेलिंग एक कला है तो किसी के लिए यह एक परंपरा है। बहुत पहले से लोग अपने बच्चों को कहानियां सुनाते रहे हैं और बच्चे उतने ही इंट्रेस्ट से कहानियों को सुनते भी आए हैं। ऊपर दी हुई कहानियां काफी लोकप्रिय हैं और आपका बच्चा भी इन कहानियों को बहुत पसंद करेगा इसलिए आप उसे यह कहानियां जरूर सुनाएं। कहानियों से बच्चों की कल्पनाएं व क्रिएटिविटी बढ़ती है और साथ ही बच्चे की वोकैब्युलरी में भी सुधार आता है। बच्चों के लिए ज्यादातर कहानियों में मॉरल भी होता है। इससे आपके बच्चे को वैल्यूज सीखने को मिलती हैं और उसमें सही-गलत पहचानने की समझ आती है। कहानियों में ढेर सारा मनोरंजन भी होता है।

भगवान शिव के पहले शिष्य कौन थे



क्या शिव और शंकर एक हैं,

कौन थे महादेव के पहले शिष्य, कैसे हुई देवाधि देव की उत्पत्ति

भगवान शिव को सनातन संस्कृति देवों के देव महादेव कहा जाता है। इसके अलावा हिंदू धर्म को मानने वाले उन्हें भगवान शंकर भी कहते हैं। उनके महेश, रुद्र, गंगाधर, भोलेनाथ, गिरीश जैसे कई नाम हैं। तंत्र साधना करने वाले भगवान शंकर को भैरव भी कहते हैं। भगवान शंकर को सौम्य और रौद्र दोनों रूपों में पूजा जाता है। भगवान शिव को त्रिदेवों में संहार का देवता माना जाता है। वैसे तो भगवान शिव को हमेशा कल्याणकारी माना जाता है, लेकिन वे लय और प्रलय दोनों को अपने अधीन रखते हैं।

भगवान शिव सुर और असुर दोनों को समान दृष्टि से देखते हैं। इसलिए कथा-कहानियों में कई राक्षसों के उनकी कठिन तपस्या करने की जानकारियां मिलती हैं। भगवान शिव के कई अनन्य भक्तों में एक लंकाधिपति रावण भी हुए। कई राक्षसों ने उन्हें अपने तप से प्रसन्न कर मनचाहा वरदान पाया। सवाल ये उठता है कि भगवान शिव के भक्तों की कई कहानियां सुनी-सुनाई जाती हैं, लेकिन उनके पहले शिष्य की जानकारी बहुत कम उपलब्ध होती है। जानते हैं कि भगवान शंकर के पहले भक्त कौन थे

भगवान शिव के पहले शिष्यों की जानकारी पुराणों में मिलती है। पुराणों के मुताबिक, भगवान शिव के सबसे पहले शिष्यों में सप्तऋषियों की गिनती होती है। मान्यता है कि सप्तऋषियों ने भगवान शिव के ज्ञान का प्रचार धरती पर किया था। इसी की वजह से विभिन्न धर्म और संस्कृतियों की उत्पत्ति हुई। ये भी माना जाता है कि भगवान शिव ने ही गुरु शिष्य परंपरा की शुरआत की थी। शिव के सबसे पहले शिष्यों में बृहस्पति, विशालाक्ष, शुक्र, महेंद्र, प्राचेतस मनु, सहस्राक्ष और भारद्वाज शामिल थे।

क्या एक हैं भगवान शिव और शंकर

ज्यादातर सनातन परंपरा के अनुयायी शिव और शंकर को एक ही मानते हैं। हालांकि, शिव पुराण में जिक्र किया गया है कि सबसे पहले एक प्रकाश पुंज की उत्पत्ति हुई। इस प्रकाश पुंज से ब्रह्मा और विष्णु की उत्पत्ति हुई। जब ब्रह्माजी ने पूछा कि आप कौन हैं तो पुंज से आवाज आई कि मैं शिव हूं। इस पर ब्रह्मा जी ने प्रकाश पुंज से साकार रूप लेने को कहा। फिर उस प्रकाश पुंज से शंकर की उत्पत्ति हुई। इस आधार पर कहा जा सकता है कि शिव और शंकर एक ही शक्ति के अंश हैा, लेकिन दोनों अलग हैं। दोनों फर्क इतना है कि शिव प्रकाश पुंज स्वरूप हैं और अब हम उनकी शिवलिंग के रूप में पूजी करते हैं, जबकि शंकर सशरीर देव स्वरूप हैं।

किसका ध्यान करते हैं भगवान शंकर

कुछ पुराणों में भगवान शंकर को शिव इसलिए कहते हैं, क्योंकि वे निराकार शिव के समान है। निराकार शिव को ही शिवलिंग के रूप में पूजा जाता है। ज्यादातर जगहों पर भगवान शंकर को योगी के रूप में दिखाया जाता है। कई जगह देखा जाता है कि भगवान शंकर खुद आंखें बंद किए ध्यान मुद्रा में बैठे हैं। कभी सोचा है कि आखिर देवाधिदेव महादेव किसका ध्यान कर रहे हैं। तो इसको लेकर अलग-अलग कथाएं हैं। रामचरित मानस में भगवान शिव और श्रीराम को एकदूसरे का उपासक बताया गया है। शिवपुराण में खुद भगवान शिव माता पार्वती को बताते हैं कि वह श्रीराम का ध्यान करते हैं। वहीं, कुछ पुराणों में बताया जाता है कि भगवान शंकर शिव का ध्यान करते रहते हैं। कुछ जगहों पर भगवान शंकर को शिवलिंग का ध्यान करते हुए भी चित्रित किया गया है। इससे भी साफ होता है कि शिव और शंकर दो अलग सत्ताएं हैं।

भगवान शिव की उत्पत्ति कैसे हुई

मान्यता है कि भगवान शिव स्वयंभू हैं यानी खुद ही प्रकट हुए हैं, लेकिन पुराणों में उनकी उत्पत्ति का विवरण मिलता है। विष्णु पुराण के अनुसार, जहां भगवान विष्णु ब्रह्माजी की नाभि से उत्पन्न हुए थे। वहीं, भगवान शिव विष्णु जी के माथे के तेज से उत्पन्न हुए। विष्णु पुराण के मुताबिक, माथे के तेज से उत्पन्न होने के कारण ही शिव-शंभू हमेशा योगमुद्रा में रहते हैं। वहीं, भगवान शिव से एक और मान्यता जुड़ी है कि नंदी और महाकाल भगवान शंकर के द्वारपाल हैं और रुद्रदेवता शंकर की पंचायत के सदस्य हैं।

शिवजी की कितनी पत्नियां हुई

ज्यादातर जगहों पर भगवान शिव की दो पत्नियों का ही उल्लेख मिलता है। इनमें पहली देवी सती और दूसरी माता पार्वती। वहीं, अगर हिंदू पौराणिक कथाओं की मानें तो महादेव ने एक दो नहीं बल्कि चार विवाह किए थे। उनके सभी विवाह आदिशक्ति से ही हुए थे। भगवान शिव का पहला विवाह माता सती के साथ हुआ। वह प्रजापति दक्ष की बेटी थीं। माता सती के पिता ने जब भगवान शिव का अपमान किया तो उन्होंने यज्ञकुंड में खुद को भस्म कर अपने प्राणों की आहुति दे दी। इसके बाद उन्होंने हिमालय की बेटी पार्वती के रूप में जन्म लिया। माता पार्वती के रूप में आदिशक्ति ने भगवान शिव से दूसरा विवाह किया। धर्मग्रंथों में भगवान शिव की तीसरी पत्नी देवी उमा को बताया जाता है। वहीं, उनकी चौथी पत्नी मां महाकाली को बताया गया है।

भगवान शिव को इन 5 राशियों के लोग होते हैं सबसे प्रिय

ज्योतिष शास्त्र में बताया गया है कि भगवान को 5 राशियां सबसे प्रिय होती हैं और भगवान शिव इन राशियों पर विशेष कृपा बरसाते हैं। शिव पुराण के अनुसार, भगवान शिव स्वभाव से बहुत भोले होते हैं और सच्चे मन से पूजा करने पर बहुत जल्द ही प्रसन्न हो जाते है। मान्यताओं के अनुसार मेष और मकर सहित 5 राशियों के लोग भगवान शिव को सबसे प्रिय होते हैं। सावन के महीने में इन राशियों के लोग शिवजी की पूजा से जुड़े कुछ उपाय करें तो भोलेनाथ उनकी हर इच्छा पूरी करते है। देखें कौन सी हैं ये 5 राशियां।

मेष राशि पर शिवजी की विशेष कृपा

मंगल के स्वामित्व वाली मेष राशि भगवान शिव की 5 प्रिय राशियों में से एक मानी जाती है। भोलेबाबा की कृपा से इनके सभी बिगड़े काम बन जाते हैं और उनके आशीर्वाद से करियर और कारोबार में तरक्की होती है। शिवजी इनके शुभ कार्य में आ रही हर बाधा को दूर करते हैं और इस राशि के लोग खूब नाम कमाते हैं। उपाय के रूप में आपको सावन में रोजाना तांबे के लोटे में गुड़ और लाल चंदन डालकर शिवलिंग का अभिषेक करना चाहिए।

कर्क राशि की हर इच्छा पूरी करेंगे महादेव

कर्क राशि के स्वामी चंद्रमा हैं जिनको भगवान शिव ने अपने मस्तक पर धारण किया हुआ है। इसलिए कर्क भी भगवान शिव की प्रिय राशियों में से एक मानी जाती है। कर्क राशि वालों की भोलेबाबा सदैव रक्षा करते हैं और उन्हें सदैव विपत्ति से बचाते हैं। इस राशि के लोग स्वभाव से बहुत सहनशील होते हैं, इसलिए इनके धैर्यपूर्ण स्वभाव की वजह से भगवान शिव इन्हें बहुत पसंद करते हैं। उपाय के रूप में आपको रोजाना सावन में चांदी के लोटे से शिवलिंग पर दूध चढ़ाना चाहिए।

तुला राशि पर कृपा बरसाते हैं महादेव

शुक्र के स्वामित्व वाली तुला राशि भगवान शिव की प्रिय राशियों में से एक मानी जाती है। इस राशि के लोग स्वभाव से बहुत आध्यात्मिक प्रकृति के माने जाते हैं और यही वजह है कि जो शिवजी इस राशि के लोगों के साथ हमेशा खड़े रहते हैं। शिवजी इनका हर बिगड़ा काम संवार देते हैं और सदैव इनके सिर पर सदैव हाथ रखते हैं। सावन में रोजाना आपको पानी में मिसरी डालकर जलाभिषेक करना चाहिए और ऊं नम : शिवाय मंत्र का जप करना चाहिए।

मकर राशि की हर मुराद सुनते हैं महादेव

मकर राशि के स्वामी शनि महाराज हैं। शनि भगवान शिव को अपना आराध्य मानते हैं और कहते हैं कि उन्होंने शिव जी की कृपा से ही दंडाधिकारी का पद प्राप्त किया था इसलिए शिवजी को मकर राशि भी बहुत प्रिय होती है। इस राशि के लोग स्वभाव से बहुत मेहनती होते हैं यही वजह है कि हर मुश्किल वक्त में भगवान शिव इनकी रक्षा करते हैं। उपाय के रूप में आपको सावन में रोजाना शिवलिंग पर जल में काले तिल डालकर शिवलिंग पर चढ़ाना चाहिए।

कुंभ राशि की सदैव रक्षा करते हैं महादेव

कुंभ राशि वाले भी भगवान शिव को सबसे प्रिय होते हैं। कुंभ राशि के लोग स्वभाव से बहुत सच्चे होते हैं और सदैव दूसरों की भलाई करने में लगे रहते हैं। कहते हैं कुंभ राशि वालों को भगवान शिव अकाल मृत्यु से बचाते हैं और उनको सदैवे सुख समृद्धि से भरपूर रखते हैं। भगवान शिव के आशीर्वाद से भगवान शिव अपने जीवन में बड़ा मुकाम हासिल करते हैं। उपाय के रूप में सावन में रोजाना शिवलिंग पर गन्ने का रस चढ़ाएं।

सांस्कृतिक धरोहर, ऐतिहासिक मंदिरों और प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है श्रीशैलम

बाणगंगा जलाशय मंदिर के निकट स्थित है और यहाँ के पानी की पवित्रता को लेकर मान्यता है। श्रद्धालु यहाँ स्नान करके अपने पापों का नाश करते हैं। यहाँ का प्राकृतिक सौंदर्य और शांति पर्यटकों को आकर्षित करता है। श्रीशैलम, आंध्र प्रदेश का एक प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थल है, जो अपनी सांस्कृतिक धरोहर, ऐतिहासिक मंदिरों और प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है। यह शहर भगवान शिव और देवी पार्वती के मंदिर के लिए जाना जाता है, जो भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। आइए जानते हैं श्रीशैलम के कुछ प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में।

1. श्रीशैलम मंदिर

श्रीशैलम मंदिर भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। यह मंदिर शैव और शक्ति भक्तों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थल है। यहाँ का वास्तुकला अद्भुत है और मंदिर के चारों ओर का वातावरण भक्तों को आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करता है।

2. बाणगंगा जलाशय

बाणगंगा जलाशय मंदिर के निकट स्थित है और यहाँ के पानी की पवित्रता को लेकर मान्यता है। श्रद्धालु यहाँ स्नान करके अपने पापों का नाश करते हैं। यहाँ का प्राकृतिक सौंदर्य और शांति पर्यटकों को आकर्षित करता है।

3. श्रीशैलम डेम

श्रीशैलम डेम कृष्णा नदी पर बना एक विशाल बांध है। यह पर्यटकों के लिए एक अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करता है। यहाँ से नदी और आसपास के पहाड़ों का दृश्य मनमोहक होता है। पर्यटक यहाँ बोटिंग का आनंद भी ले सकते हैं।

4. राघवेंद्र स्वामी आश्रम

यह आश्रम संत राघवेंद्र स्वामी को समर्पित है और यहाँ भक्तों की एक बड़ी संख्या आती है। आश्रम का शांत वातावरण और साधना का स्थान भक्तों के लिए विशेष है।

5. किला श्रीशैलम

श्रीशैलम का किला ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। यहाँ की दीवारें और मीनारें एक समय की भव्यता को दर्शाती हैं। किले की चोटी से चारों ओर का दृश्य अद्भुत होता है और यहाँ से सूर्यास्त का दृश्य देखने लायक होता है।

6. मल्लिकार्जुन स्वामी मंदिर

यह मंदिर श्रीशैलम के निकट स्थित है और यहाँ की भव्यता और आस्था भक्तों को आकर्षित करती है। यह मंदिर भी भगवान शिव को समर्पित है और यहाँ विशेष उत्सव और मेले आयोजित होते हैं।

श्रीशैलम तक पहुँचने के लिए सड़क और रेल दोनों सुविधाएँ उपलब्ध हैं। निकटतम रेलवे स्टेशन मल्लिकार्जुनपुरम है, जबकि सबसे नजदीकी एयरपोर्ट हैदराबाद में है। यहाँ का मौसम पूरे साल यात्रा के लिए उपयुक्त होता है, लेकिन सर्दियों में यहाँ आना विशेष रूप से सुखद होता है सबसे अच्छे वेकेशन पैकेज

देखा जाये तो श्रीशैलम एक ऐसा स्थान है जहाँ आप धार्मिकता, संस्कृति और प्राकृतिक सौंदर्य का अद्भुत अनुभव कर सकते हैं। यहाँ की यात्रा आपको न केवल आध्यात्मिक बल्कि सांस्कृतिक और ऐतिहासिक अनुभव भी प्रदान करेगी। यदि आप आंध्र प्रदेश में यात्रा की योजना बना रहे हैं, तो श्रीशैलम आपके लिए एक अनूठा गंतव्य है। यहाँ की यात्रा निश्चित रूप से आपके मन में अमिट यादें छोड़ जाएगी।



जब धरती पर बढ़े पाप तब भगवान ने लिए ये अवतार

हिंदु धार्मिक ग्रंथों की मान्यताओं के अनुसार, धरती पर बढ़ते पापों को खत्म करने के लिए भगवान खुद संसार में अवतार के रूप में प्रकट होते है। अब तक भगवान विष्णु के इन अवतारों को जाना जाता है।।।

गीता में चौथे अध्याय के एक श्लोक में भगवान कृष्ण ने कहा है :

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत ।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम् ॥

इसका मतलब है, हे भारत, जब-जब धर्म की हानि होने लगती है और अधर्म बढ़ने लगता है, तब-तब मैं स्वयं की रचना करता हूं, अर्थात् जन्म लेता हूं। मानव की रक्षा, दुष्टों के विनाश और धर्म की पुन :स्थापना के लिए मैं अलग-अलग युगों (कालों) में अवतरित होता हूं।

तो आइए जानें श्रीहरि के दशावतारों के बारे में :

1। मत्स्य अवतार :

मत्स्य अवतार भगवान विष्णु का पहला अवतार है। इस अवतार में विष्णु जी मछली बनकर प्रकट हुए थे। मान्यता के अनुसार एक राक्षस ने जब वेदों को चुरा कर समुद्र की गहराई में छुपा दिया था, तब भगवान विष्णु ने मत्स्य अवतार में आकर वेदों को पाया और उन्हें फिर स्थापित किया।

2। वराह अवतार :

वराह अवतार हिंदू धर्म ग्रंथों के अनुसार भगवान विष्णु के दस अवतारों में से तीसरा अवतार है। इस अवतार में भगवान ने सुअर का रूप धारण करके हिरण्याक्ष राक्षस का वध किया था।

3। कच्छप अवतार :

कूर्म अवतार को कच्छप अवतार भी कहते हैं। इसमें भगवान विष्णु कछुआ बनकर प्रकट हुए थे। कच्छप अवतार में श्री हरि ने क्षीरसागर के समुद्रमंथन में मंदर पर्वत को अपने कवच पर रखकर संभाला था। मंथन में भगवान विष्णु, मंदर पर्वत और वासुकि सर्प की मदद से देवताओं और राक्षसों ने चौदह रत्न पाए थे।

4। नृसिंह भगवान :

ग्रंथों के अनुसार भगवान विष्णु के दस अवतारों में से चौथा अवतार नृसिंह हैं। इस अवतार में लक्ष्मीपति नर-सिंह मतलब आधे शेर और आधे मनुष्य बनकर प्रकट हुए थे। इसमें भगवान का चेहरा शेर का था और शरीर इंसान का था। नृसिंह अवतार में उन्होंने अपने भक्त प्रहलाद की रक्षा के लिए उसके पिता राक्षस हिरणाकश्यप को मारा था।

5। वामन अवतार :

भगवान विष्णु पांचवां अवतार हैं वामन। इसमें भगवान ब्राम्हण बालक के रूप में धरती पर आए थे और प्रहलाद के पौत्र राजा बलि से दान में तीन पद धरती मांगी थी। तीन कदम में वामन ने अपने पैर से तीनों लोक नाप कर राजा बलि का घमंड तोड़ा था।

6। परशुराम :

विष्णु के अवतार परशुराम राजा प्रसेनजित की बेटी रेणुका और भृगुवंशीय जमदग्नि के पुत्र थे। दशावतारों में से वह छठवां अवतार थे। जमदग्नि के पुत्र होने की वजह से इन्हें जामदग्न्य भी कहते हैं। वह शिव के परम भक्त थे। भगवान शंकर ने इनकी भक्ति से प्रसन्न होकर परशु शस्त्र दिया था। इनका नाम राम था और परशु लेने के कारण वह परशुराम कहलाते थे। कहा जाता है इन्होंने क्षत्रियों का कई बार विनाश किया था। क्षत्रियों के अहंकारी विध्वंश से संसार को बचाने के लिए इनका जन्म हुआ था।

7। श्रीराम :

विष्णु के दस अवतारों में से एक मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम हैं। महर्षि वाल्मिकि ने राम की कथा संस्कृत महाकाव्य रामायण में लिखी थी। तुलसीदास ने भक्ति काव्य श्री रामचरितमानस की रचना की थी। राम, अयोध्या के राजा दशरथ और उनकी पहली रानी कौशल्या के पुत्र थे।

8। श्री कृष्ण :

यशोदा नंदन श्री कृष्ण भी विष्णु के अवतार थे। भागवत ग्रंथ में भगवान कृष्ण की लीलाओं की कहानियां है। इनके गोपाल, गोविंद, देवकी नंदन, वासुदेव, मोहन, माखन चोर, मुरारी जैसे अनेकों नाम हैं। यह मथुरा में देवकी और वसुदेव के पुत्र के रूप में प्रकट हुए थे। श्री कृष्ण की महाभारत के युद्ध में बहुत बड़ी भूमिका थी। वह इस युद्ध में अर्जुन के सारथी थे। उनकी बहन सुभद्रा अर्जुन की पत्नी थीं। उन्होंने युद्ध से पहले अर्जुन को गीता उपदेश दिया था।

9। भगवान बुद्ध : भगवान विष्णु के दशावतारों में से एक बुद्ध भी हैं। इनको गौतम बुद्ध, महात्मा बुद्ध भी कहा जाता है। वह बौद्ध धर्म के संस्थापक माने जाते हैं। बौद्ध धर्म संसार के चार बड़े धर्मों में से एक है। इनका जन्म क्षत्रिय कुल के शाक्य नरेश शुद्धोधन के पुत्र के रूप में हुआ था। इनका नाम सिद्धार्थ रखा गया था। गौतम बुद्ध अपनी शादी के बाद बच्चे राहुल और पत्नी यशोधरा को छोड़कर संसार को मोह-माया और दुखों से मुक्ति दिलाने के मार्ग पर निकल गए थे।

10। कल्कि अवतार : कल्कि अवतार भगवान विष्णु का आखरी अवतार माना जाता है। कल्कि पुराण के अनुसार श्री हरि का कल्कि अवतार कलियुग के अंत में होगा। उसके बाद धरती से सभी पापों और बुरे कर्मों का विनाश होगा।

तीसरा टेस्ट : हेड और स्मिथ के शतकों से ऑस्ट्रेलिया का विशाल स्कोर , 405/7

-बुमराह ने लिए पांच विकेट

गाबा (एजेंसी)। ट्रेविस हेड और स्टीव स्मिथ के शानदार शतकों से ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय टीम के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे दिन अपनी पहली पारी में सात विकेट पर 405 रन बना लिए थे। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय मिचेल स्टार्क 7 रन और एलेक्स कैरी 45 रन बनाकर खेल रहे थे। ट्रेविस हेड ने 152 रन और स्टीव स्मिथ ने 101 रन की पारी खेली। वहीं, भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने पांच विकेट लिए जबकि सिराज और नीतीश को एक-एक विकेट मिला।। वहीं पहले दिन बारिश के कारण केवल 13.2 ओवर का ही खेल हो पाया। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर मेजबानों को बल्लेबाजी के लिए बुलाया था। पहले दिन केवल 13.2 ओवर ही फेंके जा सके थे जिसमें मेजबानों ने 28 रन बनाये थे।

दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने पहले दिन के बिना किसी विकेट के 28 रन से आगे खेलना शुरू किया और दिन भर में 377 रन बनाए और सात विकेट खोये। बुमराह ने पहले सत्र में उस्मान ख्वाजा 21 और नाथन मैकस्वीनी 9 को पेवेलियन भेज दिया। इसके बाद पहले सत्र में ही नीतीश रेड्डी ने मार्नस लाबुशेन को 12 रनों पर ही आउट कर दिया।, इसके बाद स्टीव स्मिथ और ट्रेविस हेड ने अच्छी साझेदारी कर स्कोर आगे बढ़ाया । दोनों ने चौथे विकेट के लिए 242 रन की साझेदारी निभाई। हेड ने टेस्ट करियर का नौवां और स्मिथ ने 33वां शतक लगाया ।स्मिथ 190 गेंद पर 12 चौके की मदद से 101 रन और हेड 160 गेंद पर 18 चौके की मदद से 152 रन बनाकर आउट हुए। वहीं मिचेल मार्श पांच रन और कप्तान पैट कमिंस 20 रन बनाकर आउट हुए। कमिंस ने सातवें विकेट के लिए कैरी के साथ 58 रन की साझेदारी निभाई।

ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे दिन लंच तक अपनी पहली पारी में 3 विकेट पर 104 रन बना लिए हैं। दूसरे दिन पहले सेशन में 76 रन बने और तीन विकेट गिरे। दूसरे सेशन में ट्रेविस हेड ने अपना शतक पूरा किया। हेड ने केवल 115 गेंदों में ही अपना शतक लगा दिया। इसमें 13 चौके शामिल थे।

डब्ल्यूपीएल 2025: सिमरन शेख सबसे महंगी खिलाड़ी बनी, 16 वर्षीय जी कमलिनी 1.60 करोड़ में बिकी

बेंगलुरु (एजेंसी)। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 की रविवार को हुई मिनी नीलामी में लेग स्पिनर को सिमरन शेख को मुंबई इंडियंस ने दिन की सबसे बड़ी बोली लगाकर 1.90 करोड़ रुपए में खरीदा। सिमरन का यह चयन उनकी टी-20 क्रिकेट में उनकी गेम-चेंजर की भूमिका को दर्शाता है।

इसके अलावा मुंबई ने शानदार प्रदर्शन कर रही तमिलनाडु की 16 वर्षीय जी कमलिनी को 1.60 करोड़ रूपये में खरीदा। कमलिनी के लिए अनकैप्ड में सबसे बड़ी बोली लगी। वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर डिएंड्रा डॉटिन को गुजरात जायंट्स ने 1.70 करोड़ रुपए में खरीदा। डॉटिन ने हाल ही में आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2024 में शानदार प्रदर्शन किया था। विश्वकप में उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ रन देकर चार विकेट लिए थे। इसके अलावा उन्होंने 167.3 की स्ट्राइक रेट से 82 रन भी बनाए थे।

नीलामी में प्रमुख भारतीय खिलाड़ी स्नेह राणा और पूनम यादव शुरुआती दौर में नहीं मिला खरीदार। इस बीच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने प्रेमा रावत को 1.2 करोड़ रुपए में और दिल्ली कैपिटल्स ने एन. चरानी को 55 लाख रुपए में खरीदा।

बुमराह ने कपिल देव का रिकॉर्ड तोड़ा

ब्रिस्बेन (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच की पहली पारी में पांच विकेट लेने के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। बुमराह इसी के साथ ही विदेशी हालातों में सर्वश्रेष्ठ भारतीय गेंदबाज बनकर उभरे हैं। बुमराह ने इसी के साथ ही महान ऑलराउंडर कपिल देव को भी पीछे छोड़ दिया।

ब्रिस्बेन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन बुमराह ने स्टीव स्मिथ और ट्रैविस हेड के विकेट लिए। दोनों को आउट करते हुए उन्होंने 25 ओवर में 2.90 की इकॉनमी रेट से 72 रन देकर पांच विकेट लिए। इस प्रकार एशिया के बाहर बुमराह ने 10 वीं बार 5 विकेट लिए हैं। इससे पहले कपिल के नाम एशिया के बाहर 9 बार पांच विकेट लेने का रिकार्ड था। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया में तीन, दक्षिण अफ्रीका में तीन और वेस्टइंडीज तथा इंग्लैंड में दो-दो बार 5 विकेट लिए हैं। वहीं दूसरी ओर, कपिल ने ऑस्ट्रेलिया में 5, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज में दो-दो बार 5 विकेट लिए हैं। बुमराह के सेना देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में 8 पांच विकेट है, जिसने कपिल को एक बार फिर पीछे छोड़ दिया जिनके नाम इन देशों में 7 बार पांच विकेट लेने का रिकॉर्ड था।

ऋषभ ने बनाया रिकार्ड, 150 शिकार करने वाले तीसरे भारतीय विकेटकीपर बने

गाबा (एजेंसी)। भारतीय टीम के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे दिन एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। ऋषभ ने इस मैच में जसप्रीत बुमराह की गेंद पर ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा का कैच पकड़ते ही टेस्ट विकेटकीपर के तौर पर अपना 150वां शिकार किया। ऋषभ ने कार हादसे से उबरकर जिस पकार की विकेटकीपिंग की है। उससे सभी हैरान हैं। इस युवा क्रिकेटर ने सीमित ओवरों के अलावा टेस्ट क्रिकेट में अपनी फिटनेस को साबित किया है।

वह 150 शिकार करने वाले तीसरे भारतीय विकेटकीपर बने हैं।

उनसे पहले ये उपलब्धि महेन्द्र सिंह धोनी और सैयद किरमानी ने हासिल की थी। ऋषभ ने अब तक 41 टेस्ट मैचों में 135 कैच पकड़ने के साथ ही 15 स्टम्पिंग की हैं। धोनी इस सूची में पहले नंबर पर हैं उन्होंने विकेटकीपर के तौर पर कुल 294 शिकार किये हैं। जिसमें 256 कैच और 38 स्टम्पिंग हैं। वहीं दूसरे नंबर पर रहे सैयद किरमानी के नाम 198 शिकार हैं जिसमें उन्होंने 160 कैच पकड़े हैं जबकि 38 स्टम्पिंग की हैं। अब ऋषभ को किरमानी को पीछे छोड़ने के लिए 49 और शिकार बतौर विकेटकीपर टेस्ट क्रिकेट में करने हैं।

ब्रिस्बेन का गाबा मैदान इस युवा क्रिकेटर के लिए काफी अच्छा रहा है। यहां उन्होंने पिछली बार शानदार बल्लेबाजी करते हुए 97 रन बनाकर भारतीय टीम को जीत दिलायी थी।

गाबा टेस्ट ड्रॉ भी हुआ तो भी डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में नहीं आयेगा बदलाव

गाबा । भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन बारिश के कारण खेल कुछ ही ओवर हो पाया। यहां जिस प्रकार के हालात हैं उसमें आगे भी बारिश होने की संभावना है। अगर ऐसा होता है तो ये मैच ड्रॉ होने की संभावनाएं बढ़ जाएंगी।अगर यह मैच ड्रॉ हुआ तो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) अंक तालिका पर किस प्रकार का प्रभाव होता है ये सवाल सभी के मन में उठ रहे हैं।

डब्ल्यूटीसी अंत तालिका में अभी दक्षिण अफ्रीका 63.33 अंक प्रतिशत के साथ पहले नंबर पर है। वहीं ऑस्ट्रेलिया (60.71) अंक प्रतिशत के साथ दूसरे और भारतीय टीम 57.29 अंक प्रतिशत के साथ ही तीसरे नंबर पर है। वहीं दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और भारत के बाद श्रीलंका 45.45 अंक प्रतिशत के साथ ही चौथे नंबर पर है। वहीं अगर गाबा टेस्ट मैच ड्रॉ हो जाता है तो भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों के अंक जरुर घट जाएंगे पर अंक तालिका में कोई बदलाव नहीं आएगा। मैच ड्रॉ होने पर ऑस्ट्रेलिया के अंक प्रतिशत 60.71 से घटकर 58.89 रह जाएंगे। वहीं भारतीय टीम के अंक प्रतिशत 57.29 से कम होकर 55.88 पर फिसल जाएंगे पर दोनों टीमों की रैंकिंग नहीं बदलेगी। ऑस्ट्रेलिया पहले की तरह दूसरे और भारतीय टीम तीसरे नंबर पर बनी रहेगी। वहीं इसी प्रकार दक्षिण अफ्रीका पहले और श्रीलंका चौथे नंबर पर बरकरार रहेगी। न्यूजीलैंड 45.24 अंक प्रतिशत के साथ ही पांचवें नंबर पर है।

रुट न्यूजीलैंड में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विदेशी खिलाड़ी बने, मियांदाद से आगे निकले

हैमिल्टन । इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच यहां तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रुट ने 32 रनों की पारी खेलकर भी एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। इसी के साथ ही रुट ने पाकिस्तान के दिग्गज बल्लेबाज जावेद मियांदाद का एक रिकार्ड तोड़ दिया। अब रुट न्यूजीलैंड की धरती पर सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले विदेशी बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के मियांदाद का रिकॉर्ड तोड़ा है। रुटा के अब न्यूजीलैंड की धरती पर कुल 952 टेस्ट रन हो गये हैं जबकि मियांदाद ने न्यूजीलैंड की धरती पर 928 टेस्ट रन बनाए थे। वहीं 842 रनों के साथ भारत के सचिन तेंदुलकर तीसरे नंबर पर हैं। इस मैच में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोवस ने टॉस जीतकर मेजबान टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 347 रन बनाए। इसके बाद इंग्लैंड की आधा टीम अपनी पहली पारी में 100 रनों में ही पेवेलियन लौट गयी। इन हालातों में रुट ने टीम को संभालने का प्रयासा किया।

राहुल को खरीदना ही नहीं चाहती थी आरसीबी

मुम्बई । रॉयल चैलेंजर्स (आरसीबी) ने जब आईपीएल 2025 के लिए पिछले माह हुई नीलामी में के ए राहुल पर बोली नहीं लगायी थी तो सभी हैरान हो गये थे। वहीं अब ये खुलासा हुआ है कि आरसीबी की राहुल को खरीदने की कोई योजना ही नहीं थी। आईपीएल का 18वां सीजन 14 मार्च से 25 मई तक खेला जाएगा। मेगा नीलामी में आरसीबी ने अपनी पसंद के कई खिलाड़ी खरीदे हैं हालांकि, फ्रेंचाइजी के कुछ फैसलों से सभी हैरान भी हुए इसमें से एक था राहुल को न खरीदना।इसका कारण है कि नीलामी से पहले कहा जा रहा था कि राहुल को आरसीबी किसी भी कीमत में खरीदेगी। यहां तक कहा गया था कि आरसीबी राहुल को कप्तान भी बनाएगी पर बाद से ये सभी बातें गलत निकलीं।आरसीबी की जिन खिलाड़ियों को खरीदने की सूची सामने आई है। उससे सभी हैरान हैं। लिस्ट सामने आई है, जिसने सभी को चौंका दिया है. इस सूची में राहुल ही नहीं श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत जैसे बड़े खिलाड़ियों के नाम भी नहीं थे।इससे साफ है कि आरसीबी इन्हें नहीं चाहती थी। आरसीबी की सूची में स्पिनर युजवेंद्र चहल और ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर का नाम जरूर था। इसके अलावा टीम की टिम डेविड और लियाम लिविंगस्टोन को भी खरीदने की योजना थी। जिसमें वह सफल भी रही। इसके अलावा आरसीबी की सचूी में भुवनेश्वर कुमार भी शामिल थे। इसी वजह से उसने भुवी को मोटी रकम देकर खरीदा था। इसके अलावा टी नटराजन, डेविड मिलर और जोश हेजलवुड भी उसकी योजना में शामिल थे।

सिराज पर निशाना साधने वालों को गावस्कर का जवाब, ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट 'पंडितों' का दोहरा चरित्र दिखाया

ब्रिस्बेन (एजेंसी)। भारतीय दिग्गज सुनील गावस्कर ने एडीलेड में दिन रात्रि टेस्ट में ट्रेविस हेड के साथ विवाद में मोहम्मद सिराज पर निशाना साधने को लेकर ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट 'पंडितों' के दोहरे चरित्र की आलोचना की है। पांच मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट में बाएं हाथ के बल्लेबाज हेड ने शतक पूरा करने के बाद डीप स्क्वायर लेग पर छक्का लगाया जिसके बाद सिराज ने उन्हें बोल्ड कर दिया और ड्रेसिंग रूम की ओर जाने का इशारा किया था।

हेड ने दावा किया कि उन्होंने आउट होने के बाद सिराज से कहा था कि 'अच्छी गेंदबाजी की% लेकिन भारतीय गेंदबाज ने इस दावे से इनकार किया। सिराज पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और हेड को फटकार लगाई गई जबकि दोनों खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने एक-एक डिमेरिट अंक भी दिया। गावस्कर ने 'सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड' में कटाक्ष करते हुए लिखा, 'सिराज के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट के 'पंडितों' से कड़ी प्रतिक्रिया मिल रही है। ऐसी प्रतिक्रिया वहीं दे रहे जिन्हें मैदान पर इस तरह के व्यवहार के लिए जाना जाता है।'

उन्होंने लिखा, 'इससे ऑस्ट्रेलियाई प्रशंसक नाराज हो सकते हैं कि सिराज ने शानदार शतक बनाने वाले स्थानीय खिलाड़ी को आक्रामक इशारा किया।' गावस्कर ने दोहरे चरित्र पर कटाक्ष किया कि कैसे यही लोग अपने खिलाड़ियों के असभ्य व्यवहार का समर्थन करते हैं। उन्होंने लिखा, 'यह लोग हालांकि अगले सत्र में की एशेज के दौरान ऑस्ट्रेलिया के किसी तेज गेंदबाज की इंग्लैंड के बल्लेबाज के खिलाफ इस तरह की हरकत का समर्थन करेंगे। मीडिया में कुछ सुझाव थे कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों को को फिर से पहले की तरह बेहद आक्रामक रवैया अपनाना चाहिए।'

गावस्कर हालांकि सिराज के गुस्से से आश्चर्यचकित थे क्योंकि आईपीएल ने खिलाड़ियों के बीच कटुता को कम कर दिया था। उन्होंने कहा, 'सिराज का गुस्सा आश्चर्यजनक था क्योंकि इंडियन प्रीमियर लीग ने ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेटरों और कोचों को करोड़पति बनाने के अलावा एक काम किया है और वह काम है पहले से मौजूद कटुता को काफी हद तक कम करना।'

चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के लिए हाइब्रिड मॉडल को लेकर पीसीबी में असंतोष

नई दिल्ली - भारत द्वारा सीमा पार जाने से इनकार करने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा 2025 चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी हाइब्रिड प्रारूप में करने के फैसले से संगठन में असंतोष पैदा हो गया है। सूत्रों ने के मुताबिक पाकिस्तान द्वारा इस फैसले को स्वीकार करने के तरीके से कई सदस्य नाखुश हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए हाइब्रिड मॉडल के प्रस्ताव की पुष्टि की है जिसमें भारत दुबई में अपने मैच खेलेगा, जबकि पाकिस्तान बाकी टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। मुआवजे के तौर पर पाकिस्तान को कोलंबो में 2026 टी20 विश्व कप में अपने मैच खेलने की अनुमति दी गई है। पाकिस्तान को 2027 के बाद आईसीसी महिला आयोजन की मेजबानी का अधिकार भी दिया गया है। पीसीबी द्वारा इस फॉर्मूले को स्वीकार करने के साथ ही हाइब्रिड मॉडल को लेकर पीसीबी के भीतर लड़ाई शुरू हो गई है। सूत्रों ने बताया कि कुछ सदस्यों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी को आईसीसी की रणनीति से दूर रहना चाहिए। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ उन लोगों में से एक हैं जो पीसीएच द्वारा हाइब्रिड मॉडल पर सहमति जताने के तरीके से खुश नहीं हैं। उन्होंने कहा कि 2027 के बाद महिला क्रिकेट टूर्नामेंट की पेशकश करना हाइब्रिड मॉडल में सीटी 2025 की मेजबानी के लिए कोई मुआवजा नहीं है।

ऋषभ को लेकर ऑस्ट्रेलिया में भी दीवानगी का माहौल, मुखौटे पहने नजर आये प्रशंसक

गाबा । भारतीय टीम के युवा क्रिकेटर ऋषभ पंत को लेकर ऑस्ट्रेलिया में भी दीवानगी का माहौल है। इसका अंदाजा इसी से होता है कि दोनो टीमों के बीच तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए लिए पहुंचे प्रशंसक ऋषभ के मुखौटे पहने नजर आये। ये प्रशंसक ढोल की थाप पर नाचते दिखे। बारिश के कारण भले ही खेल नहीं हो पाया पर ऋषभ के प्रशंसक जमे रहे। ये प्रशंसक इस भारतीय क्रिकेटर के नाम के मुखौटे पहने हुए थे। वह उनके नाम के नारे लगा रहे थे तो कई ढोल की थाम पर नाचते हुए भी दिखे। गाबा को वैसे भी साल 2020-21 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऋषभ की आक्रामक पारी के लिए याद किया जाता है। इस स्थल पर वापस आने के बारे में बात करते हुए इस क्रिकेटर ने भी पिछले दिनों कहा था कि उन्हें यहां आकर बेहद खुशी हुई और वह सकारात्मक ऊर्जा से भरे हुए थे क्योंकि इस स्थल की उन्हें कुछ शानदार यादें हैं। प्रशंसकों ने इस युवा क्रिकेटर का गर्मजोशी से स्वागत किया और उसे समर्थन में नारे लगाए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इसी मैदान पर इस क्रिकेटर ने अपने टेस्ट करियर की सबसे यादगार पारी खेली थी। टीम इंडिया को उसे मैच में 407 रन का लक्ष्य मिला था। तब ऋषभ ने 97 रनों की ऐतिहासिक पारी खेलकर टीम को जीत दिलायी थी।

विजय हजारे ट्रॉफी में खेलते नजर आएंगे मोहम्मद शमी, इस टीम में हुए शामिल

नई दिल्ली - तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को आगामी विजय हजारे ट्रॉफी के लिए बंगाल की 20 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। शमी ने हाल ही में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बंगाल के लिए सभी नौ मैचों में खेलते हुए 7.85 की इकॉनमी से 11 विकेट लिए। टूर्नामेंट के दौरान उनके घुटने में सूजन आ गई जिससे टेस्ट क्रिकेट के लिए उनकी तैयारी में बाधा आई। वह ऑस्ट्रेलिया में चल रही टेस्ट सीरीज के लिए अपनी फिटनेस हासिल करने करने का प्रयास कर रहे है। शमी के अलावा तेज गेंदबाज मुकेश कुमार भी सुदीप कुमार घरामी की अगुवाई वाली बंगाल की टीम का हिस्सा हैं। मुकेश फिलहाल ऑस्ट्रेलिया में तेज गेंदबाजी रिजर्व के तौर पर हैं। बंगाल अपना अभियान 21 दिसंबर को हैदराबाद में दिल्ली के खिलाफ शुरू करेगा। खिलाड़ी बुधवार को कोलकाता से हैदराबाद के लिए रवाना होंगे।

विजय हजारे ट्रॉफी के लिए बंगाल की टीम - सुदीप कुमार घरामी (कप्तान), मोहम्मद शमी, अनुस्तुप मजूमदार, अभिषेक पोरेल (विकेट कीपर), सुदीप चटर्जी, करण लाल, शाकिर हबीब गांधी (विकेट कीपर), सुमंत गुप्ता, शुभम चटर्जी, रंजोत सिंह खैरा, प्रदीप प्रमाणिक, कौशिक मैती, विकास सिंह, मुकेश कुमार, सक्षम चौधरी, रोहित कुमार, मोहम्मद कैफ, सूरज सिंधु जायसवाल, सायन घोष और कनिष्क सेठ।

मेरा शतरंज खेलने का कारण पैसा नहीं, करोड़पति बनने पर बोले विश्व चैंपियन गुकेश

बेंगलुरू (एजेंसी)। सिंगापुर -नए विश्व चैंपियन डी गुकेश के लिए करोड़पति बनने का तमगा बहुत मायने रखता है लेकिन वह भौतिक लाभ के लिए नहीं खेलते बल्कि इसका आनंद उठाने के लिए खेलते हैं और वह इस लगाव को तब से बरकरार रखने में कामयाब रहे हैं जब शतरंज बोर्ड उनके लिए सबसे अच्छा खिलौना हुआ करता था।

चेन्नई के 18 वर्षीय गुकेश अब 11.45 करोड़ रुपए अधिक अमीर हो गए हैं जो उन्हें फाइनल में चीन के डिंग लिरेन को हराने के लिए फिडे से पुरस्कार राशि के रूप में मिलेगा। गुकेश के पिता रजनीकांत ने अपने बेटे के साथ सर्किट पर जाने के लिए 'ईएनटी सर्जन' के तौर पर अपना करियर छोड़ दिया जबकि उनकी मां पद्मकुमारी एक माइक्रोबायोलॉजिस्ट हैं जो परिवार की एकमात्र कमाने वाली बन गईं।

यह पूछे जाने पर कि करोड़पति होना उनके लिए क्या मायने रखता है तो गुकेश ने एक इंटरव्यू के रूप में फिडे को बताया, 'यह बहुत मायने रखता है। जब मैं शतरंज में आया तो हमें एक परिवार के रूप में कुछ मुश्किल फैसले लेने पड़े। मेरे माता-पिता वित्तीय और भावनात्मक कठिनाइयों से गुजरे थे। अब, हम अधिक सहज हैं और मेरे माता-पिता को उन चीजों के बारे में सोचने की जरूरत नहीं है। व्यक्तिगत रूप से मैं पैसे के लिए शतरंज नहीं खेलता।'

वह हमेशा याद रखने की कोशिश करते हैं कि जब उसे अपना पहला शतरंज बोर्ड मिला था तो उन्होंने यह खेल क्यों खेलना शुरू किया था। नए विश्व चैम्पियन बने गुकेश ने कहा, 'मैं अब भी वही बच्चा हूं जिसे शतरंज पसंद है। यह सबसे अच्छा खिलौना हुआ करता था।' मितभाषी विश्व चैंपियन के पिता उनके प्रबंधक की भूमिका निभाते हैं, उनकी सभी ऑफ-बोर्ड गतिविधियों का ध्यान रखते हैं और उसे खेल पर ध्यान केंद्रित करने देते हैं जबकि उनकी मां भावनात्मक और आध्यात्मिक शक्ति का स्तंभ है। गुकेश ने कहा, 'मां अब भी कहती है। मुझे यह जानकर खुशी होगी कि तुम एक महान शतरंज खिलाड़ी हो, लेकिन मुझे यह सुनकर अधिक खुशी होगी कि तुम एक महान व्यक्ति हो।'

अब भी अपनी किशोरावस्था में गुकेश को लगता है कि खेल के एक छात्र के रूप में वह जितना अधिक शतरंज के बारे में सीखेगा, उतना ही उसे पता चलेगा कि वह कितना कम जानता है। उन्होंने कहा, 'यहां तक सबसे महान खिलाड़ी भी बहुत सारी गलतियां करते हैं। भले ही तकनीक इतनी ऊंचत हो, लेकिन शतरंज के बारे में अब भी बहुत कुछ सीखना बाकी है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि जितना अधिक आप कुछ सीखते हैं, उतना ही आपको अहसास होता है कि आप उस चीज को नहीं जानते हैं।' गुकेश ने कहा, 'जब भी मैं शतरंज बोर्ड पर होता हूं तो मुझे लगता है कि मैं कुछ नया सीख रहा हूं। यह असीमित सुंदरता की प्रक्रिया है।'

आडवाणी की हालत स्थिर, डॉक्टरों की निगरानी में

नई दिल्ली। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी का दिल्ली के अपोलो अस्पताल में इलाज चल रहा है। वे फिलहाल डॉक्टरों की निगरानी में हैं और उनका स्वास्थ्य स्थिर बताया जा रहा है। पिछले दो सप्ताह से उनकी तबीयत ठीक नहीं चल रही थी, जिसके बाद उन्हें इंद्रप्रस्थ अपोलो में भर्ती कराया गया था। इंद्रप्रस्थ अपोलो के हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक, लालकृष्ण आडवाणी को मेडिकल मैनेजमेंट और जांच के लिए इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। वे सीनियर न्यूरोलॉजिस्ट डॉ.विनीत सूरी की देखरेख में हैं और फिलहाल उनकी हालत स्थिर है।

साइबर ठग ने पुलिसकर्मी को लगाया 5 लाख से अधिक का चूना, जांच में जुटी पुलिस

भरुच । गुजरात समेत देशभर में साइबर ठगी की घटनाएं लगातारा बढ़ती जा रही हैं। साइबर ठग नित नई तरकीबें आजमा कर आम लोगों को चूना लगा रहे हैं। जिससे अब कानून के रखवाले भी सुरक्षित नहीं हैं। जी हां, भरुच में एक पुलिस कांस्टेबल साइबर ठगी का शिकार हुआ है। घटना के बाद पुलिस कांस्टेबल ने साइबर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाई है, जिसके आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। जानकारी के मुताबिक भरुच के ओसारा गांव निवासी भरुच में आर्म्स पुलिस कांस्टेबल के तौर पर हेड क्वार्टर्स में सेवारत योगेश ठाकोर को साइबर ठग ने एक्सिस बैंक के कर्मचारी की पहचान देकर उनसे सभी आईडी पासवर्ड हासिल कर लिए। जिसके बाद योगेश ठाकोर के एकाउंट से रु. 548999 निकाल लिए। साइबर ठगी के शिकार योगेश ठाकोर ने भरुच साइबर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत के मुताबिक योगेश ठाकोर के मोबाइल पर किसी अज्ञात नंबर से एक्सिस बैंक के राहुलजी नामक कर्मचारी की पहचान देकर केवाईसी डिटेइल अपडेट करने के बहाने पान कार्ड अपडेट करने की नाम की एप्लिकेशन लिंक भेजी थी। साइबर ठग ने शिकायतकर्ता के पान कार्ड, आधार कार्ड और डेबिट कार्ड की डिटेइल पहले से चल रही लोन नंबर पर अतिरिक्त टॉप अप लोन लेकर उस लोन में जमा हुए रु. 778209 में से रु. 548999 की रकम अलग अलग बैंक एकाउंट में ट्रांसफर कर ली। ठगे जाने का अहसास होने पर योगेश ठाकोर ने तुरंत साइबर पुलिस थाने में अज्ञात ठगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा दी। पुलिस ने बीएनएस एक्ट और साइबर एक्ट 2008 के तहत केस दर्ज कर अज्ञात ठगों का पता लगाने की कोशिशें तेज कर दी हैं।

आतंक फैलाने के लिए किया था बस पर हमला, एनआईए ने किया आरोप-पत्र दाखिल

जम्मू। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शिवखोड़ी, रनसू से जम्मू-कश्मीर के कटड़ा जा रही तीर्थयात्रियों की बस पर हुए आतंकवादी हमले से संबंधित मामले में एक आरोपी के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल किया है। यह हमला 9 जून, 2024 को हुआ था, जब अज्ञात आतंकवादियों ने झांडी मोड़ के पास बस पर अंधाधुंध गोलीबारी की थी। इस हमले में 8 तीर्थयात्रियों और बस चालक की मौत हो गई थी और 41 तीर्थयात्री गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस हमले का उद्देश्य आम जनता और तीर्थयात्रा के लिए जम्मू-कश्मीर आने वाले लोगों में आतंक फैलाना था। बस चालक के सिर पर गोली लगने से वह नियंत्रण खो बैठा था। इसके बाद बस खाई में गिर गई थी। एनआईए की जांच में पता चला है कि आरोपी हाकम ने हमले के पीछे की साजिश का हिस्सा होने की बात कबूल की थी, उसके सक्रिय रसद समर्थन के साथ 3 आतंकवादियों ने घटना को अंजाम दिया था। उन्हें भोजन और रहने की व्यवस्था प्रदान करने के अलावा, उसने हमले की जगह की पहचान करने में आतंकवादियों की मदद की थी। बयान में कहा गया है कि मामले में जांच जारी है।

महादेव ऐप की एक और 130 करोड़ की संपत्ति जब्त, अब तक 11 लोग गिरफ्तार

मुंबई। मोबाइल ऐप के जरिए सट्टेबाजी का अवैध कारोबार करने वाली और पांच हजार करोड़ रुपया हवाला के जरिये विदेश भेजने वाली महादेव ऐप कंपनी पर शनिवार को ईडी ने फिर छापा मारा और 130 करोड़ 57 लाख की संपत्ति जब्त कर लिए। इसमें कंपनी द्वारा निवेश की गई प्रतिभूतियां, बांड, डीमैट खाते में राशि आदि शामिल हैं। मालूम हो कि 7 दिसंबर को भी ईडी ने 388 करोड़ 99 लाख की संपत्ति जब्त की थी। ईडी अब तक कंपनी के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल की 2426 करोड़ 18 लाख रुपये की संपत्ति जब्त कर चुकी है। इसमें 19 करोड़ 36 लाख की नकदी, 16 करोड़ 68 लाख की कीमती वस्तुएं और 1729 करोड़ 17 लाख रुपये की 111 अचल संपत्तियां शामिल हैं। ईडी ने इस मामले में अब तक कुल 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही इस मामले में कुछ बॉलीवुड कलाकार भी शामिल हैं और उनके बयान भी ईडी पहले दर्ज कर चुकी है।

मणिपुर में बिहार के दो मजदूरों की गोली मारकर हत्या

इंफाल। कई महीनों से मणिपुर में हिंसा का दौर चल रहा है। बीते रोज फिर हिंसा हुई और दो अलग-अलग घटनाओं में तीन लोग मारे गए। इनमें से दो बिहार के मजदूर शामिल थे। वहीं, पुलिस ने एक उग्रवादी को भी मुठभेड़ में मार गिराया है। शनिवार को काकचिंग जिले में दो श्रमिकों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतकों की पहचान 18 साल के सुनेलाल कुमार और 17 साल के दशरथ कुमार के रूप में हुई। वे बिहार के गोपालगंज जिले के राजवाही गांव के रहने वाले थे। दोनों युवक काकचिंग में मैतेई बहुल इलाके में रह रहे थे। काकचिंग-वाबागई रोड पर पंचायत कार्यालय के पास शाम लगभग 5:20 बजे अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। मजदूरों पर हमले का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

टीबी के प्रति जागरुकता फैलाने राज्यसभा और लोकसभा के सांसद दोस्ताना क्रिकेट मैच खेलने मैदान पर उतरे

नई दिल्ली (एजेंसी)। ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) के प्रति जागरुकता फैलाने के लिये राज्यसभा और लोकसभा के सांसदों के बीच एक मैत्र क्रिकेट मैच खेला गया। दोनों सदनों के सांसदों के बीच यह मुकाबला नई दिल्ली के मेजर ध्यान चंद नेशनल स्टेडियम में खेला गया। इस मैच में राज्यसभा की कप्तानी किरन रिजिजू और लोकसभा की अनुराग ठाकुर ने की। ठाकुर ने इस अवसर पर कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने का एक लक्ष्य रखा है। वहीं दुनियाभर का लक्ष्य 2031 का है। वहीं अगर आप 2015 से लेकर अब तक देखें तो देश में जो टीबी से जुड़ी मौतों के मामले में 38 फीसदी की गिरावट आई है। नये मामलों में भी 18 प्रतिशत की गिरावट देखी गयी है। दुनियाभर में यह लगभग 8 प्रतिशत है। इसका मतलब भारत बाकि दुनिया से बेहतर स्थिति में हालांकि विश्व की सबसे बड़ी टीबी आबादी भी भारत में ही है। अब इसका इलाज भी है और सरकार मुफ्त में दवाई भी देती है। 1,000

रुपये पोषण के लिए भी देती है और जांच के साथ ही इलाज पर भी नजर रखी जाती है।

उन्होंने कहा ऐसी 75,000 से अधिक संस्थाएं और व्यक्ति हैं जिन्होंने 20 लाख से ज्यादा टीबी मरीजों को गोद लिया है। उनकी मदद करते हैं। हमारा प्रयास सांसदों के मैच करने के पीछे यह था कि आप ज्यादा से ज्यादा जागरूक हों और हम टीबी मुक्त भारत बनायें।

लोकसभा सांसद मनोज तिवारी ने इस अवसर पर कहा, इस मैच के जरिए हम एक संदेश देना चाहते हैं कि हम सांसद टीबी जैसी बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए मैदान पर भागेंगे, दौड़ेंगे और इस मैच को खेलेंगे। टीबी बहुत खतरनाक बीमारी है पर थोड़ी सी सजगता से उसको हराया जा सकता है। आज के मैच में कौन जीतेगा और कौन हारेगा, यह बाद की बात है। लेकिन टीबी हारेगा यह तय है।

केंद्रीय मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा, मुझे खुशी है कि हम लोग एक साथ आए हैं। टीबी को हराना हमारा लक्ष्य है और आज हम लोग यहां पर इकट्ठा हुए हैं। बहुत खुशी की बात है। बहुत अच्छी पहल की गई है। हम लोग साथ हैं और टीबी को हराएंगे। देश में टीबी के खिलाफ जो लड़ाई चल रही है उसको और थोड़ा बल देने के लिए आज हमने यह क्रिकेट मैच रखा है और बहुत ही अच्छी प्रतिक्रिया आई है।

उन्होंने आगे कहा कि कई दलों के राजनेता इसमें जुड़कर अपनी राजनीतिक सीमाओं से आगे बढ़कर आज यहां पर शामिल हुए हैं। हमने 2025 तक टीबी को हराने के लिए एक लक्ष्य रखा है, तो इसके तहत यह कार्यक्रम अभी आगे बढ़ रहा है। आज के मैच को जागरूकता प्रोग्राम की तरह रखा गया है। हमें जागरूकता को जमीनी स्तर पर ले जाने के लिए आगे भी ऐसे कार्यक्रम करने चाहिए।

इस्कॉन मंदिर के लोकार्पण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रहेंगे मौजूद, समारोह 9 से 15 जनवरी तक

नवी मुंबई। नए साल पर खारघर में इस्कॉन मंदिर ट्रस्ट द्वारा निर्मित मंदिर का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया है और यह कार्यक्रम 9 से 15 जनवरी तक यानि सात दिनों तक आयोजित किया जाएगा। बताया गया है कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी भी इस लोकार्पण समारोह में उपस्थित रहेंगे। इस बात की जानकारी आयोजकों ने शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में दी। इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस (इस्कॉन) एक वैश्विक संगठन है। भारत समेत दुनिया भर में 4000 से ज्यादा मंदिर हैं। इस्कॉन के अनुयायियों ने भगवद गीता और हिंदू धर्म, संस्कृति को पूरी दुनिया में फैलाया। वर्ष 2012 में, खारघर में सेंट्रल पार्क के बगल में 1 एकड़ भूमि पर एक इस्कॉन मंदिर की स्थापना की गई थी। मंदिर परिसर में दो छह मंजिली इमारतों का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। मंदिर के निर्माण पर 160 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। एक भवन में राधा मदन मोहन, राम, सीता और लक्ष्मण और हनुमान की भव्य और सुंदर मूर्तियाँ होंगी और एक मंजिल पर प्रभुपाद की मूर्ति होगी। यहां भक्तों और मंदिर के सदस्यों के लिए 100 कमरों का एक गेस्ट हाउस भी है। भगवान कृष्ण की सेवा के लिए प्रसाद हॉल, ब्रह्मचारी आश्रम, वानप्रस्थाश्रम, प्रभुपथ के अलावा महिलाओं के लिए अलग आश्रम स्थापित किए गए हैं।

अतुल सुभाष सुसाइड केस: पत्नी निकिता गुरुग्राम से अरेस्ट, मां और भाई प्रयागराज से गिरफ्तार

नई दिल्ली (एजेंसी)। अतुल सुभाष सुसाइड केस में अलग रह रही पत्नी निकिता सिंघानिया, उसकी मां निशा और भाई अनुराग को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। पत्नी निकिता को गुरुग्राम से अरेस्ट किया गया है, जबकि मां और भाई प्रयागराज से गिरफ्तार किए गए हैं। अतुल ने कुछ दिनों पहले ही निकिता और उनके परिवार पर उत्पीड़न और जबरन वसूली का आरोप लगाया था, जिसके बाद उन्होंने आत्महत्या कर ली थी। सभी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

इससे बेंगलुरु पुलिस ने निकिता सिंघानिया के जौनपुर में स्थित मकान पर नोटिस लगाया था। नोटिस में 3 दिन में बयान दर्ज करने के लिए कहा गया था। इलाहाबाद हाईकोर्ट में निकिता सिंघानिया, निशा सिंघानिया और अनुराग सिंघानिया की तरफ से अंतरिम जमानत के लिए अर्जी लगाई गई है। बता दें कि पत्नी और ससुराल वालों पर प्रताड़ित करने और न्याय व्यवस्था में खामी का आरोप लगाकर सुसाइड करने वाले एआई इंजीनियर अतुल सुभाष ने डेढ़ घंटे के वीडियो के साथ 23 पेज का सुसाइड नोट भी छोड़ा था। इसमें उन्होंने शादी की शुरुआत से लेकर पत्नी से विवाद के बाद खुद पर लगे एक-एक केस और सुसाइड की ओर ढकेलने वाले हर प्वाइंट को विस्तार से समझाया था। अतुल ने आत्महत्या से पहले खुद पर दहेज उत्पीड़न से लेकर हत्या समेत कई मामले दर्ज करने से लेकर सुसाइड के लिए उकसाने का आरोप अपनी पत्नी निकिता सिंघानिया, सास निशा, पत्नी के भाई अनुराग और पत्नी के चाचा सुशील पर लगाया है।

जम्मू-कश्मीर में लेफ्टिनेंट गवर्नर के साथ सत्ता शेयर करना विनाश की रेसिपी की तरह

सीएम उमर ने कहा-जल्द से जल्द जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल किया जाए

नई दिल्ली (एजेंसी)। सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में लेफ्टिनेंट गवर्नर के साथ सत्ता शेयर करना विनाश की रेसिपी की तरह है। उन्होंने कहा कि डबल पावर सेंटर सिस्टम कभी काम नहीं करेगा। उमर ने यह बात एक साक्षात्कार में कही।

सीएम उमर ने कहा कि मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि किसी भी जगह डबल पावर सेंटर होना आपदा का कारण बन सकता है। अगर कई पावर सेंटर हैं तो कोई भी संगठन ठीक से काम नहीं कर सकता है। यही कारण है कि हमारी खेल टीम में एक कप्तान होता है, दो नहीं। उमर ने केंद्र सरकार से अपना वादा निभाने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल किया जाए। केंद्र सरकार ने 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर के स्पेशल स्टेटस को खत्म कर दिया था। इस दौरान इसे दो केंद्र शासित

प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बांट दिया गया था। उमर अब्दुल्ला ने दिल्ली का उदाहरण देते हुए कहा कि यहां कि सरकार लेफ्टिनेंट गवर्नर के साथ पावर शेयर करती है। ये कड़वा और विवादास्पद अनुभव है। दिल्ली छोटा राज्य है, जबकि जम्मू और कश्मीर एक बड़ा और रणनीतिक एरिया है। उन्होंने कहा कि पिछले दो महीनों में जब से मैं सीएम बना हूँ मुझे अभी तक एक भी ऐसा उदाहरण नहीं मिला जहां जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश होने से कोई लाभ मिला हो। ऐसा एक भी उदाहरण नहीं है जहां शासन या विकास का काम जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश होने के कारण मिला हो।

सीएम उमर ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव केवल सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के कारण ही हो सके। हमारे लिए दुर्भाग्य की बात है कि जम्मू-कश्मीर राज्य का दर्जा के सवाल पर सुप्रीम कोर्ट ने जितना अस्पष्ट फैसला दिया। अब्दुल्ला ने स्वीकार किया कि जम्मू-कश्मीर के हाइब्रिड राज्य बने रहने की स्थिति में उनके पास एक बैकअप योजना है। उन्होंने कहा कि मेरे पास बैकअप योजना नहीं होगी तो यह मूर्खता होगी।

सीरिया से लौटे भारतीयों ने बताया खौंफनाक मंजर : चौतरफा धमाके और सड़कों पर दौड़ते टैंक

नई दिल्ली ।सीरिया से वापस लौटे भारतीयों ने दिल?ली हवाई अड्डे पर मीडिया से बातचीत के दौरान इन लोगों ने गोली और बम की आवाजों के बीच रहने के अपने खौफनाक मंजर को याद किया। चंडीगढ़ के रहने वाले इंजीनियर सुनील दत्त ने आपबीती बयां करते हुए कहा कि वहां सड़कों पर असामाजिक तत्व खुलेआम घूम रहे हैं और लोगों से खुल?लम-खुल?ला सामान लूटा जा रहा है। गोलीबारी और बमबारी की आवाजों ने वहां जीवन को और भी बदतर बना दिया है। विद्रोहियों ने कई अन्य प्रमुख शहरों और कस्बों पर कब्जा करने के बाद राजधानी दमिश्क पर अपना पूरा कंट्रोल बना लिया था। ग्रेटर नोएडा के रहने वाले सचित कपूर ने कहा, 'हम करीब सात महीने तक सीरिया में थे। 7 दिसंबर को स्थिति और खराब हो गई। हमें दमिश्क शहर में शिफ्ट कर दिया गया और फिर हमने चारों ओर आग और बमबारी देखी। यह एक दहशत का माहौल था। हम एक लग्जरी होटल में 11 लोगों की टीम में थे। स्थिति और खराब हो गई। लोग सड़कों पर बेकाबू हो रहे थे, कुछ लोग लूटपाट भी कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय दूतावास हमसे लगातार संपर्क में था और उनके कर्मियों ने सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हमें शांत रहने और दरवाजे न खोलने की सलाह दी। भारत ने सीरिया से अपने सभी नागरिकों को निकाल लिया है। ये वो लोग हैं जो बशर-अल-असद की सरकार को उखड़ने के बाद भारत लौटना चाहते थे। पिछले एक दशक से भी अधिक वक्त से विद्रोही तानाशाह असद की सरकार को गिराने के लिए हाथों में हथियार उठाए हुए थे।

46 साल पुराने मंदिर पर बोले अखिलेश- खोदने वाले देश का सौहार्द भी खोद देंगे

नई दिल्ली (एजेंसी)। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि संभल मामले में हमें ये देखना होगा कि किन परिस्थितियों में वो मंदिर कहां निकल रहा है। वो पहले किसका घर था। इसलिए मैंने कहा कि हमें खोदना नहीं है। क्योंकि खोदने वाले लोग देश का सौहार्द्र खोद देंगे। हमें नया भारत बनाना है। इसलिए हमें अभी खुदाई नहीं करनी है।

अखिलेश यादव ने कहा कि हमें खुदाई नहीं करनी है, बल्कि नए रास्ते बनाने होंगे। क्योंकि ये लोग पीडीए की ताकत से घबराए हुए हैं। जितना पीडीए एकजुट होगी, बीजेपी उतनी अधिक कमजोर होगी और इसके बाद वो बड़े पैमाने पर सांप्रदायिक पॉलिटिक्स करेगी। उन्होंने संभल में मंदिर मिलने के मामले पर ये स्पष्ट किया कि हमें वहां ये देखना होगा कि वहां पहले कौन रहते थे। आगे अखिलेश ने आगे बातची के दौरान फिर से संभल का पुराना मुद्दा उठाया। जब संभल जिले

में 24 नवंबर को स्थानीय कोर्ट के आदेश पर शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हिंसा भड़क उठी थी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी और करीब दो दर्जन लोग घायल हो गए थे। घायलों में पुलिसवाले भी शामिल थे। इस मामले में समाजवादी पार्टी के संभल से सांसद जिया उर रहमान बर्क और संभल के विधायक इकबाल महमूद के बेटे सोहेल इकबाल भी मामला दर्ज हुआ था।

इस पर अखिलेश ने कहा कि नवंबर में संभल में क्या हुआ था। क्या कोई सर्वे के बहाने कहीं इतना ज्यादा माहौल खराब किया जा सकता है। संभल में जो हुआ वो प्रशासन की नाकामी थी। जब कभी भी संभल मामले की जांच होगी तो अधिकारी दोषी पाए जाएंगे। वहां जो जानें गईं हैं वो अधिकारियों की वजह से गई है, सरकार की वजह से गई है। हमलोगों को सरकार ने संभल नहीं जाने दिया। हमलोग वहां जाकर सिर्फ लोगों का दुख-दर्द बाटेंगे। एक टीवी कार्यक्रम में जब उनसे पूछा गया कि यूपी में कई ऐसे जगह हैं, जहां खुदाई वाला मामला आगे बढ़ सकता है। ऐसे में आने वाले समय में ये मुद्दे अगर तेज रफ्तार पकड़ते हैं तो आप क्या करेंगे। इस पर अखिलेश यादव ने कहा कि हमारी गाड़ी ऑटोमोटिक गियर पर समाजिक न्याय के रास्ते पर चल देगी। हमारे समाजवादी लोग और तेजी से एक्सलेटर दबाएंगे। ये एक्सलेटर होगा पीडीए परिवार।

संविधान को लेकर दिए पीएम मोदी के भाषण को विपक्ष में बताया बोरिंग

-प्रियंका ने कहा-नड्डा जी हाथ मल रहे थे तो शाह जी सिर छू रहे थे

नई दिल्ली (एजेंसी)। पीएम नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में संविधान को लेकर अपने भाषण में कांग्रेस पर निशाना साधा था। वहीं कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी के भाषण को बोरिंग बताया। प्रियंका ने कहा कि पीएम ने कुछ भी नया या रचनात्मक नहीं कहा है। दशकों बाद मुझे अहसास हुआ कि मैं स्कूल के मैथ्स के डबल पीरियड में बैठी हूं।

प्रियंका ने कहा कि बीजेपी नेता जेपी नड्डा हाथ मल रहे थे, पीएम ने उनको देखा तो वे ऐसी एक्टिंग करने लगे कि वे सुन रहे हैं, अमित शाह अपना सिर छू रहे थे। पीछे बैठे पीयूष गोयल ऐसे लग रहे थे कि वे सोने वाले हैं। प्रियंका गांधी ने कहा कि मुझे लगा कि पीएम कुछ नया बोलेंगे, लेकिन उन्होंने खोखले वादों के बारे में बात की। अगर उनमें भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस है, तो उन्हें कम से कम अडानी पर बहस करनी चाहिए। सपा सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि पीएम मोदी का ये बहुत लंबा भाषण था। हमें 11 जुमलों की शपथ सुनने को मिली। वंशवाद की राजनीति की आलोचना करने वालों की पार्टी में वंशवाद की भरमार है। सच्चाई यह है कि एससी/एसटी, ओबीसी और दलितों का आरक्षण खत्म कर दिया गया है। जल्द ही एक दिन आएगा जब जाति जनगणना होगी और लोगों को उनकी आबादी के हिसाब से उनके अधिकार और सम्मान मिलने लगेंगे। वहीं कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि पीएम मोदी के भाषण में कोई दम नहीं था। ये कांग्रेस के खिलाफ सिर्फ आरोप-प्रत्यारोप था। कल और आज हमने उजागर किया कि उनकी एनडीए सरकार अब अडानी के लिए चल रही है। वे संविधान की बात करते हैं लेकिन इसका इस्तेमाल एक व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के लिए किया जा रहा है, एकाधिकार बना रहे हैं। जब हम संसद में संविधान पर चर्चा करते हैं, तो वे इसका कोई सम्मान नहीं करते। कांग्रेस सांसद मछू रवि ने कहा कि भाषण के दौरान पीएम मोदी सिर्फ गांधी परिवार को लेकर अड़े रहे। वे जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी की आलोचना करते रहते हैं। उनका ध्यान केवल गांधी परिवार पर है, जिसने इस देश को स्वतंत्रता और संविधान दिलाया। हम इससे परेशान हैं। वहीं कांग्रेस सांसद प्रणीति शिंदे ने कहा कि पीएम मोदी का भाषण सिर्फ आरोप-प्रत्यारोप का था।

ठंड ने यूपी में तोड़ा बीस साल का रिकॉर्ड, किसान की मौत, तापमान 3 डिग्री पहुंचा

बर्फबारी ने बढ़ी ठंड, जम्मू-कश्मीर के कई जिलों में पारा माइनस में

नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तर भारत के राज्यों में तेज ठंड का दौर जारी है। यूपी में 20 साल बाद दिसंबर के दूसरे सप्ताह में कोल्डवेव चल रही है। यहां तीसरे या चौथे हफ्ते तक शीतलहर चलती है। तेज ठंड के कारण शनिवार को चित्रकूट के एक किसान की मौत हो गई। यूपी में सबसे ज्यादा ठंड अयोध्या में पड़ रही है। यहां तापमान 3 डिग्री तक पहुंच गया है।

वहीं मध्य प्रदेश में सबसे कम तापमान शहडोल में 1.5 डिग्री दर्ज किया गया। राजधानी भोपाल में भी रात का पारा 4 डिग्री से नीचे पहुंच गया। मौसम विभाग ने कहा कि दिसंबर में 10 साल में दूसरी बार इतना कम पारा दर्ज किया गया है। राजस्थान में 11 शहरों में सीजन का सबसे कम तापमान दर्ज किया गया है। मध्यप्रदेश और राजस्थान के कुल 15 शहरों में शनिवार को तापमान 4 डिग्री से नीचे रिकॉर्ड किया गया है।

मौसम विभाग ने कहा है कि इन राज्यों में 2-3 दिन तक ठंड का दौर जारी रहेगा। रविवार को बिहार-हरियाणा समेत 14 राज्यों में कोल्डवेव का अलर्ट जारी किया गया है। पंजाब और मध्यप्रदेश में सीवियर कोल्डवेव की चेतावनी दी गई है। जम्मू-कश्मीर के कई जिलों में तापमान माइनस में चल रहा है। मौसम विभाग ने बताया कि बर्फबारी के कारण यहां न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। जोजिला में तापमान माइनस 22 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं, श्रीनगर में माइनस 3.4 डिग्री, पहलगाम में माइनस 4.0, गुलमर्ग में माइनस 3.8 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया।

मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार को तमिलनाडु, पुडुचेरी में 7 सेंटीमीटर से ज्यादा बारिश होगी। इन राज्यों में बिजली गिरने का भी अनुमान लगाया गया है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, राजस्थान और मध्य प्रदेश में घना कोहरा छाया रहेगा। पश्चिम बंगाल के तटों के आसपास 55 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी।

वहीं 17 दिसंबर को तमिलनाडु, पुडुचेरी में 12 सेंटीमीटर से ज्यादा बारिश होगी कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में 7 सेंटीमीटर से ज्यादा बारिश हो सकती है। हरियाणा और यूपी में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। इन राज्यों में विजिबिलिटी भी घट सकती है। राजस्थान में कोल्डवेव का अलर्ट है। यहां कई शहरों में तापमान पांच डिग्री के नीचे रहने की उम्मीद है।

18 दिसंबर की बात करें तो तमिलनाडु, पुडुचेरी, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश के अलावा केरल में बिजली गिरने के साथ बारिश के आसार हैं। राजस्थान के कुछ इलाकों में शीतलहर चलेगी। तापमान में बढ़ोतरी की उम्मीद नहीं है। नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में भी ठंड बढ़ सकती है। यहां तापमान में गिरावट आ सकती है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी**, **प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह***, **प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह**. 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**